माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष - 2, अंक -179 , पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 16

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 15

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकडिय़ां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4

विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

संभल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10 .25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10 .30 बजे शिलान्यास के बाद 10 .45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11 .40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1 .45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी

- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।

एक नजर

सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पत्र में लिखा कि सपा मुसलमानों का भरोसा खो रही है। मुसलमान पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहा है। राज्यसभा के चुनाव में भी किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को भी यह सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक सच्चे रहनुमा की तलाश में हैं। सपा में रहते हुए मैं मुसलमानों की हालत में बहुत परिवर्तन नहीं ला सकता।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम

भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।

दूसरे देश भी जानते हैं...आएगा तो मोदी ही

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कई देश हमारी सरकार से चर्चा के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर की तारीखें मांग रहे हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि दुनिया भर के विभिन्न देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे यह भी जानते हैं कि... आएगा तो मोदी ही। मोदी ने कहा कि अस्थिरता, वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का स्रोत होने का कांग्रेस का पुराना 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के पास विकास के एजेंडे और भविष्य के लिए रोडमैप का अभाव है। कांग्रेस इतनी हतोत्साहित हो गई है कि वह वैचारिक और बौद्धिक विरोध का साहस खो चुकी है।

टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

अमृत विचार : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम

इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।

12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।

लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

अनदेखी

पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24 .36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

> अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

निवेश का महाकुंभ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।

पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

जीबीसी-4.0 एक नजर में

10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार

500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ

निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू

आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी

10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी

राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई

कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास

बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

फिर बदलेगा मौसम, ओलावृष्टि की संभावना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- रविवार को सुबह से निकली चटक धूप से निकला पसीना
- दिन भर गर्म कपड़ों के बिना ही नजर आए ज्यादातर लोग

अमृत विचार: जिले में रविवार को तेज धूप हुई तो घर से जॉकेट, स्वेटर पहनकर निकले लोगों को परेशान होना पड़ा। जब गर्मी बर्दाश्त नहीं हुई तो उन्होंने कर्म कपड़े उतारकर रख लिया। हालांकि एक दिन बाद फिर मौसम में बदलाव होने का अनुमान है। इसके बाद दो दिन तक बारिश का मौसम बना रहेगा। साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है।

रविवार सुबह आसमान साफ होने के कारण सुबह से ही खिली धूप निकल आई। जबकि पिछले दिनों ठंड से परेशान हो चुके लोग सुबह जैकेट, स्वेटर व अन्य गर्म कपड़े पहनकर घर से निकले थे। दोपहर में जब धूप सहन नहीं हुई तो उन्होंने गर्म कपड़े निकाले तो राहत मिली। दोपहर में धूप ऐसी हो गई थी कि लोग ज्यादा देर तक धूप में नहीं रह पा रहे थे। वहीं धूप से जमीन की नमीं सूख गई और ज्यादा तेज हवा भी चली। इस कारण लोगों को धूल से भी आंखें बचानी पड़ी। हालांकि, दोपहर बाद धूप हल्की हुई तो लोगों को हल्की ठंड का फिर से अहसास हुआ।

रविवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। जोकि सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना जताई। वहीं 20 व 21 फरवरी को स्थानीय स्तर पर तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि संग बारिश हो सकती है।

इस वजह से बदलेगा मौसम

राज्य कृषि मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 19 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी होगा। इसके साथ ही निचले व मध्य क्षोभमंडल में अरब सागर से दक्षिणी पश्चिमी और बंगाल की खाड़ी से दक्षिणी पूर्वी हवाएं चलेंगी और दोनों ओर से आने वाली हवाओं का समागम होगा और नमी भी आएगी। इस कारण 20 से 21 फरवरी तक दो दिन तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिष का अनुमान है।

किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

मंगलपुर। युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी चौदह वर्षीय पुत्री डेयरी पर दूध डालकर पैदल घर आ रही थी। तभी रास्ते में तालाब के पास दत्तपुर गांव निवासी एक युवक ने उसकी पुत्री को अकेला देखकर बुरी नीयत से पकड़ लिया। जब पुत्री ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका मुंह दबा लिया और झाड़ियों की तरफ खींचने लगा। पुत्री ने हाथ में ली बाल्टी आरोपी को मार दी और किसी तरह बचा कर भागी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

शांति से निपटी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

अमृत विचार: रविवार को दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा जिलेभर के परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान डीएम एसपी समेत अन्य अधिकारी घूम-घूमकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

रविवार को पुलिस आरक्षी परीक्षा के लिए जिले के 13 परीक्षा केंद्रों को पांच सेक्टर में बांटा गया था। हर केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सुबह की पानी में 5712 व शाम की पाली में 5712 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी में हो, इसके लिए पुलिस व प्रशानित अफसर सतर्कता बरत रहे थे। रविवार को भी परीक्षा देकर आए अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी। उनका कहना था कि तार्किक प्रश्नों ने उन्हें भले ही उलझाया हो, लेकिन अन्य विषय के प्रश्नों का उत्तर देने में कोई दिक्कत नहीं हुई। भर्ती परीक्षा का जायजा लेने के लिए डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नए भारत की उड़ान को नए आइडिया जरूरी

ईको पार्क सभागार में उद्यम संवाद, मंडलायुक्त बोले- उद्योगों से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, सरकार करेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

युवाओं से संवाद करते मंडलायुक्त अमित गुप्ता।

संवाद कार्यक्रम में मौजूद डीएम आलोक सिंह, उद्यमी और युवा। अमृत विचार

अमृत विचार: माती ईको पार्क ऑडिटोरियम सभागार में प्रदेश में पूंजी निवेश व रोजगार सृजन के लिए युवाओं के साथ एक दिवसीय उद्यम संवाद आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश में 10 लाख करोड़ का निवेश होने जा रहा है, जिससे भारी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि खुद का बिजनेस करने से तरक्की की संभावनाएं होने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार मिलता है। छोटा हो या बड़ा प्रत्येक कार्य को लगनशील होकर करना चाहिए। अधिकांश लोगों को अपनी क्षमताओं का पता नहीं रहता है। उनको पहचानें और उस कार्य को मन लगाकर करें और नए-नए आइडिया को बढ़ावा दें। तभी हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

- पूंजी निवेश और रोजगार सृजन के लिए युवाओं के साथ मंडलायुक्त का सीधा संवाद

उन्होंने कहा कि काम को आसान करने को ही स्टार्टअप कहते हैं। प्रैक्टिकल नॉलेज से कठिन कार्य को भी आसानी से कर सकते हैं, जो प्रैक्टिकल नॉलेज कभी-कभी पढ़े-लिखे लोगों के पास नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि नए भारत की उड़ान के लिए नए-नए आइडिया के साथ उद्योग में बदलाव करना होगा, जिससे अच्छा रोजगार चले और आय में वृद्धि हो सके। आज जो उद्यमी बड़े उद्योग चला रहे हैं, उन्होंने भी छोटे उद्योग से शुरुआत की थी और लगन के साथ मेहनत कर छोटे उद्योग को बड़े रूप में बदला है। मंडलायुक्त ने कहा कि जो लोग रोजगार शुरू करना चाहते हैं, उद्योग विभाग से संपर्क कर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। छोटा या बड़ा उद्योग शुरू कर सकते हैं, संसाधन सरकार देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उद्यमिता को आसान करने के लिए विभिन्न पालिसी बनाई गई हैं और सभी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान निदेशक आरसेटी ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में एमएसएमई विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। आईआईटी कानपुर के जतिन मिश्रा ने स्टार्टअप नीति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीएम आलोक सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, एडीएम न्यायिक अमित गुप्ता, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उद्यमी रहे।

फायर करने में एक गिरफ्तार

शिवली। किसी काम से कार से जा रहे एक युवक पर शिवली कोतवाली क्षेत्र के पांडव नदी के पास बाइक आगे लगा कर आठ दस लोगो ने घेर लिया था और जान से मारने के नियत से फायर कर दिया था। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कानपुर नगर के कल्यानपुर निवासी सुखवीर चौहान गुरुवार को किसी काम सें चौबेपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर टुसवा गांव गए थे। वहां से वापस आते समय कोतवाली क्षेत्र के बाघपुर पांडव नदी के पास पहले से घात लगाए बैठे दिलावर गांव के श्रीराम, अजय यादव, सौरभ यादव ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर फायर कर दिया था। उसी मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को चौकी प्रभारी काली चरण ने श्रीराम को ककरदही मोड़ के पास से एक तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

सार-संक्षेप

प्रोजेक्ट नई किरण में आपसी समझौता करातीं महिला पुलिस कर्मी व सदस्य।

गिले-शिकवे भूलकर साथ रहने को राजी चार जोड़े

कानपुर देहात। माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 28 मामले आए, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों के समझाने के बाद चार परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया, जिस पर सभी परिवारों के पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। मौके पर महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, हेड कांस्टेबल प्रीती यादव, कांस्टेबल इंदू, जानकी देवी, रागिनी नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा व रामप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

गृह कलह में महिला ने खाया जहर, भर्ती

रसूलाबाद। चौबेपुर गांव में गृह कलह के कारण महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। असालतगंज के मजरा चौबेपुर गांव निवासी आशीष की पत्नी रूबी (28) ने गृह कलह के कारण रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने उसका उपचार किया।

हृदय गति रुकने से युवक की मौत

रसूलाबाद। युवक के सीने में अचानक दर्द होने से हालत बिगड़ गई। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रहीम नगर निवासी मनोज (36) पुत्र पुत्तू लाल को रविवार को अचानक सीने में दर्द हुआ। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने परीक्षण के बाद मनोज को मृत घोषित कर दिया। ईएमओ ने बताया की हृदय गति रुकने से युवक की मौत हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसपर मेमो भेजकर कर पुलिस को सूचना दी गई है।

राजपुर पीएचसी में स्वास्थ्य मेला आज

राजपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में शासन की मंशानुरूप आयुष्मान भारत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन आज किया जाएगा। जिसमें सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओं के विभिन्न स्टाल भी लगाए जाएंगे और विशेषज्ञ निशुल्क जांच व सलाह देंगे। राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप ने बताया कि सोमवार को पीएचसी परिसर में सुबह दस बजे से एक दिवसीय आयुष्मान भारत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शासन की योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्टाल जैसे आयुष्मान गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाडली योजना, फाइलेरिया किट वितरण, टीवी मुक्त भारत आदि के स्टॉल लगाकर आम जनमानस को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क ओपीडी, कैंसर की जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप की जांच व परामर्श विशेषज्ञों की टीम देगी। आयुष्मान मेले में स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक व जिले के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

फेसबुक आईडी हैक कर पोस्ट की आपत्तिजनक तस्वीर

रूरा। थाना क्षेत्र के बनीपारा विद्युत सब स्टेशन में तैनात संविदा लाईनमैन शीलू यादव की अज्ञात व्यक्ति ने फेसबुक आईडी हैक कर अश्लील वीडियो व तस्वीरें पोस्ट कर दी। पीड़ित ने बताया कि वह फेसबुक आईडी को पांच वर्षों से प्रयोग में नहीं ला रहा है, लेकिन जब उससे जुड़े लोगों ने बताया तो शिकायत थाना पुलिस से की है। थानाध्यक्ष अजय पाठक ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच के लिए साइबर सेल में भेजा गया है।

हादसे में दंपति व ढाई माह का बच्चा घायल

शिवली। लोडर व ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व मासूम जख्मी हो गए। महिला व बच्चे का सीएचसी में इलाज किया जा रहा है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के करोम गांव निवासी अनुराग अपनी पत्नी माधुरी के साथ बाइक से कानपुर जा रहे थे। माधुरी का ढाई माह का बच्चा भी गोद में था। तभी शिवली-कल्यानपुर रोड पर सीएचसी मोड़ पर पीछे से आ रहे लोडर व ट्रैक्टर से बाइक से टक्कर लग गई। जिससे बाइक से गिरकर महिला व बच्चा घायल हो गया। उन्हें सीएचसी में भेजा गया। दोनों का सीएचसी में डाक्टर सनी ने इलाज किया। ट्रैक्टर को पुलिस ने कोतवाली में खड़ा करा लिया। दरोगा मोहम्मद हासिक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

श्रीराम-लक्ष्मण की आरती करते प्रधान अनिल कुमार। अमृत विचार

लक्ष्मण-परशुराम संवाद में पूरे समय गूंजते रहे जयकारे

रसूलाबाद: थान हमीरपुर के मजरा सुक्खा निवादा गांव में शिव मंदिर परिसर में शनिवार की रात रामलीला धनुष भंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने फीता काटने के बाद श्रीराम-लक्ष्मण की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सुप्रसिद्ध और विद्वान अभिनेताओं ने रामलीला का सुंदर मंचन हुआ। श्रीराम-लक्ष्मण की सुंदर और मनमोहक झांकी प्रस्तुति के बाद कलाकारों ने रावण-बाणासुर संवाद व परशुराम-लक्ष्मण संवाद का सुंदर मंचन किया। भगवान भार्गव परशुराम व लक्ष्मण जी का संवाद देखकर श्रद्धालुओं की नजर टिकी रह गई। वहीं परशुरामजी के तीखे प्रहारों से लक्ष्मण जी बचते नजर आए और आतुर होकर परशुरामजी का क्रोध देखकर श्रीराम हाथ जोड़कर विनम्र पूर्वक विनय व स्तुति करने लगे। बाद में श्रीराम ने भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर खुद के भगवान विष्णु स्वरूप होने का परिचय दिया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक छोटे राठौर, मोंटी दीक्षित, राजेश पाल, अनिल मिश्र, पिंकू तिवारी, बउआ ठाकुर, विनोद पाल मौजूद रहे।

ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज होंगे विकास कार्य

कानपुर देहात। ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य व गतिविधियों के लिए पंचायती राज विभाग ने पोर्टल तैयार किया है। ग्राम पंचायतों में जो विकास कार्य किसी भी विभाग से कराए जाएंगे। वह इस पर दर्ज होंगे। सभी विकास कार्यों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज कराने के आदेश जारी किए हैं।

इस पोर्टल पर कार्य दर्ज होने के बाद जो नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उसमें ऐसे विकास कार्य किए जाएंगे, जो अभी तक नहीं हुए हैं। कई विभागों से सड़क तो डाल दी जाती है, लेकिन बजट के अभाव में कुछ हिस्सा छूट जाता है। ऐसे अधूरे कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। इस पोर्टल से ग्राम पंचायतों में होने वाली डुप्लीकेसी पर भी लगाम लगेगी। साथ ही कोई भी विकास कार्य की धनराशि दो बार नहीं निकाली जा सकेगी। इस बावत जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में जो भी विकास कार्य हुए हैं। वे सभी पोर्टल पर दर्ज होंगे। इससे ग्राम पंचायतों में छूटे व अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

तालाब में बच्चे की तलाश की गई

संवाददाता, शिवली

तालाब में मासूम की खोजबीन करते लोग। अमृत विचार

तालाब में मासूम के डूबने की आशंका पर लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार: नहरीबरी जोगी डेरा गांव में शनिवार की देर शाम खेलते समय अचानक बच्चा लापता हो गया। परिजनों ने उसके पास के ही तालाब में डूबने की आशंका जाहिर कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंपिंग सेट लगाकर पानी बाहर करा कर बच्चे की तलाश शुरू की है, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मासूम का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के नहरीबरी जोगी डेरा निवासी झपटा नाथ का ढाई वर्षीय पुत्र अमित शनिवार की शाम को पड़ोस के बच्चों के साथ घर में बगल में बने तालाब किनारे खेल रहा था। शाम को वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने बच्चे के तालाब में गिरने की आंशका जताकर थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में तलाश काराई, लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। वहीं तालाब का पानी पंपिग सेट से बाहर निकलवाया जा रहा है।

देर शाम तक बच्चे को कोई पता नहीं चल सका। पुत्र के गायब होने की सूचना पर मां निशा, भाई विपिंन, गोकुल आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शनिवार रात से तालाब का पानी निकलवाया जा रहा है। रविवार की सुबह गोताखोर बुलाकर तलाश कराई गई, लेकिन अभी तक मासूम का कोई पता नहीं चल सका है।

आखिर कहां गया मासूम: नहरी बारी गांव में मासूम के तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस ने गोताखोर व पानी निकलवाकर तलाश शुरू की है, लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चल सका है। रविवार की शाम तक तालाब का करीब आठ प्रतिशत पानी निकलवाया जा चुका था।

मनमानी | कस्बे में कई जगह चल रहे स्टैंड, शिकायत के बावजूद जिम्मेदार नहीं करते कार्रवाई

रूरा में जाम की वजह बने अवैध टेंपो स्टैंड

संवाददाता, रूरा

रूरा में अवैध रूप से संचालित टेंपो स्टैंड। अमृत विचार

अमृत विचार: कस्बे के डेरापुर व अकबरपुर मार्ग के दोनों ओर अवैध रूप से संचालित ऑटो स्टैंड से लगने वाले जाम के चलते लोगों को आवागमन करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

रूरा नगर पंचायत में वर्षों से डेरापुर व अकबरपुर मार्ग के समीप सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से ऑटो स्टैंड संचालित है। जिससे आम लोगों को आवागमन करने में भीषण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अवैध रूप से स्टैंड बनाकर ऑटो चालकों से मोटी रकम की उगाही की जाती है। वहीं यात्रियों को सुबह से देर शाम तक ऑटो पर चढ़ाया और उतारा जाता है।

कई बार लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन रौब दिखाते हुए संचालक हाथापाई पर उतर जाते हैं। लोगों ने कहा कि थाना पुलिस को भी इस समस्या से कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की हुई। जिससे दबंग मनमानी पर आमदा होकर अवैध ऑटो स्टैंड संचालित कर रहे हैं।

सड़क-चौराहों पर अतिक्रमण दुकानदार भी खासे परेशान

रूरा कस्बे में डेरापुर रोड, अकबरपुर रोड व ओवरब्रीज के नीचे ऑटो चालकों ने अवैध कब्जा जमा रखा है। यहां अवैध रूप से दर्जनों ऑटो खड़े होते हैं। जबकि यहीं से बस, भारी वाहनों व सरकारी अस्पताल मरीजों को आने जाने के लिए एंबुलेंस की आवाजाही होती है। ऐसे में मार्ग पर यातायात का अधिक दबाव रहता है। इसके बाद भी यहां से ऑटो चालकों को नहीं हटाया जा रहा है। वहीं चालकों की मनमानी इस तरह से बढ़ गई है कि ये मार्केट में किसी भी दुकान के सामने आटो खड़ा कर देते हैं। मना करने पर विवाद करने पर उतर आते है। जिसके चलते दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित होता है।

गेहूं खरीद के लिए किसानों से संपर्क कर रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले में 15 मार्च से पांच एजेंसियों के 53 क्रय केंद्रों पर शुरू होगी गेहूं खरीद

अमृत विचार: जिले में पिछले साल सरकारी क्रय केंद्रों से किसानों के दूरी बनाने से खरीद न हो पाने के कारण अभी से अफसरों ने कवायद शुरू कर दी है। इस साल 15 मार्च से पांच एजेंसियों के 53 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। अधिकारी व कर्मी किसानों से संपर्क कर गेहूं को खरीद केंद्रों पर ही बेंचने व ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील कर रहे हैं।

जनपद में पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से छह एजेंसियों को गेहूं खरीद की जिम्मेदारी दी गई थी। इस एजेंसियों के 57 क्रय केंद्रों पर खरीद की गई थी। इस बार शासन ने 15 मार्च से 15 जून तक गेहूं खरीद करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही गत वर्ष के समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री करने के लिए किसानों को प्रेरित करने करने की कवायद तेजी से शुरू हो गई है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक 16 हजार किसानों को कृषि विभाग से गेहूं बिकी का मैसेज भेजा गया है। मंडियों में किसानों को जानकारी देकर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के साथ 1031 किसानों का पंजीकरण कराया जा सका है।

महिलाओं को जानकारी देते सुनील शर्मा व केशव त्रिपाठी। अमृत विचार

शक्ति वंदन योजना की जानकारी देकर दिया आमंत्रण

रनियां। सरकार की चलाई जा रही शक्ति वंदन योजना के तहत मंडल अध्यक्ष ने आयोजित बैठक में समूह की बहनों की सराहना करते हुए मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम का आमंत्रण दिया। रविवार को रनियां नगर पंचायत के आर्यनगर प्रथम, फतेहपुर रोशनाई में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने सरकार की शक्ति वंदन योजना पर समूह की बहनों के साथ चर्चा करते हुए योजना की जानकारी दी। कहा कि वह सभी सोशल मीडिया के जरिये ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के प्रति आकर्षित करें। उन्होंने मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में आने का सभी बहनों को आमंत्रण दिया। इस दौरान समूह के मुख्य कार्यकर्ता केशव त्रिपाठी, शक्ति केंद्र संयोजक फतेहपुर रोशनाई धर्मेश अग्निहोत्री साहित समूह की बहनें मौजूद रहीं।

अब पूरे शहर में कॉम्पैक्टर में कैद होगा कूड़ा

सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को बनाए जा रहे 72 ट्रांसफर स्टेशन लगभग तैयार, कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए कूड़ा स्मार्ट तरीके से कर रहे एकत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर की तस्वीर बदल रही है। कभी मुख्य सड़कों पर पड़ा कूड़ा अब पूरी तरह कॉम्पैक्टर में कैद होगा। नगर निगम ने 258 कूड़े अड्डे को पूरी तरह से खत्म कर सेल्फी प्वाइंट बना दिया है जल्द ही 120 और कूड़ा घरों को जल्द ही खत्म कर उसे सेल्फी प्वाइंट में तब्दील कर दिया जाएगा। वहां खुले में नहीं बल्कि कॉम्पैक्टर में कूड़ा कैद होगा। जहां सेल्फी प्वाइंट बन चुके हैं वहां अब रंगोली, पौधरोपण, पेंटिंग व बैठने के लिये कुर्सियां लगा दी गई हैं। शेष स्थलों पर यही सुविधाएं हो जाएंगी। अब ट्रांसफर स्टेशन के जरिये स्मार्ट तरह से कूड़ा को एकत्र किया जा रहा है। इसी के चलते नगर निगम को प्रदेश में अब कूड़ा हटाकर स्मार्ट तरीके से कूड़ा संग्रहण करने पर दूसरा स्थान मिला है।

शहर में कुल बन रहे 72 ट्रांसफर स्टेशनों को नौ जोन में बांटा गया है। नगर निगम इसके लिये तीन नये जोन की स्थापना भी करने का जा रहा है। इस प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू होगी। पूरे शहर में बन रहे 50 फीसदी ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार भी हो चुके हैं, अभी 30 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा। अभी चुन्नीगंज, सुतरखाना, कृष्णानगर, बर्रा, किदवई नगर व पनकी में ही 9.04 करोड़ रुपये से नगर निगम ने कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाए हैं।

गाजियाबाद की प्रभु दयाल कंपनी ने ट्रांसफर स्टेशन बनाए हैं। जहां स्मार्ट तरह से कूड़े का संग्रहण और परिवहन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा तैयार स्मार्ट कूड़ा घर। अमृत विचार

> शहर को कूड़ा फ्री करने के लिये ट्रांसफर स्टेशन बनाये जा रहे हैं। यह सही से संचालित हों इसके लिये जोनल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। हमने 258 कूड़े अड्डे को हटाए हैं। जिसे प्रदेश में सराहा भी जा रहा है।
>
> **– अमित सिंह गौर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

- 258 कूड़ाघरों को पूरी तरह से किया गया समाप्त, प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

ट्रांसफर स्टेशन

जोन 1 में	7
जोन 2 में	2
जोन 3 में	6
जोन 4 में	5
जोन 5 में	6
जोन 6 में	4

18 पीसी कॉम्पैक्टर बनाए जा रहे

एनजीटी रूल्स-2016 के पालन कराने के लिए नगर निगम सीमा में 18 पीसी कॉम्पैक्टर भी बनाए जाने हैं। ताकि, कूड़े का उठान स्मार्ट तरीके से तेजी से हो सके। अभी भैरवघाट स्थित कूड़े अड्डे पर स्थापित पीसी कॉम्पैक्टर को कूड़ा संग्रहण कार्य के लिए शुरू कराया गया है। यह एक बार में लगभग 16 एमटी कूड़ा एकत्र कर सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट भौती भेज रहा है। ऐसे ही 18 पीसी कॉम्पैक्टर स्थापित होंगे।

यहां बनना है पीसी कॉम्पैक्टर

जोन -1 में एलआईसी फूलबाग, हरबंश मोहाल, डिप्टी पड़ाव, जोन -2 बक्कल मैदान, जोन - 3 एटूजेड मैदान किदवईनगर, राजीव पार्क बारादेवी, जोन -4 ग्रीन पार्क के पीछे, काली धटिया, द्वारिकापुरी, टेनरी संगीत टाकिज के पास, बृजेन्द्र स्वरूप पार्क, थाना बजरिया के सामने, जोन - 5 स्लाटर हाउस फजलगंज, पीली कालोनी गोविन्दनगर, पनकी मन्दिर के पास, राम गोपाल चौराहा बर्रा, जोन संख्या - 6 में विष्णुपुरी अड्डा (नबावगंज), धामीखेड़ा अड्डा (मसवानपुर) में कॉम्पैक्टर प्रस्तावित है।

क्या है ट्रांसफर स्टेशन

ट्रांसफर स्टेशन में कॉम्पैक्टर गाड़ियों के जरिए घरों से निकला सूखा और गीला कचरा यहां अलग-अलग इकट्ठा किया जा रहा है। गाड़ियों से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंच रहा है। स्टेशन पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट कर फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर भौंती डंपिंग पहुंचाया जा रहा है। इससे खुले में कूड़ा दिखना बंद हो गया है।

मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को मिले तीन करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएसवीएम कॉलेज का कुछ साल से अटका था यह रुपया
- कचरा एकत्र मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई करना हुआ आसान

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में कुछ सालों से अटका मेडिकल वेस्ट का पैसा फरवरी माह में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को मिला। शासन से कॉलेज प्रशासन को मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए तीन करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। अब हैलट अस्पताल में मेडिकल कचरा एकत्र मिलने पर संबंधित कर्मचारी व अधिकारी पर कार्रवाई करना भी आसना होगा।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन दो से तीन हजार मरीज इलाज कराने को पहुंचते है। आर्थो व सर्जरी विभाग में इलाज के बाद मेडिकल कचरा दोपहर दो बजे तक पड़ा रहता है और ओपीडी बंद होने के बाद ही सफाई की जाती है। लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा।

मेडिकल कचरे के लिए डस्टबीन आदि ओपीडी में लगाए जाएंगे, जो डस्टबीन पुराने व टूटे रखे हैं, उनमें बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा हैलट इमरजेंसी में भी कई बार इलाज के दौरान मेडिकल कचरा ऐसे भी फेंक दिया जाता है, जिस वजह से इमरजेंसी में दुर्गंध बनी रहती है और संक्रमण फैलने का खतरा भी अधिक रहता है। वहीं, हैलट का मेडिकल कचरा कभी-कभी वार्डों के किनारे या परिसर के कोने में ही फेंक दिया जाता है, जो मेडिकल नियम के विरुद्ध है। क्योंकि मेडिकल कचरे को खुले में नहीं फेंका जा सकता है और उसका विधि पूर्वक निस्तारण किया जाता है। ऐसे में कचरा निस्तारण के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन मेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए शासन से कुछ वर्षों से बजट की मांग कर रहा था, जिस पर इस साल फरवरी माह में मोहर लगा दी गई है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि मेडिकल वेस्ट के लिए शासन से तीन करोड रुपये मिले है, यह पैसा काफी समय से पेंडिंग था। यह पैसा मेडिकल कचरे के निस्तारण में इस्तेमाल किया जाएगा।

रास्ते में ही हुआ प्रसव चारपाई बनी एंबुलेंस

संवाददाता, घाटमपुर

- रिश्तेदारी से अपने गांव लौट रही थी गर्भवती
- महिलाओं ने दोती का पर्दा बना कराया प्रसव

अमृत विचार: रिश्तेदारी से अपने गांव जाने के लिए पति के साथ निकली गर्भवती महिला को रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने लगी। आसपास मौजूद महिलाओं ने उसकी हालत देखी तो फौरन मौके पर पहुंचीं और धोती-शाल का पर्दा बनाकर प्रसव कराया। इसके बाद चारपाई पर लिटाकर उसे रिश्तेदार के घर पहुंचाया।

घाटमपुर क्षेत्र के बेंदा गांव का रहने वाला करन संखवार अपनी पत्नी बबली देवी के साथ शनिवार को दहेली गांव निवाली अपने साढ़ू कैलाश संखवार के घर आया था। बबली गर्भवती थी। अपनी बहन के घर रात भर रुकने के बाद बबली रविवार को अपने पति के साथ अपने गांव बेंदा लौट रही थी। दहेली गांव घाटमपुर-मूसानगर रोड से करीब 800 मीटर दूर है। दोनों लोग गांव से पैदल ही निकले थे और मूसानगर रोड पर पहुंचकर सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे।

बताया जाता है कि गांव से पैदल चलकर मेन रोड के दहेली चौराहे पहुंचने के बाद बबली को प्रसव पीड़ा होने लगी। उस समय वहां कोई महिला भी नहीं थी। परेशान पति करन ने चौराहे पर स्थित शराब ठेका के मालिक से मदद मांगी। शराब ठेकेदार ने उसकी हालत देखते हुए रास्ते से गुजर रही कुछ महिलाओं को रोका। पास के ही दिल्ली गांव से कुछ महिलाएं और कुछ राहगीर महिलाओं ने मदद को हाथ बढ़ाया। बुजुर्ग महिलाओं ने अपनी धोती और शाल का पर्दा बनाकर प्रसव कराया। बुजुर्ग महिलाओं ने प्रसव कराया। प्रसव के दौरान उसे बेटी पैदा हुई, जो पूरी तरह स्वस्थ है।

इस बीच प्रसव की खबर रिश्तेदारी में पहुंची तो बहन के साथ पड़ोस की कुछ महिलाएं भी वहां पहुंच गईं। एंबुलेंस का इंतजाम नहीं होने पर घर ले जाने की समस्या थी। बहनोई कैलाश संखवार ने दिल्ली गांव से एक चारपाई मंगवाई।

इंसानियत देख पति के छलक पड़े आंसू

खुली सड़क पर पत्नी को प्रसव पीड़ा होने से पति करन संखवार खासा परेशान था। उसे कुछ सूझ नहीं रहा था कि क्या करे, लेकिन अजनबी महिलाओं की इंसानियत देखकर उसकी आंखों में आंसू छलक आए। सुरक्षित प्रसव के बाद वह उन महिलाओं को शुक्रिया कहता रहा, जिन्हें वह जानता तक नहीं था। उसका कहना है कि अगर बुजुर्ग महिलाओं ने मदद नहीं की होती तो जच्चा-बच्चा की जान बचानी मुश्किल हो जाती।

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए रविवार को कानपुर शहर में आए अभ्यर्थियों की भारी भीड़ सेंट्रल स्टेशन पर पहुंची तो अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थिति यह रही कि जैसे ही कोई ट्रेन आती उसमें चढ़ने के लिए अभ्यर्थी धक्का-मुक्की करने लगते। ऐसे में यात्रियों को उतरने में दिक्कत तो हुई ही, कई यात्री ऐसे भी थे जो इस भीड़ में उतरने और ट्रेन में चढ़ने के चक्कर में फंस गए। अमृत विचार

आज से दो केंद्रों पर सीबीएसई की परीक्षा

कानपुर देहात: सीबीएसई बोर्ड की इंटर की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। माती स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय व मांवर स्थित जैन वर्ल्ड स्कूल को केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रो पर 8 विद्यालयों के कुल 493 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा होगी। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक परीक्षा चलेगी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रचार्य एएच अंसारी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय नागिनजसी, जैन वर्ल्ड स्कूल मांवर, एसबीएसके स्कूल झींझक और कृष्णा पब्लिक स्कूल सिकंदरा के कुल 203 परीक्षार्थी इंटर की परीक्षा में होंगे। जैन वर्ल्ड स्कूल मांवर में अकबरपुर के लिटिल लाइट, माउंटेन ब्यू, झींझक के धुन्नू सिंह पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों का केंद्र बना है। प्रधानाचार्य साथना पांडेय ने बताया कि इंटर में कुल 329 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे शिवकुमार बेरिया

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने की सूचना पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और उनसे संवाद किया। उन्होंने आए हुए कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और बताया कि जिम्मेदारों को निर्देश देकर उनकी समस्याओं का निवारण कराएंगे।

रविवार को रसूलाबाद कस्बे में आलोक बाजपेयी के प्रतिष्ठान पर पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया पहुंचे। उनके आने की खबर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मिलने वहां पहुंच गए और जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके पहले भेवान, अंगदपुर, कहिंजरी, झींझक, असालतगंज में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह चौपाल लगाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं की परेशानियों को भी जाना।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोगों से उनका हमेशा आत्मीय लगाव रहा है। कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र में भरपूर विकास कार्य कराए। जिसके प्रयासों से क्षेत्र में आज सड़कें चमचमा रहीं हैं। छह पुल बन जाने से सैकड़ों गांव में आवागमन आसान हुआ। इसके अतिरिक्त राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फायर स्टेशन से भी क्षेत्र लोगों को काफी सहूलियत मिली। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में उनका भ्रमण जारी रहेगा। आगामी 23 फरवरी को भी क्षेत्र में आकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं का निदान करेंगे।

इस मौके पर राजू भदौरिया, सभासद सुहैल अहमद, हाशिम खान, बीरू कुशवाहा, अतीक पठान, कुलदीप दुबे, भूरा बेरिया, मुमताज अहमद, कुलदीप प्रेमी, रमेश दिवाकर, जिलेदार संखवार, मुमताज अहमद, छुन्नू दिवाकर, रामनरेश पाल, नसीम अहमद, पूर्व प्रधान राकेश यादव, प्रकाश यादव, शिव सिंह यादव, सुनील बीडीसी, ललित कोरी, आशीष यादव, दीपू यादव, सौरभ पठान आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया। अमृत विचार

लोगों में अच्छी पकड़ रखते बेरिया

पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया रसूलाबाद क्षेत्र के लोगों में अच्छी पकड़ रखते हैं। विधायक व मंत्री रहते हुए उन्होंने रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य कराया। साथ ही लोगों का जुड़ाव भी उनसे अच्छा रहा। इसीलिए उन्हें जमीनी नेता भी कहा गया है। जिसके चलते आज भी लोग उनसे जुड़े हुए हैं।

छह माह पहले कराया था सम्मेलन

छह माह पहले पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने शहबाजपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. कुलदीप सिंह यादव के आवास पर एक सद्भावना सम्मेलन कराया था। जहां विभिन्न जातियों व समुदायों के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

युवती से छेड़छाड़ में केस दर्ज

शिवली। सामान लेकर घर वापस लौट रही युवती से युवक ने छेड़छाड़ की। कोतवाली शिवली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी लड़की गांव में ही सामान लेने गई थी। वह सामान लेकर वापस घर आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के जासीन ने हाथ पकड़कर छीना झपटी की। चिल्लाने पर उसे पीटा भी। इंस्पेक्टर देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होगी।

परिषदीय स्कूलों के शिक्षामित्र व अनुदेशकों को भी मिलेंगे टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक न होने की स्थिति के बावत निर्देश जारी

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की पढ़ाई लिखाई हाईटेक होने लगी है। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों की सहूलियत के लिए इन अध्यापकों को टैबलेट का इंतजाम कर दिया गया है। इससे वह स्कूली व विभागीय सभी जरूरी कार्य ऑनलाइन प्रक्रिया से कर सकेंगे।

इस बावत स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं कि जिन स्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक नहीं है या एकल शिक्षक विद्यालय हैं। उन स्कूलों में टैबलेट शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को सीनियरिटी के हिसाब से दिया जाएगा कुल मिलाकर प्रत्येक विद्यालय में दो टैबलेट दिए जाएंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि भविष्य में यदि उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक की तैनाती हो जाती है तो शिक्षामित्र या अनुदेशक को वितरित किया गया टैबलेट संबंधित प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक को हस्तगत कराया जाएगा। कुछ परिषदीय विद्यालयों को दो-दो व कुछ विद्यालय को एक-एक टैबलेट दिया जा चुका है। एक टैबलेट प्रधानाध्यापक व दूसरा एक सहायक शिक्षक को दिया गया है।

> बेसिक शिक्षा व्यवस्था को हाईटेक करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। शिक्षकों के लिए टैबलेट की व्यवस्था की जा रही है। अधिकांश शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध भी करा दिए गए हैं। इससे वह विद्यालय संबंधी और विभागीय जरूरी कार्य ऑनलाइन करेंगे। इससे कार्यों में पारदर्शिता, सुगमता रहेगी।
>
> **–रिद्धी पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

जल्द ही स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे परिषदीय बच्चे

जल्द ही सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चलेगा। अध्यापक किताब के अलावा डिजिटल कक्षा के माध्यम से बच्चों को पढ़ाएंगे और चित्र व वीडियो के माध्यम से समझाएंगे। इससे बच्चों को विज्ञान, पर्यावरण, भूगोल, गणित, अंग्रेजी समेत अनेक विषयों को समझने में आसानी होगी। इसके पहले सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों का कायाकल्प कराकर सुविधाओं और संसाधनों से लैस किया जा रहा है। जनपद के अधिकांश विद्यालयों में जीर्णोद्धार, रंगाई पुताई, चहारदीवारी का निर्माण, टायल्स समेत अनेक कार्य पूरे हो चुके हैं। स्मार्ट क्लास का फायदा जिले के डेढ़ लाख से अधिक बच्चों को मिलेगा। इसमें सामूहिक सहभागिता से प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीबी आदि का इंतजाम किया जाएगा। बिजली की व्यवस्था भी दुयस्त कराई जाएगी। प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी व अन्य उपकरणों को सुरक्षित कक्ष में रखा जाएगा। कक्षों में डबल लॉक भी लगाया जाएगा। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी गांव में रहने वाले प्रधान, रसोइया, शिक्षामित्र की होगी।

सांसद खेल स्पर्धा आज से होगी

कानपुर। खेलो इंडिया अभियान के अन्तर्गत सांसद सत्यदेव पचौरी सोमवार को खेल स्पर्धा की शुरुआत करेंगे।

ग्रीनपार्क में शाम 4 बजे यह कार्यक्रम होगा। सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 19 एवं 20 फरवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता अंडर 13, 15, 17 बालक एवं बालिका वर्ग में खेली जाएगी।

सियासत | पूर्व जिला महामंत्री के निधन पर मौन रखकर व्यक्त किया शोक

भाजयुमो पंचायत स्तर पर लगाएगा युवा चौपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। भाजपा कार्यालय अकबरपुर में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यशाला संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

रविवार को कार्यशाला में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेश कटियार ने कहा कि भाजयुमो ग्राम व वार्ड स्तर पर युवा चौपाल का आयोजन करेगा, जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में युवाओं की में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान युवाओं की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक मंडल में जनपद से आने वाले प्रदेश एवं ज़िला पदाधिकारियों को अलग-अलग मंडल का विस्तारक बनाया गया है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य व प्रवासी मनीषा सिंह ने बताया कि जिला कार्यशाला के बाद प्रत्येक मंडल में कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसके बाद 24 फरवरी से 5 मार्च तक युवा चौपालों का आयोजन किया जाना है। चौपालों में आए हुए युवाओं का पंजीकरण भी होगा और युवा चौपाल के माध्यम से भाजयुमो के पदाधिकारी सीधे युवाओं से संवाद कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि चौपालों के माध्यम से जनपद के सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भी युवाओं से संवाद करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री निशांत सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष अनमोल गुप्ता, सौरभ सिंह, मोंटी कटियार, जिला मंत्री अंशुमान सिंह, सत्यम चतुर्वेदी, सुभम् शुक्ला, हेमंतराज त्रिपाठी, अंकित कटियार, चारू अवस्थी सहित मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पूर्व ज़िला महामंत्री योगेंद्र सिंह रामू द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की और संवेदना जताई।

पार्टी कार्यालय में चौपाल करते भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार व मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

तेरे दर से न हटूंगा, तेरे दर पर...

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार: बाबा सैयद अहमद हुसैन चिश्ती निजामी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक अवसर पर पीतमपुर में हर वर्ष की भांति इस बार भी दो दिवसीय महफिले शमां कव्वाली का आयोजित की गई।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के पीतमपुर गांव स्थित बाबा सैयद अहमद हुसैन चिश्ती निजामी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर दो दिवसीय कव्वाली का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया है। जिसमें रंगीन शाम को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल मेराज बारसी मुंबई व कव्वाल फहीम वारसी अमरोहा के बीच में जमकर हुए मुकाबला में अच्छे अच्छे कलाम पेश किए गए।

कव्वाली की पहल में श्रोताओं को तेरे दर से न हटूंगा, तेरे दर पर ही रहूंगा, मेरी तू बिगड़ी बना दे, अपने चरणों में जगह दे और मधुर आवाज में यहां भी मोहम्मद, वहां भी मोहम्मद है दोनों आलम में जलवा गर मोहम्मद, के लहजेदार कव्वालों के स्वरों ने श्रोताओं के दिलों को झुमा दिया। इसी प्रकार पूरी रात निस्बत-ए-पीर पर कव्वाली का दौर चलता रहा। इस दौरान सुलेमान नेता, आरिफ कुरैशी, फजरुल रहमान, उस्मान कुरैशी, जावेद अंसारी न्यू कंचन ढाबा, तारिख कुरैशी, वसीम कुरैशी, मुस्तकीम कुरैशी, राशिद नेता, सिराज कुरैशी, रिजवान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

कव्वाली पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

- पीतमपुर में बाबा सैयद अहमद हुसैन चिश्ती निजामी की मजार पर कव्वाली का आयोजन

तीसरी आंख की नजर के बीच निपटी पुलिस परीक्षा

वर्दी पहनने के लिए दूसरे दिन भी युवाओं ने दिया इम्तेहान, सरल पेपर देख खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी कड़ी निगरानी में परीक्षाएं हुईं। जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी गई। पूरे दिन पुलिस और प्रशासन के अफसरों की गाड़ियां परीक्षा केंद्रों पर दौड़ती रहीं। परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक, स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नजर रखे रहे। परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए। सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया।

परीक्षा केंद्रों के बाहर लंबी लाइनें लगी हुई थीं। शहर क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की अच्छे ढंग से पड़ताल करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। पुलिस के अफसर पूरे दिन परीक्षा केंद्रों पर दौड़ते रहे। परीक्षा केंद्रों पर कैमरे से नजर रखी गई। शहर के परीक्षा केन्द्रों के बाहर भी युवाओं की लाइनें देखने को मिली।

परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

परीक्षा केंद्रों पर बाहर किसी को खड़ा भी नहीं होने दिया गया। केंद्र के नजदीक की सभी फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहीं। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने दूसरे दिन भी कई परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। सुबह और शाम की पाली में परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। कंट्रोल रूम से पल-पल की जानकारी ली जाती रही। पूरी परीक्षा के दौरान तीसरी नेत्र से नजर रखी गई है। वहीं परीक्षा देकर लौटे कई अभ्यर्थियों ने बताया कि पुलिस भर्ती का पेपर काफी सरल था। रीजनिंग के प्रश्न आसान थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि मेहनत के साथ तैयारी की है। अच्छा पेपर हुआ है। परिणाम भी अच्छे आने की उम्मीद है। पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते शहर में जाम का झाम रहा।

कई प्रदेशों से आए परीक्षार्थी

यूपी पुलिस की परीक्षा देने के लिए बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर नौजवानों की भीड़ दिखायी दी। शनिवार की रात से ही अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया था। स्टेशन के साथ बस अड्डे पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। पुलिस परीक्षा केंद्रों पर भी पैनी नजर रखे हुये थी जिससे कि कहीं कोई दिक्कत न रहे। रात भर पुलिस और प्रशासन के अफसरों की नजरें परीक्षा को लेकर ही रहीं।

होटल फुल, रहने की दिक्कत

अभ्यर्थियों की भीड़ के आगे शहर के लगभग होटल फुल थे। ऐसे में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को रहने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खाने के होटलों की स्थिति यह थी कि कई होटलों पर अभ्यर्थियों के बड़ी संख्या में पहुंचने से खाना खत्म हो गया था। सर्दी के इस मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को ठहरने के लिए रही। बड़ी संख्या में नौजवान स्टेशन व बस अड्डे पर भी रहे। वहीं रोडवेज की ओर से दस बसें रिजर्व में रखी गईं थीं।

रीजनिंग-हिंदी सरल, गणित ने छुड़ाया पसीना

उप्र आरक्षी भर्ती परीक्षा पहले दिन जनपद में निर्धारित 21 केन्द्रों में शांतिपूर्ण आयोजित हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 10896 अभ्यर्थियों में कई की अनुपस्थिति दर्ज की गई। अभ्यर्थियों के मुताबिक, रीजनिंग और हिन्दी के सवाल काफी सरल रहे। गणित के सवालों ने काफी छकाया। समय कुछ कम मिला और मिलता तो बेहतर रहता। अभ्यर्थी अपर्णा सिंह ने बताया कि पेपर काफी सरल रहा। मैथ ही थोड़ा टफ लगी। रीजनिंग और हिंदी काफी सरल थी। हालांकि तैयारी नहीं कर पाए थे। फिर भी पेपर दिया और बेहतर रहा।

34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में जिले की दो छात्राएं रहीं अव्वल

संवाददाता, औंग फतेहपुर

- डारी बुजुर्ग की आयुषी ने गोल्ड मेडल किया हासिल
- प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग की छात्राओं का कमाल

अमृत विचार। विकास खण्ड के देवमई के प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग के दो छात्र 34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने थे। जिसमें एक छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल तो वहीं दूसरी छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया।

15 फरवरी से 17 फरवरी तक बेसिक शिक्षा परिषद की 34वीं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में विकास खण्ड देवमई के ग्राम डारी बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तर की खेल कूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय डारी बुजुर्ग की आयुषी ने 30 किलो भार वर्ग में सभी मण्डलों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए राज्य स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। वहीं यूपीएस मिराई की रोली ने 25 किलो भार वर्ग की कुश्ती में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

मेडल दिखाती हुई छात्राएं आयुषी व रोली। अमृत विचार

गत दिवस खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला व ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आशीष पटेल ने विजेता खिलाड़ियों व विद्यालय परिवार को बधाई दी। साथ ही बच्चों के साथ अथक परिश्रम करने वाले प्रधानाध्यापक प्राथमिक स्कूल के रामप्रताप व यूपीएस मिराई के सूर्यकुमार, खेल अनुदेशक अजय कुमार पाल, अवधेश कुमार तथा प्राथमिक स्कूल जोगापुर के अविनाश वर्मा आदि ने बच्चों को उनके विजेता बनने पर सभी को बधाई दी।

बकेवर में विस्फोट से मौत के मामले में लीपापोती

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- वेल्डिंग दुकान मालिक को अभी तक नहीं खोज सकी पुलिस
- घटना में एक की मौत और एक गम्भीर रूप से हुआ था घायल

अमृत विचार। बकेवर कस्बे में विस्फोट से हुई युवक की मौत के मामले में जांच प्रभावित करने की कहानी गढ़ी जा रही है जबकि अभी तक वेल्डिंग दुकान मालिक को नहीं खोजा जा सका। उसे बचाने के लिए तरह-तरह के जतन किए जा रहे हैं। मामले में जिम्मेदार अफसरों की जांच भी सुस्त पड़ती प्रतीत हो रही है।

दो दिन पहले शुक्रवार को बकेवर कस्बे में कार्बाइट से बस की डीजल टंकी में वेल्डिंग करते समय तेज धमका हुआ था। जिसकी चपेट में आये मिस्त्री मुन्नन अली की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। खास बात तो यह है कि दुकानदार ने कारबाइट से वेल्डिंग करने की परमीशन विभाग से ली थी की नहीं, आग से बचाव के उपकरण मौजूद थे या नहीं, आबादी क्षेत्र से यह दुकान कितनी दूर है जैसे अनेक बिंदु जांच के विषय हैं। दुकानदार इस जोखिम भरे काम को अंजाम सालों से देता आ रहा है। इस पर इलाकाई पुलिस से लेकर जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं पड़ी। सवाल यह है कि वेल्डिंग जैसे संवेदनशील काम के लिए रखे गए श्रमिक का श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण क्यों नहीं कराया गया। ये सभी तो जांच का विषय है किन्तु वर्तमान में एक गरीब मजदूर की मौत के बाद उसके परिवार को रोटी कैसे मुहैया होगी परिजन सोचने को मजबूर हैं।

जांच आइओ ने आर्थिक मदद कर गरीब के आंसू पोछे

वेल्डिंग मिस्त्री मुन्नन अली की मौत का सदमा सभी को है। वहीं जांच आइओ ने गरीब को न्याय का भरोसा दिया। हादसे में अपने पिता को खो चुके गरीब परिवार की आर्थिक मदद करके आंसू पोछने का काम किया है। जिसे लोगों ने सराहनीय कदम बताया है।

पत्नी और बच्चों की आंखों में नहीं थम रहे आंसू

पति के खोने का गम पत्नी रुबीना को जहां है वहीं चार बच्चों अरहान (14), अजान (10), अयान (8) व इशान (5) का आगे पालन पोषण कैसे होगा सभी के आंखों में सदमे के आंसू थे जो नहीं थम रहे।

मिलने वाली अहेतुक सहायता राशि नाकाफी

नायब तहसीलदार बिंदकी अमरेश सिंह घटना की जांच करने पहुंचे थे और मृतक परिजनों को तीस हजार रुपये की सरकारी सहायता राशि देने की घोषणा की है। लेकिन यह राशि घर के मुखिया की मौत के बाद नाकाफी साबित हो रही है।

अग्निशमन विभाग कटघरे में

अग्निशमन विभाग की खामोशी नहीं टूटी की मौके पर आकर जांच करे। वेल्डिंग की दुकान में आग में काबू पाने के उपकरण मौजूद थे कि नहीं। विभाग के जिम्मेदार अभी तक जांच को नहीं पहुंचे। आबादी के बीच विस्फोटक दुकान संचालित होना बड़ी लापरवाही की बात सामने आयी और लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं।

जांच को प्रभावित करने की कोशिश

मिस्त्री मुन्नन अली रोजी रोटी की तलाश में फतेहाबाद से आया था और वेल्डिंग की दुकान में नौकरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था जो हादसे का शिकार हो गया। कस्बे में अफवाह फैलाई जा रही की मिस्त्री दुकान मालिक का पार्टनर था, जबकि दुकान संचालक जगदीशपुर गांव का यादव विरादरी का एक युवक है। जो कानून कार्यवाही से बाहर है। जांच में कई बिंदुओं को शामिल किया जाना आवश्यक है जिससे गरीब पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तलाक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दर्ज किया मामला
- गर्भवती पीड़िता को पीट कर घर से निकाला था ससुरालीजनों ने

अमृत विचार। दहेज में बाइक व नकदी की मांग पूरी परी न होने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के निबहरा मोहल्ला निवासी मो. राजू की पुत्री सदफ खातून की शादी 11 अक्तूबर 2020 को जहानाबाद थाने के कोड़ा कटरा चुनपुज निवासी मो. इरफान के साथ हुई थी। सदफ खातून ने बताया कि बड़ी बहन गर्भवती को 19 मई 2021 को पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया था। यासमीन की शादी भी उसी दिन मो. इरफान के बड़े भाई मो. इमरान के साथ हुई थी। कुछ दिन बाद पति मो. इरफान, जेठ मो. इमरान, सास कमरजहां, जेठ पप्पू, जेठ फरमान, ननद शबाना दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। गर्भवती हालत में उसे 19 मई 2021 पति और ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। उसने मायके में 11 फरवरी 2022 को एक पुत्री आयत को जन्म दिया। पिता ने 18 मई 2023 को 50 हजार रुपये ससुरालियों को दिए। इसके बाद पति व ससुराली आठ फरवरी को घर आए। बाइक की मांग रखी। मांग पूरी न करने पर ससुरालियों के उकसाने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस से शिकायत पर उसे और बच्ची को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

सार-संक्षेप

चोरों ने पार किए जल जीवन मिशन में लगने वाला पाइप

खागा फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के कुल्ली चौराहे के पास जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगने वाले 10 पाइप बीती रात चोरी हो गए। कटोघन गांव निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एटीपीएल संस्था द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सभा कुल्ली में पाइप लाइन डालने का कार्य करा रही है। पाइप डालने के लिये अलग अलग जगह पाइप पड़े रहते हैं। जबकि कार्य पूरी तरह से गतिमान है। इसी को लेकर कुल्ली चौराहे से कुछ दूर पहले भट्ठा के सामने पाइप रखे थे। जिसमें से 9 पाइप चोरी हो गए। वहीं दूसरी ओर कुल्ली चौराहे से कुछ दूर आगे रखे पाइप में से एक पाइप चोरी हो गया। धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक पाइप की कीमत लगभग 10 हजार रुपये है। प्रार्थी धर्मेंद्र ने खखरेरू थाने मे लिखित शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है तथा थाना क्षेत्र चल रहे सरकारी कार्य में प्रशासन से मदद की अपील की है।

नशेबाज ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा में शनिवार की शाम 35 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शाह निवासी धुन्नी का पुत्र श्रीकेशन शराब पीने का आदी था। शनिवार की शाम पत्नी रानी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उसने नशे में धुत होकर घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक के पिता धुन्नी ने दी है।

अनियंत्रित इको गाड़ी खंदक में गिरी, कई घायल

बिंदकी फतेहपुर। शनिवार की रात तेज रफ्तार इको गाड़ी अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। इसके बाद हड़कंप मच गया। उस समय गाड़ी में 6 लोग सवार थे जिनको मामूली चोट आईं। सभी लोग गाड़ी से निकलकर अपने घरों को चले गए सुबह पुलिस ने गाड़ी को क्रेन से बाहर निकलाया। शनिवार की रात को नगर के कुंवरपुर रोड बाईपास में अनियंत्रित गाड़ी खंदक में चली गई। जिससमें गाड़ी में मौजूद लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। गाड़ी में छह युवक सवार थे। सभी लोग थाना कल्याणपुर क्षेत्र के सौह गांव से फतेहपुर शहर जा रहे थे। रविवार की सुबह कुछ युवक मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने क्रेन बुलाकर गाड़ी को बाहर निकाला।

हत्या कर ट्रैक्टर लूटने के दोषी को आजीवन करावास

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने सुनाई सजा
- जून 2004 में हुई थी घटना, आरोपितों पर जुर्माना भी

अमृत विचार। किसान की हत्या कर ट्रैक्टर लूट के मामले में आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र उत्तम ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के किमिदियापुर निवासी शिवकरण किसान था। बुकिंग पर ट्रैक्टर चलाता था। कानपुर घाटमपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर सुवइया निवासी रामनारायण कुशवाहा अपने नाबालिग साथी संग जून 2004 में किमिदियापुर पहुंचा था। शिवकरण के भाई के सामने ट्रैक्टर बुक किया था। ट्रैक्टर के साथ चालक के रूप में शिवकरण गया था। रास्ते में शिवकरण की हत्या कर दी थी। उसके बाद शव को कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव स्थित कुएं में फेंककर भाग निकला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मृतक के परिवार के लोग एक माह बाद शव की पहचान को कल्यानपुर थाने पहुंचे थे। पहचान के बाद पुलिस ने रामनारायण और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया था। मामले की कोर्ट में शनिवार को अंतिम सुनवाई हुई।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पर वकील ने लगाए गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- वेलफेयर स्टाम्प पर की गई राजस्व चोरी
- मामले की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

अमृत विचार। बिंदकी तहसील के एक अधिवक्ता ने लगे आरोप पर अपनी सफाई देते हुए कहाकि पिछले दिन शनिवार को आमसभा में एल्डर कमेटी का गठन किया गया। वर्तमान आदर्श अधिवक्ता संघ अध्यक्ष व सचिव से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया, जिसका हिसाब नहीं दे सके। अधिवक्ता जगदीश सिंह गोली ने अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

तहसील बिंदकी के अधिवक्ता जगदीश सिंह उर्फ गोली सिंह ने बताया कि पिछले दिन 17 फरवरी को तहसील बिंदकी के अधिवक्ता मीटिंग हाल में अधिवक्ताओं ने आमसभा की गई। बैठक दौरान वर्तमान आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी अध्यक्ष व सचिव से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया। संघ द्वारा वर्ष भर में कोई बैठक नहीं बुलाई गई। अधिवक्ता से संबंधित वकालतनामा में वेलफेयर टिकट न लगाकर स्टाम्प राजस्व की चोरी की गई। समूचे कार्य काल में आय-व्यय का कोई ब्योरा नहीं दिया गया और न ही आडिट कराया गया। अधिवक्ता संघ के नये चुनाव का समय आ गया और अगामी मार्च में चुनाव होना प्रस्तावित है। आगामी चुनाव को देखते हुए अधिवक्ताओं ने आमसभा की बैठक में चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस पर अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी व सचिव सत्यार्थ सिंह गौतम 'मोनू' खुलकर विरोध करने लगे और अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता भी किया जो निंदनीय है। अध्यक्ष व सचिव के कृत्यों से अधिवक्ता काफी आहत हैं। मानसिक आघात भी पहुंचा है। आमसभा की बैठक में कमेटी के उक्त पदाधिकारियों का साफ कहना था कि आय-व्यय का कोई ब्योरा-हिसाब नहीं देंगे जो समझ में आये कर लो, चाहे बार कौंसिल उत्तर प्रदेश से शिकायत कर दो, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। आरोप लगाया वर्तमान अधिवक्ता संघ ने सरकार को राजस्व पहुंचाने वाले व अधिवक्ता कल्याण के धन का गबन किया गया है। जिससे अधिवक्ताओं के हित के कार्य भी प्रभावित हुए।

स्वर्गवासी हो चुके अधिवक्ताओं के परिवार को दी जाने वाली 50 हजार की धनराशि भी नहीं दी गई। इस बर्ताव को लेकर अधिवक्ताओं ने सभा में अपनी-अपनी बात रखते हुए वर्तमान संघ कमेटी की निंदा की गई, जिसका अध्यक्ष व सचिव कोई जवाब नहीं दे पाये।

बुलाई जा सकती है बैठक

आदर्श अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने कहाकि आमसभा की बैठक वर्तमान सचिव द्वारा बुलाई जा सकती है। बैठक बुलाना मंत्री का काम है। मीटिंग में एल्डर कमेटी द्वारा चुनाव कमेटी का गठन वर्तमान अधिवक्ता संघ कर सकता है न कोई और सख्स। अधिवक्ता जगदीश सिंह, गोली सिंह हमारी कमेटी के कोई पदाधिकारी भी नहीं है।

शादी न करने पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया रिपोर्ट
- बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है मामला

अमृत विचार। शादी को मजबूर करने के लिए युवती के बनाए अश्लील वीडियो को युवक ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। युवती ने युवक की हरकतों से तंग आकर शादी से इन्कार किया था। पुलिस ने युवक और उसके परिजनों समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने एफआईआर में बताया कि जून 2021 में जाफरगंज थाना क्षेत्र के केवाई गांव निवासी नत्थू सोनकर के बेटे नीलू सोनकर से अपनी बेटी की शादी तय की थी। फलदान और वरीक्षा में नकदी समेत एक लाख रुपये खर्च किए थे। नशे में नीलू बेटी से वीडियो कॉल कर आत्महत्या करने की बात कहकर धमकाता है। उससे अश्लील हरकत करने को कहने लगा। डरकर नीलू के कहने के अनुसार बेटी सब कुछ करती गई। उसका वीडियो नीलू ने रिकॉर्ड कर लिया। नीलू की हरकत से तंग होकर बेटी ने शादी से इन्कार कर दिया। शादी तोड़ने पर घर के फोन व अन्य लोगों के व्हाट्सएप ग्रुप पर बेटी का अश्लील वीडियो वायरल किया। युवक परिवार को धमकी दे रहा है कि शादी कर दो वरना वीडियो वायरल करता रहेगा।

परीक्षार्थियों के लिए | बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही विषय विशेषज्ञ दे रहे बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स

गणित में जितना अधिक अभ्यास, उतना ही शानदार परिणाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं में शुरू हो जाता तनाव व घबराहट
- परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा 29 फरवरी को होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि गणित में जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना ही शानदार रिजल्ट भी होगा। शहर के राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे उदय प्रभात ने बच्चों को टिप्स देते हुए बताया कि परीक्षा में अच्छे नंबर लाने हों तो कम से कम पिछले पांच साल का अनसॉल्व्ड पेपर जरूर हल कर लें।

संभव हो तो पेपर को तीन घंटे में हल करने की घर पर प्रैक्टिस करें जिस प्रकार एग्जाम में करते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा के दौरान दबाव महसूस नहीं होगा। परीक्षा से पूर्व पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं प्रत्येक टॉपिक से संबंधित उदाहरणों एवं प्रश्नों को हल करने का निरन्तर अभ्यास अवश्य करें।

परीक्षाथियों के लिए जरुरी: विद्यार्थी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणित विषय में प्रश्नों के हल में प्रत्येक स्टेप पर अंक मिलते हैं। अति लघु उत्तरीय, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को क्रमवार हल करें। परीक्षा समाप्त होने से 15 मिनट पहले एक बार फिर से सभी प्रश्नों के हल को देख लें तथा साथ में यह भी देख लें कि कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है।

यूपी बोर्ड

ऐसा होता है अंक विभाजन

इकाई अंक सम्बन्ध तथा फलन	10
बीजगणित	15
कलन (अवकलन, समाकलन)	44
सदिश तथा त्रिविमीय ज्यामिती	18
रैखिक प्रोग्रामन	05
प्रायिकता	08

कुछ खास टिप्स

- प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों को हल करने से पूर्व ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें। प्रश्नपत्र में जिन प्रश्नों का हल स्पष्ट हो उसे पहले हल करें तत्पश्चात् जिन प्रश्नों में कठिनाई हो उसे बाद में हल करें।
- प्रश्नों को हल करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आपने प्रश्न सही-सही उतारा है अथवा नहीं।
- प्रश्नों को हल करने में आवश्यक सभी चरण (स्टेप्स) जरूर लिखें।
- प्रश्नों के हल को स्पष्ट करने में आवश्यक चित्रों एवं ग्राफ का प्रयोग अवश्य करें।
- प्रश्नों को स्वच्छ वस्पष्ट से हल करें, ओवरराइटिंग, ज्यादा कटिंग न हो।
- रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर या दाहिनी ओर मार्जिन खींच कर करें तथा उस पृष्ठ के ऊपरी भाग पर रफ कार्य अंकित करें। रफ कार्य करने के पश्चात् एक सीधी रेखा से काट दें।
- रैखिक प्रोग्रामन के प्रश्नों को हल करते समय रेखाएं खींचने में स्केल व पेंसिल का प्रयोग अवश्य करें।
- समाकलन में सभी मानक समाकलनों को सूचीबद्ध करते हुए उन्हें याद करें।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्राय: समुच्च सिद्धान्त, आव्यूह समाकलन, अवकलन एवं सदिश विश्लेषण से आते हैं। इनके अति लघुउत्तरीय प्रश्नों का पर्याप्त अभ्यास कर लें। लघुउत्तरीय प्रश्न, फलन, समुच्च सिद्धान्त, सदिश विश्लेषण प्रतिलोम वृत्तीय फलन और निर्देशांक ज्यामितीय से अधिक पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों पर पर्याप्त अभ्यास करें।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

अवकलन एवं समाकलन के अनुप्रयोगों, समाकलन द्वारा वक्रों से घिरे क्षेत्रफलों का निर्धारण, निश्चित समाकलन के प्रगुण और प्रायिकता से पूछे जाते हैं। ऐसे प्रश्नों का खूब अभ्यास कर लें। आव्यूह, सारणिक एवं प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करके अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

ट्रांसजेंडर्स को मतदान के लिए किया जागरूक, दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के पीरनपुर में चलाया गया अभियान
- स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया आयोजन

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत ट्रासजेंडरों के बीच मतदान अवश्य कराने के लिए जागरुकता फैलाई गई। राजधर्म निर्वाह को करिए ये शुभ दान।

इसी भाव को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी इंदुमती के मार्गदर्शन में ट्रांसजेंडर्स के बीच पीरनपुर पहुंचे। जहां सभी ट्रांसजेंडर्स के ऊपर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया किया गया। उसके बाद मतदान के लिए जागरूक करने के साथ मतदाता शपथ भी दिलाई। अपील की गई कि जब भी समाज में कहीं भी बधाई संदेश देने जाएं तो आमजनमानस को भी राष्ट्रधर्म निभाने के लिए जागरूक करें। फिर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग द्वारा सभी को हाइजीन किट, मास्क व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। सभी ट्रांसजेंडर्स ने डॉ अनुराग का आभार व्यक्त किया।

ट्रांसजेंडर्स को दिलाई गयी मतदान की शपथ। अमृत विचार

इस अवसर पर नब्बू बाई, इक़बाल बाई, बबली बाई, विमला बाई, फूलन बाई सहित ट्रांसजेंडर्स एवं संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी चैतन्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

1691 करोड़ की 69 परियोजनाएं धरातल पर आज उतरते देखेंगे

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का पीएम करेंगे शुभारम्भ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। दोआबा में 1691 करोड़ की लागत वाली 69 परियोजनाएं आज यानि सोमवार को धरातल पर उतारी जाएंगी। इनकी स्थापना से करीब 3 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के बाद 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 का कार्यक्रम लखनऊ में प्रधानमंत्री द्वारा शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्यालय के साथ-साथ सभी विधानसभाओं में भी कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

17 विभागों से मिले थे 138 एमओयू

उपायुक्त उद्योग, चन्द्रभान सिंह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जनपद में 17 विभागों के माध्यम से 138 एमओयू प्राप्त हुये थे, जिनमें निवेश की धनराशि 2842 .93 करोड़ थी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के बाद पुन : प्रधानमंत्री के कर कमलों से 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में जनपद की 69 निवेश परियोजनाओं की जिनकी धनराशि लगभग 1691 करोड़ है, का भी धरातल पर शुभारम्भ किया जाएगा।

उपायुक्त उद्योग, चन्द्रभान सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को मध्यान्ह 12:00 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मंत्री, सांसद, विधायक, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों समेत जनपद में निवेश करने वाले निवेशकों, उद्यमियों, उद्योगों से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। वहीं उद्योगों से सम्बन्धित विभाग उद्योग विभाग, श्रम विभाग, उद्यान विभाग बैंक आदि के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जिनमें उद्योग स्थापित करने से सम्बन्धित जानकारियां, सुविधायें आदि विस्तार से बताई जाएंगी। साथ ही साथ विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का जिले में होगा सजीव प्रसारण प्रेक्षागृह में होगा कार्यक्रम

3 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

इन निवेश परियोजनाओं में 3000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी प्राप्त होगा। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले 31 उद्यमी प्रतिभाग करेंगें एवं 10 करोड़ रुपये से नीचे निवेश करने वाले 38 निवेशक जनपद में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगें।

कोटेदारों की कालाबाजारी पर अंकुश की तैयारी

फतेहपुर। राशन बांटने वाले कोटेदार अब राशन की घटतौली और कालाबाजारी नहीं कर सकेंगे। शासन की ओर से जनपद के सभी कोटेदारों में वितरण के लिए सरकारी इलेक्ट्रॉनिक कांटा और ई-पॉश मशीनें भेजी गई हैं।

डीएसओ ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कांटा और ई-पॉश मशीन एक-दूसरे से ब्लू-टूथ और वायर से कनेक्ट हैं। ई-पॉश मशीन में एक ग्रीन लाइट लगी है। कोटेदार कार्डधारक को मिलने वाला पूरा राशन जब तक कांटा पर नहीं रखेगा, तब तक ई-पॉश मशीन की ग्रीन लाइट नहीं जलेगी। कार्डधारक को मिलनेवाला राशन की पूरी मात्रा रखने पर ही ग्रीन लाइट जलेगी। इससे राशन की घटतौली और कालाबाजारी नहीं हो सकेगी। बताया कि कोटेदारों में कांटा और मशीन का निशुल्क वितरण कराया जाएगा।

नहीं किया जा सका अन्ना मवेशियों का संरक्षण, शासन की समय सीमा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक अन्ना मवेशियों का डेरा
- फसलों को बचाने को किसान दिन-रात कर रहे रखवाली

अमृत विचार। शहर से लेकर ग्रामीणांचलों में अन्ना मवेशियों की बढ़ते आतंक से जहां किसानों की सैकड़ों बीघे की फसलें तहस-नहस हो गयी हैं। वहीं प्रमुख सड़कों पर इनके झुंड निकलने से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। इन सभी मवेशियों के संरक्षण करने के आदेश का समय समाप्त होने के बाद भी अन्ना मवेशी लोगों की समस्या बने हैं।

अन्ना मवेशियों का झुंड शहर की प्रमुख सड़कों सहित गांव में घूमते हैं और सड़क हादसों का कारण भी बने हैं। वहीं इधर उधर से भगाये जाने पर ये जानवर जंगलों में छिप जाते हैं। शहर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा संचालित एक कान्हा गौशाला बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गो-आश्रय केन्द्र सचालित हैं। इसके बाद भी गांव के अंदर ही मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इसी तरह विजयीपुर, अमौली, भिटौरा आदि क्षेत्रों में भी मवेशी का जमावड़ा रहता है। सड़क में घूमने पर जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। वहीं खेतों में जाने से फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जबकि शासन की ओर से 15 फरवरी तक शत-प्रतिशत मवेशियों के संरक्षण की समय सीमा तय की गई थी। समय समाप्त होने के बाद भी सड़कों से लेकर खेतों तक अन्ना मवेशी विचरण कर रहे हैं। शासन की ओर से एक साल में गोवंश संरक्षण के लिये करीब 9 बार जिलों को समय सीमा बढ़ाकर मौका दिया गया है, लेकिन कहीं बजट का अभाव तो कहीं जगह के चिह्नांकन आदि को लेकर गोवंश के शत-प्रतिशत संरक्षण के निर्देशों पर अमल नहीं हो पा रहा है। हर महीने समीक्षा के बाद भी सब कुछ कागज पर ही चाक चौबंद दिखाया जा रहा है। इससे पूरी समस्या किसानों को ही उठानी पड़ रही है।

हाई-वे पर जान लेते हैं मवेशी

नेशनल हाई-वे पर मवेशी सबसे अधिक खतरनाक स्थिति में हैं। बीते सप्ताह की अन्ना मवेशी से टकराकर एक बाइक सवार की मौत हो गई थी। इसके अलावा अन्ना के हमलों से कई लोग घायल भी होते रहते हैं। बावजूद इसके अन्ना मवेशियों की भरमार सड़कों पर ही दिखती है।

मौसम का रोज बदलता मिजाज लोगों को किए दे रहा बीमार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बढ़ रही खांसी-जुकाम के मरीजों की तादाद
- निजी अस्पतालों में लगती है मरीजों की भीड़

अमृत विचार। फरवरी माह में बदलते मौसम के कारण सर्दी, जुकाम के बाद अब बुखार के मरीजों में इजाफा होना शुरू हो गया है। जिसके चलते रविवार को निजी अस्पतालों में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई।

एक दिन पूर्व शनिवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी व दवा काउंटर में मरीजों की अच्छी खासी लाइन लगी देखने को मिली थी। जिसमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम व बुखार के पाए गए। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है। चिकित्सक इन मरीजों को दवा के साथ मौसम के अनुरूप कपड़े पहनने की सलाह दे रहे हैं। डॉक्टर को दिखाने के लिए 1236 लोगों ने पर्चा बनवाया था। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदलते मौसम में लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। जिला अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भरमार हैं। रविवार को ओपीड़ी बंद रहती है इससे कारण निजी अस्पतालों में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक मरीज देखने को मिले। इनमें अधिकांश बच्चे और बुजुर्ग शामिल रहे। यह लोग सर्द दर्द, जुकाम, बुखार, खांसी, पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियों से ग्रसित रहे।

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव आते ही लोगों ने लापरवाही बरतनी शुरु कर दी है। कम कपड़े पहनने के साथ ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगे हैं। वहीं बच्चे और बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता सामान्य लोगों की अपेक्षा कम होती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से मौसमी बीमारियां इन्हें गिरफ्त में ले लेती है।

फिजीशियन डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि फरवरी और मार्च महीने में मौसम का उतार चढ़ाव होता है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बच्चे और बुजुर्ग गर्म कपड़े पहने और कान ढक कर रखें। तीन दिन से ज्यादा खांसी, जुकाम, बुखार होने पर चिकित्सक से परामर्श करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी दवा का सेवन न करें। दिन में धूप निकलने से मौसम गर्म हो जाता है इससे बच्चे गर्म कपड़े उतार देते हैं। शाम के बाद मौसम सर्द होने पर भी बच्चे लापरवाही करते हैं और बीमार हो जाते हैं।

मारपीट में घायल किसान की मौत

गाजीपुर। थाना क्षेत्र के समियाना गांव में शनिवार की रात गांव के ही कुछ युवकों द्वारा खेत की रखवाली कर रहे किसान अखिलेश को जमकर मारापीटा। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे परिजन अस्पताल ले गए जहां डाक्टर भर्ती कर इलाज कर रहे थे। लेकिन रविवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक के पिता ने थाने में आकर तहरीर देकर अवगत कराया कि मेरा 25 वर्षीय बेटा अखिलेश बाग में बैठ कर अपने खेतों की रखवाली कर रहा था। रात में गांव के कुछ लड़के बाग में पहुंचे और अखिलेश को मारापीटा। घरवालों को जानकारी हुई तो पिता बुधराज बेटे को रात में ही गाजीपुर सीएचसी लाये जहां डाक्टर ने फतेहपुर रेफर कर दिया। अस्पताल में डाक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। पिता ने थाने में चार लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है।

छप्पर के नीचे सो रहे बुजुर्ग पर किया फायर

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- घर में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस
- किशनपुर थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल में हुई घटना

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के लोहारन डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने पूरी रात तांडव मचाया। घर के बाहर सो रहे व्यक्ति पर फायर झोंक दी। जान बचाकर भागे व्यक्ति से गुस्साए दबंगों ने घर में आग लगा दी। जिसके बाद देर रात मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

लोहारन डेरा गांव निवासी गोलू निषाद का आरोप है कि बीते शनिवार की रात करीब 8 बजे उसके पिता रामआसरे घर के बाहर पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे। उसी दौरान गांव के ही रहने वाले मुकेश ने अपने भाइयों व दादा कल्लू के साथ मौके पर पहुंचे और छप्पर के नीचे सो रहे राम आसरे पर फायर झोंक दी। रात में अंधेरे का फायदा उठा रामआसरे बगल में खड़ी सरसों की फसल में छुपकर जान बचाई। गोली चलने के आवाज सुन गोलू घर के बाहर निकला और खेतों में खड़ी फसल में छिप गया। उस दौरान सभी आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए घर में आग लगा दी। शोरगुल सुन आस पड़ोस के लोग भी इकठ्ठा हो गए। यह देख आरोपी मौके से भागने लगे। जिसके बाद गोलू ने साहस दिखाते हुए आरोपियों का पीछा किया। जिस पर मुकेश कुमार ने दोबारा फायर कर दिया। जिसमें गोली गोलू के बगल से निकल गई। किशनपुर थानाध्यक्ष जेपी शाही ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा।

सार-संक्षेप

श्रीमद्भागवत कथा में बह रही भक्ति की बयार

फतेहपुर। लक्ष्मणपुर सामियाना के मध्य अवधेश सिंह चौहान के फार्म हाउस में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन रविवार को भागवताचार्य स्वामी मुक्तानन्द महराज ने पूतना उद्धार, अघासुर, गोवर्धन पूजा व कालिया नाग का मान मर्दन की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि पूतना अविद्या है, अविद्या के कारण ही मनुष्य सांसरिक बंधनों में जकड़ जाता है। अविद्या ही दुख की जननी है। भगवान ने पूतना रूपी अविद्या को उद्धार करके सदगति प्रदान की। श्रीकृष्ण भगवान ने अघासुर का उद्धार किया। इस कथा में उन्होंने बताया कि अघासुर पाप को कहते है, जो बिना भोगे न छूटे उसका नाम अघासुर। कालिया नाग की कथा में बताया कि कालिया नाग हमारी इन्द्रिया हैं, इनका बिषय सम्पर्क ही बिष है, इसलिए इन्द्रियो को संयमित कर भगवत सेवा में लगाना चाहिए। व्यवस्थापक स्वामी सेवानन्द पुरी ने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूर धारण करना चाहिए। साध्वी चेतना, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, राजा सिंह कछवाह, दीपू, रोहित आदि श्रोता मौजूद रहे।

डायल करें 1962, पशुओं का इलाज करने पहुंचेगी वैन

फतेहपुर। अब पशुओं के बीमार होने पर आपात स्थिति में पशुपालकों को अस्पताल तक ले जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। अपने मोबाइल से 1962 नंबर डायल कर खुद ही पशुपालन विभाग की वैन घर पहुंच बीमार पशुओं का इलाज करेगी। जिन ब्लाकों में वैन उपलब्ध हैं उनमें डॉक्टरों के साथ ही कर्मचारियों की तैनाती पहले ही हो चुकी है। कई ब्लाक क्षेत्रों में यह सुविधा संचालित हो रही है। जिले में पशुपालन विभाग की ओर से छह आपातकालीन पशु चिकित्सा वाहन हैं जो विभिन्न विकास खण्डों में संचालित हैं। इन वाहनों में एक पशुचिकित्सक एक एमपीटी सहायक व ड्राईवर तैनात हैं जो जिले के किसी भी क्षेत्र से 1962 डायल करने पर आपके दरवाजे पर अतिशीघ्र पशुचिकित्सा वाहन आकर बीमार पशु का इलाज करेंगे। उपरोक्त वाहन आपातकालीन सेवाओं के अलावा दूरस्थ ग्रामों में जाकर कैम्प भी आयोजित करेंगें। पशु विभाग की अपील है कि सभी लोग सरकार की इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पशु पालक पशु बीमार या घायल होने पर हेल्पलाइन नंबर डॉयल करें।

आत्महत्या की धमकी देकर शादी के लिए बना रही दबाव

फतेहपुर। सोशल मीडिया में वायरल युवती के एक वीडियो के मामले की शिकायत युवक के पिता ने एसपी से की हैं। पीड़ित ने युवती पर बेटे को ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेरी निवासी राम कुमार ने शिकायती पत्र में बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती उसके पुत्र और परिवार को लगातार साजिश के तहत बदनाम कर रही हैं। झूठे आरोप लगाकर परिवार पर दबाव बना रही हैं। बताया कि युवती आत्महत्या के वीडियो बनाकर पुत्र को ब्लैकमेल करती थी। पीड़ित ने एसपी से मामले की जांच कर कार्यवाई की मांग की है।

आलू की खेती व व्यापार से होती आर्थिक उन्नति

बिंदकी फतेहपुर। आलू की खेती तथा आलू के व्यापार से आर्थिक उन्नत होती है, यह बात नगर के कुंवरपुर रोड स्थित जवाहर कोल्ड स्टोर परिसर में आलू के किसानों तथा व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कंछल गुट के प्रदेश मंत्री राजेश गुप्ता उर्फ राजा भैया ने कही। उन्होंने कहा कि एक और जहां किसान कड़ी मेहनत से अपने खेतों में अधिक से अधिक मात्रा में आलू की पैदावार करते हैं वहीं दूसरी ओर कोल्ड स्टोर में बेहतर भंडारण व रख रखाव से उसे आलू की अच्छी कीमत मिलती है। जिससे व्यापारी को भी भारी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन किसानों तथा व्यापारियों दोनों के हितों के लिए लगातार काम कर रहा है और जहां भी जरूरत पड़ती है। कंधे से कंधे मिलाकर संगठन संघर्ष करने का काम करता है। इस मौके पर व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अशोक गौतम, विश्व हिंदू परिषद के जवाहरलाल गुप्ता, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, नगर महामंत्री मोहम्मद ताज, व्यापारी नेता अनूप अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नो एंट्री एरिया में प्रवेश करने पर पुलिस ने पकड़े दो डंपर

बिंदकी फतेहपुर। रविवार को सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान नो एंट्री एरिया में प्रवेश करने पर पुलिस ने दो डंपर पकड़ लिए। पुलिस ने दोनों डंपर को कोतवाली के समीप खड़ा कराया। पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि डंपर ओवरलोड तो नहीं है, यदि डंपर ओवरलोड मिले तो अलग से भी कार्रवाई होगी। नगर के परीक्षा केन्द्रों में रविवार को प्रथम पाली में सिपाही भर्ती की परीक्षा चल रही थी। नगर के ललौली चौराहे में नो एंट्री एरिया में प्रथम पाली परीक्षा के दौरान दो डंपर घुस गए। पुलिस ने दोनों डंपर पकड़ लिए।

श्रीराम की भूमि चित्रकूट में आसिया फारुकी का सम्मान

चित्रकूट में आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय अस्ती की प्रधानाध्यापिका आसिया फारुकी की झोली में एक और सम्मान जुड़ गया। जो जनपद के लिए गौरव की बात है।

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला में शैक्षिक संवाद मंच ने एक जर्जर विद्यालय को देश का सबसे अच्छा विद्यालय बनाने के लिए प्रदेश भर के शिक्षकों के समक्ष सम्मानित किया गया।

बेसिक के अनमोल रत्नों को अपने अनुभव कथन, नवाचार, एक हिंदी भाषा शुद्धता पर अपनी समझ की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अस्ती की एकल शिक्षिका आसिया फारूकी को अपने अनुभव साझा करने व सम्मानित करने बुलाया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदमश्री उमा शंकर पांडेय बांदा, गोपालजी समाज सुधारक चित्रकूट, प्रमोद दीक्षित मलय बांदा के नेतृत्व में हुई।

विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर सात लाख हड़पे

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी जय प्रकाश ने बताया कि उसके गोरखपुर के रहने वाले एक मित्र ने नौकरी वीजा पर विदेश भेजने वाले एजेंट की जानकारी दी थी। वह अपने मित्रों अखिलेश, ब्रजेश, रामबाबू, वीरभान के साथ 2022 में एजेंट से मिलने नई दिल्ली पहुंचा। उसका कार्यालय नई दिल्ली भरतपुर में है। एजेंट रमेश नायक से मुलाकात हुई। सभी के पासपोर्ट और सारा खर्च सात लाख रुपये बताया। अलग-अलग तिथियों में उन लोगों से एजेंट अपने खाते में रुपये मंगाता रहा। करीब सात लाख रुपये जमा होने के बाद कुछ दिनों में विदेश भेजने का आश्वासन दिया। अब एजेंट ने फोन उठाना बंद कर दिया। पासपोर्ट और रुपये भी नहीं लौटा रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया कार्यकारणी का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा शहर के क्षत्रिय छात्रावास सिविल लाइंस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अध्यक्षता में जगदीश सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन को सपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने एवं विजय प्रताप सिंह को भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ बनाए जाने पर संगठन ने उनका सम्मान किया। इसके साथ ही अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अमित सिंह परिहार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, डॉक्टर अभिषेक सिंह को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, रंजना सिंह चौहान को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, राम प्रकाश सिंह भदौरिया को सैनिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, अतुल सिंह को जिला उपाध्यक्ष, वरदानी सिंह को जिला उपाध्यक्ष, संजय सिंह को जिला कोषाध्यक्ष एवं अभय सिंह गौर को जिला महामंत्री युवा प्रकोष्ठ तथा भारती सिंह को महिला प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री आरके सिंह, अजीत राठौर, संग्राम राठौर, रिशु सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सुनील भदोरिया, अभय प्रताप सिंह, उपेंद्र प्रताप सिंह, निर्भय सिंह, बलवान सिंह, बलवंत सिंह समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में भाग लेते क्षत्रिय समाज के लोग। अमृत विचार

- क्षत्रिय छात्रावास सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने ली शपथ

किसानों की व्यथा किसानों का आरोप हैदरगढ़ चीनी मिल से चल रहा खेल, सैकड़ों की तादात में गन्ना से लोड खड़े रहते हैं वाहन

गन्ना क्रय केन्द्र में पर्ची को लेकर किसानों में नाराजगी

संवाददाता, खागा फतेहपुर

क्रय केन्द्रों में खड़ी गन्ना लदी गाडियां। अमृत विचार

अमृत विचार। खखरेरु क्षेत्र के पनिया बाबा समीप हैदरगढ़ चीनी मील बराबंकी द्वारा संचलित गन्ना क्रय केन्द्र में इस समय गन्ना को लेकर किसानों के सामने एक बड़ी समस्या उतपन्न हो चुकी है। किसानों द्वारा बताया गया कि किशनपुर के नाम से स्थापित गन्ना क्रय केन्द्र में जमकर धांधली हो रही है। जिससे क्षेत्र का किसान पूरी तरह बेबस है।

किसानों में गुड्डू बाजपेई, नथन यादव, बब्लू सिंह, अरविंद सिंह, छोटेलाल, श्रीराम, अखिलेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पनियाबाबा समीप गन्ना क्रय केन्द्र में किसानों को लूटा जा रहा है। हैदरगढ़ चीनी मील बाराबंकी द्वारा संचालित क्रय केन्द्र में ऊपर से लेकर नीचे तक सिस्टम का खेल चल रहा है। जिन किसानों के पास गन्ना पर्याप्त मात्रा में है, उन किसानों को पर्ची के लिए भटकना पड़ रहा है। जिन किसानों के पास कुछ भी नहीं है उन्हें घर बैठे कूपन की पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई कई दिनों तक ट्रैक्टर में लदा गन्ना क्रय केन्द्र में खड़ा रहता है जिससे गन्ना भी सूख रहा है। कूपन पर्ची के इंतजार में सुबह से शाम हो जाती है।

उन्होंने यह भी बताया कि गन्ना तौल जाने के बाद हम सभी किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं पनियाबाबा गन्ना क्रय केन्द्र के मुनीम राम नरेश का कहना था की किसानों को तौल व कांटा में किसी तरह की समस्या नहीं आ रहीं है समय पर कूपन पर्ची का न मिलना गन्ना लोडिंग में दिक्क़त आ रही है।

क्या बोले किसान

किसान श्रीराम निवासी सैदपुर भुरूई ने बताया कि कूपन पर्ची समय से न मिलने से क्रय केन्द्र में गन्ना सूख रहा है। जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ रहा है।

अखिलेश सिंह निवासी महिमापुर ने बताया कि समय से पर्ची नहीं दी जा रही है। जबकि सर्वे बराबर हो रहा है। जिस गांव में गन्ना नहीं वहां पर्ची दी जाती हैं सारा खेल सिस्टम का है।

किसान नथन यादव निवासी महिमापुर किशनपुर का कहना था कि गन्ना की खेती करना ही हम किसानों के लिए भारी पड़ रहा है। इससे पहले खेत में अन्ना पशुओं से गन्ना को बचाना टेढ़ी खीर है ऊपर से क्रय केन्द्र में जमकर धांधली है।

किसान अरविंद कुमार निवासी सैदपुर भुरूई ने बताया कि बीते चार दिनों से गन्ना से लदे ट्रेक्टर किसानों के खडे हैं। क्रय केन्द्र में गन्ना भी सूख रहा है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गर्मी में लोगों को भरपूर बिजली देने का किया जा रहा पूरा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- गर्मी से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा विभाग
- एरियल बंच केबिल के साथ बदले जा रहे ट्रांसफार्मर

अमृत विचार। इस बार गर्मी के मौसम में बिजली जोर का झटका नहीं दे पाएगी। ओवरलोड की समस्या से जो ट्रिपिंग रहती थी और तपिश अधिक बढ़ने से बंच केबिल जलती थी, उसका लोगों को इस बार सामना नहीं करना पड़ेगा। जिले भर में बिजली ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है तो वहीं उपकेंद्र भी अधिक क्षमता के किए जा रहे हैं। इसको लेकर काम शुरू हो गया है। शहर से लेकर देहात तक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति बेहतर मिलेगी।

जिले में बिजली की व्यवस्था बेहतर करने के लिए बिजली निगम की ओर से तेजी से काम शुरू कराया गया है। शहरी क्षेत्र में जर्जर तारों के स्थानों में एरियल बंच केबिल भी बदलने का काम हो रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर जहां तार खुले थे उनको भी बदला जा रहा है और जहां पर पोल झुके थे वह भी बदलवाये जा रहे हैं। गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति बेहतर मिले इसके लिए जो ट्रांसफार्मर सबसे ज्यादा ओवरलोड थे उनको बदलवाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा उपकेंद्रों की भी क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसमें कई उपकेंद्र ग्रामीण क्षेत्र के हैं। गर्मी के मौसम में ज्यादा दिक्कत खड़ी होती है। इसको देखते हुये यहां पर भी इंतजाम किए जा रहे हैं जिससे कि गर्मी के दिनों में कोई समस्या न रहे। सदर क्षेत्र के एक्सईएन राजमंगल सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का काम शुरू करा दिया गया है।

उपकेंद्रों में गर्मी से पहले इनकी क्षमता वृद्धि हो जाएगी। इस बार गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को और भी बेहतर बिजली की आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपना बिजली का बिल समय से जमा करें जिससे कि निगम को वसूली के लिए कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा उपभोक्ता के सामने कहीं कोई समस्या हो तो बताएं जिससे उसका समय रहते समाधान किया जा सके।

बैंक की सहायक प्रबंधक का शव फंदे से लटका मिला

पिता ने बैंक अधिकारी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। आर्यावर्त बैंक सिटी शाखा में कार्यरत सहायक प्रबंधक युवती का शव किराये के मकान में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने आर्यावर्त बैंक के एक अन्य अधिकारी पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में तहरीर दी है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस ने मृतका के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

सोनिया खन्ना।

कानपुर नगर जनपद के थाना अरौल के गांव खाडामऊ पुर्वा निवासी भगवान खन्ना की 26 वर्षीय पुत्री सोनिया खन्ना का दो वर्ष पहले बैंक में चयन हुआ था। पोस्टिंग आर्यावर्त बैंक कन्नौज की सिटी शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर हुई। इसके बाद वह पुलिस लाइन रोड तिराहे पर स्थित अब्दुल जब्बार के मकान में किराये का कमरा लेकर रहने लगी। यहीं से वह नियमित बैंक जाती थी। इसी कमरे में 17 फरवरी की रात 10 बजे के करीब उसका शव फंदे पर लटका मिला। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहां रात 11:24 बजे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मामले की सूचना सोनिया के पिता भगवान खन्ना जो दादरी में परिवार के साथ रह कर निजी कंपनी में काम करते हैं को मकान मालिक ने दी। परिजन रविवार को जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने आर्यावर्त बैंक के लॉ आफीसर प्रांशुल वर्मा पर पुत्री का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। यही नहीं मृतका के पिता ने सदर कोतवाली पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। कहा कि करीब छह माह पहले पुत्री ने बताया था कि उसकी शादी की बात आर्यावर्त बैंक में लॉ अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रांशुल वर्मा से हो गई है। आरोप लगाया कि इसके बाद से वह पुत्री का शारीरिक व मानसिक शोषण करने लगा। यह बात मकान मालिक ने उसे बताई। साथ ही कहा कि प्रांशुल का बेटी के कमरे में आना जाना रहता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बैंक के अधिकारी को हिरासत में ले लिया। जहां उससे घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल में रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

घटना के दौरान तीन लोग थे कमरे में

कन्नौज। घटना के दौरान कमरे में तीन लोग मौजूद थे। जहां आरोपी युवती को फंदे से बचाने का प्रयास कर रहा था वहीं दो अन्य लोग बात करते हुए कैंची से रस्सी काटने की बात कह रहे थे। इस वीडियो के आधार पर पुलिस को जांच में काफी सहायता मिल सकती है कि युवती ने फांसी खुद लगाई या किसी ने उसको मार कर फंदे पर लटका दिया। फांसी लगने के दौरान उसके पैर बेड को छू रहे हैं। वहीं जानकार कहते हैं कि फांसी लगने के दौरान रस्सी व गला खिंच जाता है। इससे पैर जमीन या बेड को छूने लगते हैं।

शादी से इंकार करने पर दी जान

कन्नौज। आरोपी से सोनिया की शादी की बात चल रही थी। वह शादी करने को राजी भी था। मृतका के पिता का आरोप है कि कभी-कभी आरोपी शादी करने से इंकार करता था। इसी लिये पुत्री के साथ उसका विवाद भी होता था। वह पुत्री का इसी वजह से उत्पीड़न करता था। इससे वह आजिज आ चुकी थी। बताया जाता है कि घटना से पहले उसने आरोपी से बात की। इसके बाद फांसी लगाई।

अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम वाले प्रवेश पत्र की शुरू हुई जांच

अमृत विचार फालोअप

- यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के पहले दिन हुआ था वायरल
- वेबसाइट पर अपलोड प्रपत्र में भी अभिनेत्री का नाम व फोटो लगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम व फोटो लगा प्रवेश पत्र वायरल होने के बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से आयोजित दो दिवसीय लिखित परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में ही मामला चर्चा में आया गया था। खास बात तो यह कि वेबसाइट पर भी अपलोड प्रपत्र में अभिनेत्री का नाम व फोटो है।

भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो प्रवेश पत्र में दर्ज सूचनाओं के आधार पर ही प्रथम दृष्टया जांच शुरू हुई है। उसमें दर्ज मोबाइल नंबर व जीमेल आईडी को भी ट्रेस किया जा रहा है। तिर्वा में बने पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के केंद्र सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय का नाम लिखा प्रवेश पत्र वायरल हुआ है। हालांकि परीक्षार्थी उसमें शामिल नहीं हुईं हैं। उसमें दर्ज जीमेल आईडी धर्मेंद्र नाम की है। मोबाइल नंबर भी इसी नाम का बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो इस वायरल प्रवेश पत्र की जानकारी भर्ती बोर्ड को दे दी गई है। यह शरारत किसकी है या कोई और बात, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने बताया है कि सनी लियोनी के नाम से प्रवेश पत्र तो जारी हुआ है पर संबंधित परीक्षार्थी पेपर देने केंद्र पर नहीं आई। उसकी गैरहाजिरी दर्ज की गई है।

धर्मेंद्र बोल रहा हूं... मामा एडीएम हैं

सनी लियोनी नाम वाले प्रवेश पत्र में लिखे मोबाइल नंबर पर जब बात की गई तो कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने इतना ही बताया कि वह धर्मेंद्र बोल रहा है। पता बताने से मना कर दिया। उसने पुलिस भर्ती की परीक्षा के लिए आवेदन करने की बात जरूर कही। आगे बताया कि उसे प्रवेश पत्र नहीं मिला इस वजह से परीक्षा में शामिल होने को नहीं मिला। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने यह भी कहा कि 'मेरे मामा एडीएम हैं। पहले उनसे सलाह ले लूं, फिर बताऊंगा कि वह कहां रहता हूं।'

ट्रक ने कार को मारा कट बाल-बाल बचे सवार

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कार में कट मार दिया जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे उसमें सवार दो लोगों को मामूली चोटें आईं। मौके पर पहुंचे यूपीडा अधिकारियों ने चालक सहित युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

जनपद गोरखपुर के सोला पणाली बाजार के गांव मोहनापुर निवासी चालक शुभम यादव पुत्र रमेश यादव (25) गाड़ी मालिक अजय पाल पुत्र पूरन सिंह (56) निवासी लक्ष्मीनगर, मथुरा के साथ लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार एक्सप्रेस वे किलोमीटर संख्या 141 पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन चालक ने कट मार दिया। इससे उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई जिसमें दोनों लोग मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। क्षतिग्रस्त कार को 154 टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

दुर्घटना में बाल-बाल बचीं भाकियू महिला जिलाध्यक्ष

तालग्राम, कन्नौज। कथा का श्रवण कर रविवार की देर शाम कार से लौट रही भारतीय किसान यूनियन टिकैत महिला जिलाध्यक्ष तालग्राम के मोहल्ला गढ़वाटोला निवासी कुसुम चौहान की कार में ग्राम ककरहा के करीब ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इससे कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि किसी को चोट नहीं लगी है। कार क्षतिग्रस्त हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

छात्राओं ने सीखे मार्शल आर्ट के गुर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिविर में तीसरे दिन मिशन शक्ति व समग्र शिक्षा अभियान के बारे में बताया
- राष्ट्रीय सेवा योजना सावित्री बाई फुले छात्रा इकाई का विशेष शिविर

अमृत विचार। राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में राष्ट्रीय सेवा योजना सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। तीसरे दिन छात्राओं ने मार्शल आर्ट की बारीकियां सीखीं। मिशन शक्ति व समग्र शिक्षा अभियान के बारे में भी लोगों को बताया गया।

रविवार को लक्ष्य व संकल्प गीत हुआ। उसके बाद मार्शल आर्ट प्रशिक्षक योगेंद्र शर्मा ने वाइपर तकनीक, फुल बॉडी प्रोटेक्शन, हमेशा जागरूक व सतर्क रहने, खुद को तैयार रखने, अपने पास मौजूद हर चीज का इस्तेमाल करने, अकेले हों तो जोर से चिल्लाएं, आक्रमण कोई करे तो अपने को कैसे बचाना है के बारे में बताया गया। साथ ही आरोपी के शरीर के कमजोर हिस्सों पर प्रहार करने की जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के दौरान अगर आरोपी की जान भी चली जाती है तो भी पीड़ित पर आरोप नहीं लगता। पूर्व छात्रा संजना व सौम्या ने शिविरार्थियों को बताया कि किस प्रकार उन्होंने एनएसएस के कार्य सेवा भाव से किए। साथ ही विश्वविद्यालय से सम्मान भी मिला। द्वितीय सत्र में प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार की देखरेख में छात्राओं ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत सरायघाघ में घर-घर जाकर कैंपेन किया। इसमें प्रत्येक पांच वर्ष तक का बच्चा स्कूल जाता है या नहीं के बारे में पता किया। इस मौके पर छात्रा नंदिनी दुबे, रुशदा अंजुम, काजल राठौर, सीता गौतम, समीरा सिद्दीकी, सबा परवीन, प्रियंका, अनुष्का राठौर व नीतू पाल मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी रीतू सिंह ने भी कई जानकारियां दीं।

राजकीय महिला महाविद्यालय में सुरक्षा के टिप्स सीखतीं छात्राएं। अमृत विचार

भाजपा सरकार धर्म पर कर रही राजनीति : आदित्य

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- शादी समारोह में शिवपाल के बेटे ने विपक्ष को कमजोर करने का लगाया आरोप

अमृत विचार। भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को ईडी व सीबीआई का खौफ दिखाकर पार्टी मे शामिल कर रही है क्योंकि उसे हार का डर सताने लगा है। यह बात एक शादी समारोह मे आए सपा नेता आदित्य यादव ने कही।

रविवार को सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गानगर निवासी कुक्कू चौहान के आवास पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार ईडी व सीबीआई का खौफ दिखाकर डरा रही है। सरकार विपक्ष को कमजोर करने के लिए दोनों विभागों का उपयोग कर रही है। भाजपा को हार का डर सताने लगा है कि डबल इंजन की सरकार रहते हुए यूपी में सीटों की संख्या कम न हो जाए। इसीलिए इंडिया गठबंधन के हर घटक पर निशाना साध रही है। धर्म के नाम पर राजनीति कर लोगों को महंगाई, बढती हुई बेरोजगारी जैसी बडी समस्याओं से भटका रही है। कन्नौज में सपा सरकार ने विकास की धारा बहाई थी। यहां के सांसद व विधायक क्षेत्र का विकास करने में असफल साबित हुए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता क्षेत्र में विकास को लेकर सपा को वोट कर भाजपा को हराएंगे। इस मौके पर अंशुल गुप्ता, श्याम सिंह यादव, अनुज चौहान, दीपेंद्र सिंह चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता थे।

प्रेस वार्ता करते आदित्य यादव।

एशियाई खेलों के लिए मनु पाल का हुआ चयन

छिबरामऊ, कन्नौज। बैंकाक में होने वाली लॉन बॉल्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए लॉन बॉल्स खिलाड़ी मनु पाल का चयन हो गया है।

यह जानकारी देते हुए मनु पाल ने बताया कि लॉन बॉल्स एशियाई चैंपियनशिप 2024 बैंकाक थाईलैंड में होनी है, जिसके लिए 1 फरवरी से 17 फरवरी तक दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में ट्रायल कैंप चला। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से केवल पांच लड़के और पांच लड़कियों का सीनियर कैटिगरी में चयन हुआ। जो भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेलों का आयोजन 3 से 10 मार्च तक होगा। एशियाई खेलों के उनका भी चयन हुआ है।

मनु पाल।

सदा अस्तित्व में रहने वाला ही सनातन धर्म : दंडी स्वामी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गदनपुर ठठिया में श्रीमद्भागवत कथा में बताई गई सनातन धर्म की महिमा
- वेदों से हुई सनातन धर्म की उत्पत्ति, भक्तों को बताए मोक्ष के उपाय

अमृत विचार। सनातन धर्म शाश्वत है और इसका अस्तित्व कभी भी समाप्त होने वाला नहीं है। सनातन की उत्पत्ति वेदों से हुई है। रविवार को क्षेत्र के ग्राम गदनपुर ठठिया में चित्रमाली श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चित्रकूट से आए दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती ने सनातन धर्म की महिमा बताते हुए यह बात कही।

उन्होंने भक्तों को बताया कि सत्य सनातन धर्म शाश्वत है और अमिट है। सदियों तक सनातन को मिटाने की चेष्टा धर्म विरोधियों के द्वारा होती रही लेकिन सनातन धर्म का अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ। विश्व में कई धर्म अस्तित्व में आए और एक समय के बाद समाप्त हो गए। सनातन धर्म की उत्पत्ति वेदों से हुई है। सनातन धर्म के रक्षक और चलाने वाले स्वयं ईश्वर ही हैं। सनातन धर्म में गहरी परम्परा है जिसमें सजीव और निर्जीव में भी ईश्वर का स्वरूप देखा जाता है। सनातन धर्मावलंबी अतिथि को देवता की संज्ञा देते हैं नदियों को और धरती को गाय माता मानकर उनका सत्कार और पूजन करते हैं, गाय को देवताओं का वास मानते हुए माता की तरह पूज्य मानते हैं। विश्व में इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसके बाद उन्होंने समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि जब भगवान के भजन का मंथन किया जाता है तो भक्ति रूपी अमृत निकलता है और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान सनिल द्विवेदी, विमल दुबे, रमेश तिवारी, अरविंद दुबे, विष्णु शरण तिवारी, दिनेश दुबे, सुमित दुबे, संजीव दुबे, विवेक द्विवेदी, अवधेश दुबे, राजन दुबे, राजू अवस्थी सहित कई भक्त मौजूद थे।

कथा प्रवचन करते दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती व मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

भक्तों की पुकार पर अवतरित होते हैं भगवान

गुरसहायगंज। नगर के तिर्वा रोड पर पर चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर रविवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म का कारण और नारद मोह की कथा का प्रसंग सुनाया गया। इसमें मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी ने कहा कि जब-जब धरती पर आतंक, अधर्म, पापाचार, दुराचार बढ़ता है तब प्रभु भक्त की पुकार पर इस धरती पर अवतरित होते हैं। उन्होंने नारद जी तपस्या, इंद्र द्वारा कामदेव को तप भंग करने के लिए प्रेरित करने, ऐसा न कर पाने से नारद जी को अभिमान फिर भगवान विष्णु द्वारा इसे तोड़ने की कथा सुनाई। इसके बाद पितृ भक्त श्रवण का चरित्र और राम जन्म के कारण की कथा का सुंदर वृतांत सुनाया गया। कहा कि उन्हीं के घर महापुरुषों का जन्म होता है जहां कोई भक्त याद करता है। इस दौरान पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, अनीता गुप्ता, सोनी यादव, मधु गुप्ता, विनीता यादव, प्रिया, पूजा, निशा, प्रदीप गुप्ता, संजय गुप्ता, श्याम बाबू, पप्पू आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

कथा का श्रवण करते श्रोतागण व इनसेट में मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी। अमृत विचार

पूर्व आईपीएस ने की सांसद पर एफआईआर की मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भाजपा सांसद के ऑडियो वायरल मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से मोबाइल पर वार्ता की और सांसद पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि सांसद ने हिंदू देवता बजरंगबली के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है।

अमिताभ ठाकुर।

संगठन की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नूतन ठाकुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बातचीत में कार्यकर्ता आलोक दीक्षित उर्फ कन्हैया के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। साथ ही बजरंगबली के प्रति भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने वायरल ऑडियो का सांसद की आवाज से मिलान किया तो यह आवाज मेल खा रही है। हालांकि अमृत विचार समाचार पत्र इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। अमिताभ ठाकुर ने यह ऑडियो क्लिप प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को भेजकर सांसद पर एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है। बताया कि पूर्व में भी सांसद पुलिस चौकी में घुसकर दारोगा व पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर चुके हैं।

व्यवस्था दी | आज राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा में होगी तैयारियों को लेकर बैठक

बोर्ड परीक्षा के लिए कल से भेजे जाएंगे प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक व सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट शामिल

अमृत विचार। पुलिस आरक्षी की लिखित परीक्षा समाप्त हो गई है। अब जिला प्रशासन का पूरा फोकस यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 22 फरवरी से शुरू हो रहीं परीक्षाओं की ओर हो गया है। तैयारियों के लिए आज यानि सोमवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब 400 लोगों की बैठक होगी।

तिर्वा के मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आज दोपहर 12 बजे सभी 100 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट बुलाए गए हैं। साथ ही पांच सचल दल के प्रभारी टीम समेत शामिल होंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि नौ मार्च तक चलने वाली परीक्षाएं किस तरह से संपादित होंगी इसकी जानकारी दी जाएगी। जो अधिकारी ड्यूटी में लगे हैं, उनको किस तरह दायित्व निर्वहन करना है वह भी बताया जाएगा। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित आनंद के भी इस बैठक में शामिल होने की बात कही जा रही है।

दूसरी ओर इस बैठक के अगले दिन यानि 20 फरवरी से कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे। लिफाफे में केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर के बाद सील कर रखा जाएगा।

परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हवन

संवाददाता, तेराजाकेट, कन्नौज

अमृत विचार। चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर सराय प्रयाग में कक्षा 10 व 12 वीं के छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण किए गए। इसमें प्रबंधक व शिक्षकों ने हवन कर बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं के सफल होने की कामना की। 22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा से पहले प्रबंधक प्रशांत कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए विद्यालय में हवन पूजन किया। पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री ने हवन कराया। प्रबंधक व शिक्षकों ने परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ मिष्ठान व कलम भेंट की। इस दौरान देवेंद्र सिंह देव, प्रधानाचार्य राहुल सिंह भदोरिया, राजेंद्र सिंह यादव, अमर सिंह यादव, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, सचिन राजपूत, दिनेश यादव, रवि, संगम यादव, अतुल कुमार, रिंकी देवी, सपना पाल, शीलू यादव, जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

- प्रवेश पत्र के साथ बच्चों को बांटी मिठाई व कलम

हवन पूजन करते प्रबंधक, शिक्षक व परीक्षार्थी। अमृत विचार

सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा सत्यप्रकाश। अमृत विचार

इंसान को परमात्मा से जोड़ रहा निरंकारी मिशन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें गुगरापुर से आए महात्मा सत्य प्रकाश ने बताया कि मिशन आज हर इंसान को परमात्मा के साथ जोड़कर आनंद का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

प्रवचन में कहा कि ऐसा परमात्मा सद्गुरु की कृपा से संत महात्माओं ने पाया है। इसीलिए आज यह सभी आनंदमय जीवन जी रहे है। यह वही परमात्मा है जिसने यह सूरज चांद बनाया है। कहा कि परमात्मा एक है। इसलिए इस एक के साथ जो खुद को जोड़ लेता है। फिर वो कहीं नहीं भटकता। फिर वह व्यक्ति इस परमात्मा का अनुभव करते हुए आनंद में रहता है। इस परमात्मा को प्राप्त करने को एक ही साधन है। वह है सद्गुरु की शरण। हमें परमात्मा को प्राप्त करना है तो सतगुरु की शरण में जाना होगा। बिना गुरु के परमात्मा की जानकारी असंभव है। जिसने परमात्मा को जान लिया है उसकी भाषा, व्यवहार, आचरण, चरित्र सब सरल हो जाता है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, चुन्नू लाल, वीरभान, शिवम, ईश्वर दयाल, देवेन्द्र, राम अवतार, श्री नारायण, सुरेंद्र, छोटे लाल, बलवीर सिंह, दीप, आसाराम, आकाश, सेजल, पारुल, पूनम, विनीता, प्रियंका, बबली आदि रहे।

बिना तलाशी के नहीं मिला परीक्षा केंद्रों में प्रवेश

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा में दूसरे दिन भी सख्ती, तलाशी के बाद मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों की गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिल सका। दूसरे दिन भी केंद्रों पर सख्ती रही। महिला अभ्यर्थियों के पास प्रतिबंधित वस्तुएं अधिक मिलीं। उनको प्रवेश द्वार पर ही फिंकवा दिया गया।

रविवार को भी जिले के सभी 10 केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई। महिला परीक्षार्थियों के हेयर बैंड, क्लेचर, प्लास्टिक के बैग, रिबन, हाथों में पहने मोटे कंगन आदि वस्तुएं परीक्षा कक्ष के अंदर नहीं ले जाने दी गईं। गेट पर तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों ने परीक्षार्थियों की तलाशी लेने के बाद ही केंद्र पर प्रवेश कराया। इससे लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। उससे पहले कमरा नंबर व सीट के लिए सीटिंग प्लान भी देखा। सोनी पारिया विद्यालय में पीडी रामऔतार सिंह व सीओ सदर कमलेश कुमार डटे रहे। निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद दिखे। यहां एक गर्भवती भी धीरे-धीरे पैदल चलकर केंद्र तक पहुंची। दूसरी ओर कुछ इसी तरह का नजारा शहर के दूसरे परीक्षा केंद्र कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का भी रहा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर अधिकारियों व खुफिया विभाग के जिम्मेदारों ने भ्रमण किया। एसपी अमित आनंद ने पुलिस लाइन में बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों का हाल जाना। वह तिर्वा क्षेत्र में भी भ्रमण को निकले।

प्रवेश के लिए लाइन में लगीं महिला अभ्यर्थी। अमृत विचार

सोनी पारिया कॉलेज में प्रवेश द्वार पर क्लेचर उतारकर फेंकती अभ्यर्थी।

- महिला अभ्यर्थियों के पास अधिक मिलीं प्रतिबंधित वस्तुएं

दोनों पालियों में 400 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कन्नौज। जिले में पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए बने सभी 10 केंद्रों पर दोनों पालियों में कुल 400 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 141 अभ्यर्थी और दूसरी पाली में 259 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सबसे अधिक अनुपस्थित रहने वाले 45 अभ्यर्थी सोनी पारिया पब्लिक स्कूल कन्नौज से रहे। सबसे कम गैरहाजिर रहने वाली संख्या पहली पाली में 11-11 दीनानाथ इंटर कॉलेज व महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा के केंद्रों से रही। बताया गया है कि कुल पंजीकृत 9,744 परीक्षार्थियों में से 9,344 उपस्थित हुए।

परीक्षा छूटने के बाद लगा जाम

तिर्वा। कस्बे में आठ विद्यालयों को यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। दोनों पालियों की परीक्षा छूटने के बाद गांधी चौराहा पर जाम लग गया। जाम जैसे हालात ठठिया चौराहा पर भी रहे। पुलिसकर्मियों ने धीरे-धीरे वाहनों को बाहर निकाला। गांधी चौराहा व ठठिया चौराहा के पास फुटपाथ पर कई स्थानों पर अतिक्रमण है। इस वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए एसपी अमित आनंद ने पुलिस व ट्रैफिक सिपाहियों की तैनाती की थी। रविवार को जैसे ही पेपर छूटा वैसे ही खैरनगर मार्ग, गांधी चौराहा, ठठिया चौराहा भीड़ व वाहनों की लाइन लग गई।

गांधी चौराहा पर लगा जाम। अमृत विचार

विवाहिता ने महिला टप्पेबाजों को पकड़ा

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- टेंपो में पर्स कर दिया था पार, पुलिस कर रही घटना की जांच
- पर्स में सलामत मिले नकदी व जेवरात, कार्रवाई की मांग

अमृत विचार। बेवर से छिबरामऊ के लिए टेंपो पर बैठी विवाहिता का पर्स गायब हो गया। नगर में पहुंचते ही दो महिलाओं के पास पर्स देख महिला ने शोर मचाकर छीन लिया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस आरोपी महिलाओं को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। पर्स में उसकी नकदी व जेवरात सही सलामत मिल गए।

जनपद मैनपुरी अलीपुर कुरावली निवासी पूनम पत्नी अजय यादव अपने देवर अनुराग के साथ अपने मायके थाना सौरिख क्षेत्र के ग्राम किसई जगदीशपुर के लिए निकली थी और बेवर से छिबरामऊ के लिए टेंपो में बैठ गई। उन्होंने बताया नगर में पहुंचते ही गोद में लिए बच्चे को प्यास लगने पर पर्स देखा तो नहीं दिखाई दिया। पूर्वी बाईपास पर उतरते ही टेंपो में सवार दो अन्य महिलाओं के बैग में पर्स देखकर पूनम ने चिल्लाते हुए पर्स छीन लिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी महिलाओं को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। विवाहिता ने बताया कि पर्स में रखे सोने-चांदी के आभूषण सही सलामत थे। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर दी है।

पुलिस को घटना की जानकारी देती विवाहिता। अमृत विचार

कार सवारों ने महिला को लूटा

छिबरामऊ, कन्नौज। शहर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी सुघरलाल शर्मा ने बताया कि वह पत्नी को लेकर शनिवार को बेवर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात कार सवार लुटेरों ने 13 हजार रुपये नकद व कुंडल छीन लिए और चलती कार से नीचे फेंक दिया। जब वह प्रेमपुर चौकी पर शिकायत करने गए तो पुलिस ने घटनास्थल मैनपुरी का बताया। वहां भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह से कार्रवाई की मांग की है।

पांच हत्यारोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

तालग्राम। 31 अगस्त को ग्राम ताहपुर में तहबाजारी के विवाद में हत्या के मामले के आरोपी पिता-पुत्र व दमाद सहित पांच लोगों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि ग्राम ताहपुर निवासी मनोज, उसका पुत्र शिवांशू, दामाद रचित व थाना इंदरगढ़ के लालसहायपुर्वा निवासी कन्हैया, हरिश्चंद्र समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे है। आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए पांचों आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट, हत्या जैसे संगीन अपराध को अंजाम दिया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पांच आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

दुर्घटना में एक परीक्षार्थी की मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई

- पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कन्नौज लौटते समय एक्सप्रेस वे पर हादसा
- कुठौंद थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर से टकराई कार, नौ घायल

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कार से लौट रहे परीक्षियों से भरी कार को डंपर ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से कार के परखचे उड़ गए। वहीं एक परीक्षार्थी की मौत हो गई। कार सवार नौ परीक्षार्थी घायल हो गए। दुर्घटना रविवार दोपहर दो बजे की है। शनिवार को कन्नौज से पुलिस परीक्षा देने अर्टिगा कार से 10 परीक्षार्थी झांसी गए थे। परीक्षा देकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से कन्नौज वापस जा रहे थे। तभी रात 2 बजे कुठौंद थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर के पास परीक्षार्थियों की तेज रफ्तार जा रही अर्टिगा कार डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में बैठे लोगों की मची चीख पुकार सुनकर नजदीकी गांव के लोग दौड़ पड़े। ग्रामीण उस समय खेतो में सिंचाई कर रहे थे। किसानों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। इस भीषण दुर्घटना में पुलिस परीक्षार्थी मनोज कुमार पुत्र राम विलास निवासी ग्राम सरसई जिला कन्नौज की मौत हो गई। तीन का इलाज मेडिकल कालेज उरई में चल रहा है। 6 परीक्षार्थियों को मामूली चोटें आने से प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई है।

मनोज कुमार।

दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

बाइक की टक्कर से युवक घायल

तालग्राम, कन्नौज। मां को बाइक पर बैठाकर अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहा युवक बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। उसे सीएचसी से राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। रविवार की दोपहर थाना तालग्राम के ग्राम भीखमपुर सानी निवासी दयाशंकर शर्मा का पुत्र विकास शर्मा (18) मां मीना को बाइक पर बैठाकर सीएचसी तालग्राम में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहा था। तालग्राम-तेराजाकेट सम्पर्क मार्ग पर पहुंचा था कि थाने के निकट उसकी बाइक में एक अन्य बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक सड़क पर गिर गई। विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उसकी मां बाल-बाल बच गई। घायल को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया गया।

दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- शुक्रवार की घटना से आहत किशोरी ने कर ली थी आत्महत्या
- छात्रा के पिता ने तीन के खिलाफ दर्ज कराया था केस

अमृत विचार। हाईस्कूल की छात्रा का एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया जबकि दो आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। शुक्रवार की शाम छात्रा ने दुष्कर्म के प्रयास की घटना से आहत होकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा के पिता ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

शुक्रवार की शाम हाईस्कूल की एक छात्रा से गांव के आशीष कुमार व आनन्द कुमार दो युवकों के अलावा खड़िनी निवासी रमन शाक्य ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। इस दौरान ग्रामीण के पहुंच जाने पर तीनों युवक फरार हो गए थे। घटना से परेशान छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

घटना से छात्रा के परिजनों में कोहराम मच गया था। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। रविवार दोपहर थाना प्रभारी सचिन कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राकेश पटेल, हमराही मनोज कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। उसी समय खड़िनी निवासी रमन शाक्य पुत्र रवि शाक्य को खड़िनी नहर पुल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सार-संक्षेप

पुलिस ने लापता बालक को परिजनों से मिलाया

गुरसहायगंज। घर पर खलते समय बालक बाहर निकल आया और परिजनों से बिछड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की तलाश कर बालक को उनके सुपुर्द कर दिया। कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह ने बताया कि वह रविवार की दोपहर लगभग 01 बजे कांस्टेबल दीपांशु गंगवार, गजेन्द्र सिंह, रोशनी, अल्का के साथ गश्त कर रहे थे। तभी नगर के तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास 03 वर्ष का बालक मिला। लगभग दो घंटे बाद पुलिस ने बालक के पिता मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रताप सिंह पाल व मां सरिता पाल को खोजकर बालक को सुपुर्द कर दिया।

बालक के साथ मौजूद माता-पिता।

कीटनाशक दवा पीने से युवक की मौत

सौरिख, कन्नौज। कीटनाशक दवा पीने से युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन कानपुर ले जा रहे थे तभी युवक की मौत हो गई। नगर के बिधूना रोड निवासी उदय कुमार पुत्र नंदकिशोर (18) फसलों में डालने वाली प्राइवेट कीटनाशक दवा कंपनी में कार्यरत था। शनिवार शाम किसी कारण नाराज होकर उसने कीटनाशक दवाई पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां हालत बिगड़ने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार सुबह समुचित इलाज न होने के कारण परिजन कानपुर ले जाने के लिए तैयारी कर रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

तहसीलों में कल होगा समाधान दिवस

कन्नौज। यूपी पुलिस आरक्षी की लिखित परीक्षा होने की वजह से जिले में 17 फरवरी को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस नहीं हुआ। 20 फरवरी यानि मंगलवार को तहसीलों में समाधान दिवस के तहत समस्याएं सुनी जाएंगी।

महिला व पुत्रियों को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज। महिला ने प्रधान पति व बीडीसी की पत्नी पर बेबजह गाली गलौज करने सहित मारपीट का आरोप लगाया है। ग्राम गौरियापुर निवासी शेर सिंह की पत्नी तारावती का कहना है कि 17 फरवरी की शाम लगभग 09 बजे ग्राम प्रधान पति, उसकी पुत्री व बीडीसी की पत्नी ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे व उसकी पुत्रियों देवकी, सुंदरा को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

लकी ड्रा निकालते गौरव अमर त्रिपाठी। अमृत विचार

श्रीराम को जानो प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

छिबरामऊ, कन्नौज। मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत एमसीएमआर ग्रुप के द्वारा 12 से 22 जनवरी तक श्रीराम को जानो ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें सही जबाव देने वाले नगर के 203 लोगो में से दस भाग्यशाली लोगों को पुरस्कृत किया गया। मोहल्ला कोलियान गली निवासी विनीत कुमार टिंकू ने लकी ड्रा में सबसे पहले बाजी मारी, सराफान निवासी शरद सिंह दूसरे और अरुणेश तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद अमन चौहान, रवींद्र कुमार शुक्ला, अजय उपाध्याय, धर्मेंद्र कूलर वाले, आयुष सिंह, सुधीर शाक्य ने पुरस्कार जीते।

चोरों ने मिठाई की तीन दुकानों को बनाया निशाना

तिर्वा, कन्नौज। चोरों ने एक साथ मिठाई की तीन दुकानों के ताले तोड़कर मिठाई, सामान व नगदी पार कर दी। मुख्य मार्ग पर दुकानों में चोरी से पुलिस की गश्त पर लोग सवाल उठा रहे हैं। ठठिया थाना क्षेत्र के औसैर कस्बा निवासी चंदन कुमार, प्रेमशंकर व पप्पू कस्बा में मिठाई की दुकान किए हैं। शनिवार की रात को चोरों ने तीनों दुकान के ताले तोड़कर मिठाई, कीमती सामान समेत नगदी पार कर दी। रविवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदारों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। तीनों दुकानदारों ने बताया कि करीब 40 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि घटना की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- शादी समारोह में गए थे सभी परिजन, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार। शहर के पश्चिमी बाईपास स्थित मोहल्ला सराय गूजरमल में युवक का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन शादी समारोह में गए थे, जब लौटकर आए तो घटना की जानकारी हुई।

नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित नार्मल रोड सराय गूजरमल निवासी 18 वर्षीय गोलू पुत्र इमामी नगर के एक बाइक शोरूम में नौकरी करता था। शनिवार की शाम उसका शव घर के एक कमरे में फंदे पर लटका मिला। गोलू के मामा सलीम खान ने बताया कि बहन चुन्नी बेगम अपने बच्चों के साथ घर की दूसरी मंजिल पर रहती है। 14 फरवरी को बच्चों के साथ अलीगंज रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी, लेकिन उनका 18 वर्षीय पुत्र गोलू शोरूम पर ड्यूटी के कारण नहीं गया। जब वह शनिवार की शाम तक नहीं दिखा तो उसे फोन किया गया। उसके फोन की घंटी उसके कमरे से सुनाई दी। कमरा खोल कर देखा तो उसका शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों की गुहार पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव दे दिया। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

गोलू।

रामलला के दर्शन को गए श्रद्धालु की ट्रेन से कटकर मौत

छिबरामऊ। रामलला के दर्शन को अयोध्या गए युवक कानपुर में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने सूचना परिजनों को दी, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे।

नगर के आवास विकास कालोनी निवासी महेश चंद्र शुक्ला का 32 वर्षीय पुत्र शिक्रांत स्वरूप शुक्ला 9 फरवरी को अपने तीन साथियों के साथ अयोध्या दर्शन के लिए पैदल निकला था। शुक्रवार को आईआईटी कानपुर में शिक्रांत का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला।

कल्यानपुर रेलवे पुलिस ने उसकी जेब से मिले मोबाइल नंबरों से संपर्क किया। उसकी शिनाख्त होने पर जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

भाकियू संगठन हर संघर्ष में किसानों के साथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/छिबरामऊ

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (किसान) 19 फरवरी को जिला मुख्यालय के साथ सभी तहसील मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन करेगी। 21 फरवरी को संगठन के हजारों कार्यकर्ता दिल्ली के लिये कूच करेंगे।

भाकियू (किसान) राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर के आदेश पर जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला की अगुवाई में जिला मुख्यालय नवीन मंडी स्थल के पास एक निजी प्रतिष्ठान पर किसान पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रजनीश दुबे ने कहा कि यह सरकार किसानों पर जो अत्याचार कर रही है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसको लेकर जिला मुख्यालय पर 19 फरवरी को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। इस अवसर पर सुमित सिंह को कानपुर मंडल महामंत्री, मो. जुबैर खां को जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, रंजना गौतम जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, श्याम सिंह नगर अध्यक्ष कन्नौज, दिलशाद मंडल सचिव कानपुर, सोफियान जमा खां नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक युवा मोर्चा का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर संगठन के मण्डल उपाध्यक्ष सोनू बघेल, जिला उपाध्यक्ष रजत तिवारी, जिला सचिव शनि चतुर्वेदी, जिला महांसचिव अरुण सैनी, जिला महांमंत्री सत्यभान सिंह, तहसील अध्यक्ष शांतनु यादव, तहसील उपाध्यक्ष कल्पेद्र शाक्य, भूपेंद्र कुमार, शिवम शर्मा, संदीप शर्मा, अनुज तिवारी, अनुराग यादव आदि उपस्थित रहे।

बेसिक शिक्षकों की लगी ड्यूटी

कन्नौज। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि 22 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक के तौर पर विभाग के भी शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई है। 19 फरवरी को बीआरसी से परिचय पत्र मिलेंगे।

बाइक सवार घायल

कन्नौज। हरदोई जनपद के थाना अरवल गांव भिम्मापुर्वा निवासी उमेश चंद्र (35)पुत्र संतराम खोये का व्यापार करते हैं। रविवार को वह खोया बेंचने के लिये कुसुमखोर गंगा पुल से आये थे। दोपहर के समय वह बाइक से अपने घर को लौट रहे थे। जैसे ही वह कुसुमखोर गांव के निकट पहुंचे तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

विकास की पहल — कन्नौज को फफूंद व हरदोई से रेल लाइन से जोड़ने की मांग, समाज कल्याण मंत्री व सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री को भेजा पत्र

इत्र पार्क को रेलवे लाइन से जोड़ने की कवायद शुरू

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में बनने वाले विश्वस्तरीय इत्र पार्क को रेलवे लाइन से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। औरैया जनपद के फफूंद से लेकर हरदोई तक नई रेलवे लाइन बिछाए जाने के लिए प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री व सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र भेजा है। इस रेलवे लाइन से जनपद व्यापारिक रूप से समृद्ध होगा तो जिले में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

जनपद में कस्बा ठठिया के पास 31 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय इत्र पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा 157 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। यहां 55 भूखंडों का आवंटन इत्र व्यवसायियों व कंपनियों को किया जाना है। इससे इत्र उद्योग को पूरी दुनिया में अलग पहचान मिलेगी तो पर्यटक भी आकर्षित होंगे। इत्र पार्क आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे बनाया जा रहा है, जबकि वहां कोई रेलवे लाइन नहीं है। ठठिया से रेलवे लाइन 18 किलोमीटर दूर कन्नौज में है। ऐसे में बाहर से आने वाले पर्यटकों व उद्यमियों को इत्र पार्क तक पहुंचने में परेशानी होगी। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक ने इत्र पार्क को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा है, जिसमें जनपद औरैया के फफूंद रेलवे स्टेशन से ठठिया-कन्नौज होकर हरदोई से जोड़ने की मांग की गई है। ऐसे में कन्नौज दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई तथा दिल्ली-लखनऊ रेलवे लाइनों से जुड़ जाएगा। यह रेलवे लाइन व्यापारिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगी तथा पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट सरकार को बजट आवंटित करने को जाएगा।

जिले में ठठिया के पास बनाया जा रहा विश्वस्तरीय इत्र पार्क। अमृत विचार

भाजपा नेता विपिन द्विवेदी भी प्रयासरत

जनपद की सबसे बड़ी तहसील एवं औद्योगिक शहर छिबरामऊ को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए भाजपा नेता विपिन द्विवेदी भी कई सालों से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात कर नई रेलवे लाइन बिछवाये जाने की मांग की है। औरैया जनपद के अछल्दा से फर्रुखाबाद तक तथा बिल्हौर से हाथरस तक नई रेल बिछाने का प्रस्ताव भेजा है। बताया कि रेलवे मंत्रालय से नई रेल लाइनों के सर्वे को मंजूरी मिल चुकी है। छिबरामऊ में बड़े पैमाने पर कृषि यंत्रों के कारखाने, राइस मिल व कोल्ड स्टोरेज हैं। व्यापारिक दृष्टिकोण से यहां रेल मार्ग होना अति आवश्यक है।

विपिन द्विवेदी।

इन शहरों व कस्बों को मिलेगा लाभ (प्रस्तावित)

- **फफूंद-हरदोई रेल लाइन :** फफूंद, सुजानपुरवा, सहार, बेला, उमर्दा, खैरनगर, ठठिया (इत्र पार्क), मानीमऊ, बिलग्राम, हरदोई
- **अछल्दा-फर्रुखाबाद रेल लाइन :** अछल्दा, कुदरकोट, एरवा कटरा, चपुन्ना, खड़िनी, सौरिख, छिबरामऊ, जहानगंज, फर्रुखाबाद
- **बिल्हौर-हाथरस रेल लाइन :** बिल्हौर, मकनपुर, ठठिया (इत्र पार्क), तिर्वा (मेडिकल कॉलेज), सुजान सराय, तालग्राम (फोरेंसिक लैब), छिबरामऊ, प्रेमपुर, नवीगंज, बेवर, भोगांव, एटा, हाथरस

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं निधि श्रीवास्तव पत्नी राम गोपाल श्रीवास्तव, निवासी- मुनेश्वर पुरम्, नव ज्योति इण्टर कालेज आलमनगर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017, मेरे पुत्र आयुष का रवैया, व्यवहार व चाल- चलन परिवार के प्रति सही नही है, वह आये दिन लड़ाई-झगड़ा व मनमानी करता रहता है। उसके इस व्यवहार से तंग आकर अपने पुत्र आयुष को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

NOTICE

I informed that I am Shaad Ahsan, resident- Azad Nagar Near Airport Chauraha Post Manas Nagar Kanpur Road Lucknow, my name Shad Ahsan, my father's name Shamsool Afreen and mother's name Nikhat Afreen have been wrongly written in the school records. Whereas my correct name is Shaad Ashan, father's name is Shamshoul Arfin and mother's correct name is Nikhat Afrin. Therefore, all correct names should be recorded in my school records.

एक नजर

पत्रकार का निधन

फर्रुखाबाद। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संतोष प्रजापति का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वह मान्यता प्राप्त पत्रकार थे। उनकी आयु लगभग 65 वर्ष थी। वह अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र एक पुत्री को छोड़ गए हैं। डॉ. प्रजापति आयुर्वेदाचार्य थे होने के साथ कई संगठन में पदाधिकारी थे। मोहन लाल गौड़, रवींद्र भदौरिया, विपिन बिहारी सक्सेना, अजीत अग्निहोत्री, सुरेश गुप्ता, तारिक मियां, रिंकू पांडे सहित कई पत्रकारों ने श्रद्धांजलि दी।

शराब पीने से युवक की मौत

फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला मछली मंडी स्थित देसी शराब के ठेके पर युवक का शव देखे जाने पर सनसनी फैल गई। थाना कपिल के ग्राम नगलाधनी निवासी राजेश कुमार ने मृत युवक की अपने भाई अमित कुमार शाक्य के रूप में शिनाख्त की। 24 वर्षीय अमित को नशा छुड़वाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया गया था। उसने शराब के लिए रुपए न देने पर ईट मार कर अपनी मां का पैर भी तोड़ दिया था। आज उसका शव ठेके के पास पड़ा पाया गया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

गैंगेस्टर के घर बुलंदशहर पुलिस का छापा

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम रामपुर जोगराजपुर निवासी सुनील सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट मुकदमा थाना नरोरा जिला बुलंदशहर में दर्ज है। नरोरा पुलिस ने आरोपी सुनील के घर दबिश दी लेकिन सुनील न मिला।

सेंट्रल जेल में आजीवन सजा काट रहे बंदी की मौत

परिजनों ने काटा हंगामा, आठ साल से हत्या के मामले में काट रहे थे सजा, उन्नाव से हुआ था ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सेंट्रल जेल फतेहगढ में आजीवन सजा भुगत रहे कैदी की मौत हो गई। कैदी की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

आठ साल से हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे वृद्ध कैदी अशोक तिवारी की हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया ।जहाँ चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया । परिजनों नें जेल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाया और जमकर हंगामा किया। हंगामा होनें की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और मामले को शांत किया। जनपद उन्नाव के गांव भदोई निवासी 80 वर्षीय सिद्ध दोषबंदी अशोक कुमार तिवारी पुत्र अमृतलाल पिछले 30 अप्रैल 2017 को जिला कारागार उन्नाव से सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ भेजा गया था। शनिवार को अचानक तबीयत खराब होनें पर बंदी रक्षक बाबू शंकर नें शाम को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया । जहां मौके पर तैंनात ईएमओ डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी नें कैदी अशोक कुमार तिवारी को मृत घोषित कर दिया । बंदी की मौत की खबर पर उसकी पत्नी अवधेश कुमारी, पुत्र अतुल आदि लोग लोहिया अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जेल प्रशासन पर समय से उपचार न करानें का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया । सूचना मिलने पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह, थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ लोहिया अस्पताल पहुंच गये ।

परिजनों व जेल कर्मियों की बीच नोकझोंक: बंदी को भर्ती करानें वाले बंदी रक्षक बाबू शंकर नें बताया कि दोपहर में उन्हें ओपीडी लाया गया था। उनका सैंपल लिया गया और जाँच आख्या सोमवार को मिलनी थी, जिसके चलते बंदी अशोक को वापस जेल लेकर चले गये।शाम को पुनः हालत खराब होनें पर उन्हें अस्पताल लाया गया।

पुलिस नें इमरजेंसी में बने पर्चा काउन्टर पर पर्चा चेक कराया । बाद में सेंट्रल जेल के जेलर करुणेन्द्र यादव मौके पर पंहुचे और मृतक बंदी के पुत्र अतुल से वार्ता की । इस दौरान परिजनों और जेल कर्मियों की नोकझोंक भी हुई । परिजनों नें शव का पोस्टमार्टम करानें से मना किया लेकिन सीओ सिटी प्रदीप कुमार नें उन्हें बताया कि जेल की नियमावली के अनुसार मरने वाले बंदी का पोस्टमार्टम होता ही है। लिहाजा पोस्टमार्टम कराया जाएगा ।

लोहिया अस्पताल में हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

परिचय मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

परिवारवालों ने गंभीर आरोप लगाए

- मृतक कैदी अशोक कुमार तिवारी के दामाद अभिषेक अवस्थी ने सेंट्रल जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं । उन्होंने कहा कि जेल में प्रति सप्ताह रुपयों की अवैध वसूली की जाती थी, साथ ही जेल में अच्छा खाना भी नहीं मिलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन पैसा खाने के अलावा कुछ नहीं करता है। वहीं मृतक कैदी के पुत्र अतुल्य आरोप लगाया कि जो दूध दिया जाता था, उसमें सिर्फ 10 प्रतिशत दूध होता था। 90% पानी और पानी जैसी दाल परोसी जाती थी। तबीयत खराब होने के बाद सेंट्रल जेल प्रशासन लगातार गुमराह करता रहा और हम लोगों के आने के बाद शनिवार देर शाम जिला अस्पताल लोहिया में एंट्री करवाई है । जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मृतक बंदी के पुत्र अतुल कुमार नें आरोप लगाया कि जेल में मौत होनें के बाद ही उनके पिता को लोहिया अस्पताल औपचारिकता के लिए लाया गया।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

- सेन्ट्रल जेल के जेलर करुणेन्द्र यादव नें बताया कि चिकित्सीय परामर्श के हिसाब से बंदी का लगभग एक साल से जेल अस्पताल में उपचार चल रहा था। ।उसके उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नही की गई है। बंदी के परिजन जो आरोप लगा रहे हैं वह निराधार हैं।

पांडेश्वर नाथ मंदिर से सांई की मूर्ति हटाने का दिया अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पांचाल घाट स्थिति दुर्वासा आश्रम के महंत स्वामी ईश्वरदास ने पांडेश्वर नाथ मंदिर में लगी सांई बाबा की मूर्ति तत्काल हटाये जाने की मांग की है। मूर्ति न हटने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

रेलवे रोड पर स्थित महाभारत कालीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में सांई बाबा की प्रतिमा लगी है। सांई बाबा की मूर्ति को लेकर महंत ईश्वर दास महाराज बड़ा ऐलानकिया है। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज ने बताया कि सांई बाबा का असली नाम चांद मियां है। सनातन धर्म के मंदिर में सांईं प्रतिमा स्थापित कर सनातन धर्म का बार-बार अपमान किया जा रहा है। इसे कोई भी सनातनी स्वीकार नहीं करेगा। जिन लोगों की श्रद्धा है, वह व्यक्तिगत मंदिर बनवाकर मूर्ति लगवाएं। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की कहीं भी किसी भी मंदिर में साँईं मूर्ति नहीं लगनी चाहिए। बार-बार कुठाराघाट सनातन धर्म पर ही होता है। यदि ऐसा ही है, तो मस्जिद और चर्च में सांई की मूर्ति क्यों नही लगाई जाती। जहां देखो वहां पर बार-बार सनातन धर्म के मंदिरों का अपमान होता है । हमारे आचार्य, हमारे अवतार के पास जिन्होंने साँईं मूर्ति लगवाई है उनसे व प्रशासन से मांग है इस पर जल्द से जल्द अमल करें । अन्यथा की स्थिति में सभी सनातन धर्मी और बहुत से संगठन मिल कर बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे। ईश्वर दास महाराज ने बताया कि पांडेश्वर नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष से जल्द से जल्द साँईं मूर्ति हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मूर्ति नहीं हटाई गई तो 22 फरवरी को पांडेश्वर नाथ मंदिर में अनशन पर बैठें जाएंगे और धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन शुरू कर देंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

स्वामी ईश्वर दास।

- **विवाद : महंत ईश्वर दास ने मूर्ति न हटने पर 22 से आंदोलन छेड़ने की दी चेतावनी**

रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

पत्नी के मायके से न आने पर पति ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में पत्नी के मायके से न आने पर पति ने फांसी लगा कर जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अताईपुर जदीद निवासी राधेश्याम राठौर के पुत्र गोविंद (35) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। साइकिल मिस्त्री गोविंद पत्नी को बुलाने ससुराल गया था ।पत्नी के न आने के कारण गोविंद टेंशन में था। वह आजकमरे का दरवाजा बंद कर पंखे में रस्सी बांधकर फांसी पर लटक गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने कुंडी निकलवा कर दरवाजा खुलवाया। फिगर प्रिंट टीम ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोविंद का 10 वर्ष पूर्व थाना शमशाबाद के ग्राम खुडना निवासी विशुन दयाल की पुत्री सोनी से विवाह हुआ था। विवाद होने के बाद सोनी अधिकांश समय मायके में रहती है ।घटना की सूचना पर गोविंद के घर पर भारी भीड़ लगी हुई है।

किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

फर्रुखाबाद। थाना मेरापुर क्षेत्र में रविवार को किशोरी ने फांसी लगा कर जान देदी। थाना क्षेत्र के गांव मुरान निवासी दिग्विजय ठाकुर की पुत्री रानी (19)ने उस समय फांसी लगा ली जब उसके पिता खेत पर घास लेने के लिए गए थे । लौट कर आए तो रानी दुपट्टे से फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है । इस दौरान पुलिस को मृतक रानी के पास से मोबाइल भी मिला है । पुलिस मोबाइल का डाटा खंगालने में जुटी है । पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि मोबाइल डाटा के जरिए से आत्महत्या का कारण सामने आ सके। फिलहाल किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है । मेरापुर थाना प्रभारी ने बताया यदि मोबाइल से कोई सुराग मिलता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि मृतका रानी की मां की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी है । वह सात भाई बहन है । जिसमें वह सबसे छोटी थी। बड़ा भाई अरविंद, भीम, अमित, कृष्णा बाहर रहकर काम करते है ।

आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म

फर्रुखाबाद। खेत में घास लेनें के बहाने बुलाकर दरिन्दे नें आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस नें नामजद आरोपी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना कादरीगेट के एक गाँव निवासी आठ वर्षीय बालिका को ग्राम पपियापुर निवासी आरोपी साहिल पुत्र मशहूर मोहम्मद खेत में घास लानें के बहानें बीते 15 फरवरी को शाम 5 बजे बुला ले गया । उसके साथ सरसों के खेत में दुष्कर्म किया।जब बालिका दो घंटे बाद अपने घर गयी तो आपबीती अपनी माँ को बतायी । मामले में पीड़िता के पिता नें आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी।

रीजनिंग के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को छकाया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा देने पंजाब व झारखंड समेत दूसरे प्रांतों से आए परीक्षार्थी सामान्य ज्ञान के सवालों में उलझे। इसके साथ ही रीजनिंग के प्रश्नों ने भी छकाया।

जनपद के 35 केंद्रों पर दूसरे दिन भी दो पालियों में पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ लग गई। रामानंद बालिका इंटर कॉलेज के बाहर शहर कोतवाल ने लाइन लगाकर अभ्यर्थियों को प्रवेश करने दिया। रस्तोगी इंटर कॉलेज और बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में भी रोल नंबर देखने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ थी। एनएकेपी इंटर कॉलेज में अभ्यर्थियों की पहचान के लिए बायोमैट्रिक के साथ ही फेस रिकग्निशन व आईरिस स्कैनिंग से अभ्यर्थी की पहचान की गई। रामानंद बालिका इंटर कॉलेज से निकले पंजाब के लुधियाना से आए आरव कुमार ने बताया कि जीके में दिक्कत हुई। झारखंड के अंकुर कुमार ने बताया कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधी प्रश्न यूपी से जुड़ा था। यूपी के बारे में जानकारी ज्यादा थी नहीं तो जवाब नहीं दिया। बिहार से आईं मुस्कान यादव का कहना था कि रीजनिंग के सवाल कुछ कठिन थे।

निरीक्षण करते डीएम,एसपी। अमृत विचार

पुलिस भर्ती परीक्षा में संदिग्ध पर रिपोर्ट दर्ज पुलिस ने हिरासत में लिया

फर्रुखाबाद। पुलिस भर्ती परीक्षा में एक अभ्यर्थी संदिग्ध पाए जाने पर केंद्र प्रभारी डा. अनीता ने कोतवाली फतेहगढ में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में पीडी महिला डिग्री कालेज फतेहगढ की केंद्र प्रभारी डा. अनीता ने कहा है कि उन्हें प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान किसी ने फोन पर बताया कि उनके सेंटर पर महमूद गलत कागजो से परीक्षा दे रहा है। जब उसके आधार कार्ड से मार्क शीट वेरीफाई की गई तो वह सन्दिग्ध नजर आया। उसने अपना नाम महमूद पुत्र कर्रार निवासी अजीजल पुर थाना जहानगंज बताया है।

महमूद।

होटल मालिक ने दो दिन परीक्षार्थियों को दिया मुफ्त भोजन

फर्रुखाबाद। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए दूसरे प्रांतों से आए युवाओं को दो दिन तक होटल मालिक जैमिनी राजपूत ने रियायती दर पर ठहरने की व्यवस्था की। इसके साथ ही उन्हें मुफ्त भोजन भी खिलाया। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए झारखंड, पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश आदि से युवा परीक्षा देने के लिए आए थे। रेलवे रोड स्थित अनंत होटल में रुकने के लिए युवाओं की भीड़ पहुंची तो होटल मालिक नितिन राजपूत जैमिनी ने निचले तल पर बने हॉल में रजाई-गद्दे डलवाकर उन्हें ठहराया। भोजन की व्यवस्था भी मुफ्त की। पंजाब से आए प्रिंस, बिहार के राहुल कुमार, झारखंड के अमित नोनिया और गुना के आशीष दुबे ने बताया कि सिर्फ रुकने के लिए 150 रुपये लिए गए।

बोर्ड परीक्षा : 30 फीसदी प्रवेश पत्र नहीं बंटे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) 2024 परीक्षा की तैयारियों में लापरवाही बरती जा रही है। यही वजह है कि जनपद में अभी तक करीब 30 प्रतिशत परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं बंट सके हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने में महज दो दिन शेष रह गए हैं, लेकिन अभी भी लगभग 30 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र नहीं मिले हैं। यह हाल तब है, जब जिला विद्यालय निरीक्षक मातहतों को सख्त निर्देश दे चुके हैं कि परीक्षार्थियों को जल्द से जल्द शत-प्रतिशत प्रवेश पत्र बांट दिए जाएं। इसके लिए ब्लॉकवार नोडल भी बनाए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अभी भी जनपद में लगभग 30 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र नहीं बांटे जा सके हैं। कई कॉलेज तो ऐसे हैं, जो छात्रों से फीस के नाम पर रुपये मांग रहे हैं। न देने पर उन्हें प्रवेश पत्र नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायतें भी जिला विद्यालय निरीक्षक के पास आ रही हैं। श्याम जनता इंटर कॉलेज सिन्नौड़ा ईश्वरी मोहम्मदाबाद की कक्षा 12 की छात्रा शिखा तिवारी ने बताया कि अभी तक उसे प्रवेश पत्र नहीं मिला है। कॉलेज जाती है तो टरका दिया जाता। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रवेश पत्र न बांटे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। सोमवार को राजकीय कर्मचारी की तैनाती करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र कार्यालय से बंटवाए जाने की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इसके साथ ही सभी नोडल को निर्देशित किया जाएगा कि वह दो दिन में शत-प्रतिशत प्रवेश पत्र बंटवा दें।

32 बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती में फेरबदल

फर्रुखाबाद। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 32 बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती में फेरबदल किया है। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मनोज कुमार की जगह अशोक कुमार कठेरिया, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में जगवीर सिंह यादव की जगह प्रवीण कुमार, रस्तोगी में पवन कुमार के स्थान पर संघप्रिय गौतम, कानौडिया बालिका इंटर कॉलेज में बाल गोविंद की जगह जगवीर सिंह, रामानंद बालिका में देवेंद्र कुमार की जगह रविराज, जनता राष्ट्रीय में अशोक शुक्ल की जगह रवेंद्र सिंह शाक्य को तैनात की गया है। इसी तरह डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया में जितेंद्र कुमार के स्थान पर अजय पाल सिंह, दुर्गा शिक्षा संस्थान में प्रवक्ता सुनील कुमार की जगह सहायक अध्यापक सुनील कुमार, सर्वोदय इंटर कॉलेज में दीपक पांडेय के स्थान पर श्यामलाल, स्वामी दीनबंधु इंटर कॉलेज में धनंजय सिंह की जगह अखिलेश कुमार, भारतीय कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रशांत सिंह की जगह गौरव कुमार, भदंत विजय सोम में मयंक कुमार की जगह प्रशांत सिंह, भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में शैलेश कुमार की जगह कैलाशचंद्र, श्री रामस्वरूप शहीद इंटर कॉलेज में रामदास की जगह अरविंद, शक्ति सैनिक इंटर कॉलेज में कृष्णवीर के स्थान पर सुधीर कुमार सिंह, मृदला मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज भूड़ नगरिया में अनूप चतुर्वेदी की जगह शैलेंद्र सिंह, देवस्वरूप शिक्षा सदन में बादल की जगह बाल गोविंद, शांति निकेतन में रेखा की जगह अब्दुल कादिर को बाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है। रक्षा देवा इंटर कॉलेज में विमल कुमार में प्रशांत सिंह, जनता इंटर कॉलेज में अनुक्रम दुबे की जगह होशियार सिंह को बनाया है।

सार-संक्षेप

ट्रैक्टर की टक्कर से तीन टेंपो सवार घायल

अमृतपुर फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से टैंपो के परखच्चे उड़ गए ।टैंपो में सवार तीन यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। अमृतपुर की तरफ से सवारी भरकर फर्रुखाबाद जा रहे टैंपो की ग्राम कलट्टरगंज के सामने पंचालघाट घाट से मेला देखकर वापस लौट रहे अज्ञात ट्रैक्टर ने टेंपों मे जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे टैंपो के परखच्चे उड़ गए। टैंपो ड्राइवर मुन्ना लाल(60) पुत्र रुस्तम निवासी खानपुर फर्रुखाबाद व टैंपो में बैठे रामचंद्र पुत्र रामरतन (70) निवासी कुमराबा थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर रामप्रसाद पुत्र श्रीराम निवासी पश्चिमी गौंटिया थाना राजेपुर फर्रुखाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहनों की जोरदार भिडंत की आवाज सुनकर ग्रामीण घटना स्थल की तरफ दौड़े तब तक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। सूचना पर एसडीएम रविन्द्र सिंह, थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी घटना स्थल पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। एसओ मिनेश पचौरी ने बताया ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा के लिए बैठक कर बनाई रणनीति

फर्रुखाबाद। राहुल गांधी की न्याय यात्रा कानपुर व अलीगढ़ में पहुंचेगी। इस न्याय यात्रा में जनपद से कार्यकर्ताओं की भागेदारी कर वाई जाए। फतेहगढ़ स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक के दौरान यह निर्देश प्रदेश महासचिव एवं लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान ने कार्यकर्ताओं को दिए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा 20 व 21 को कानपुर और 25 फरवरी को अलीगढ़ पहुंचेगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, शहर कार्यवाहक अध्यक्ष सभी फ्रंटल संगठनों अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह लोग जनपद से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता कानपुर व अलीगढ़ ले जाएं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव को ज्ञापन देकर जनपद से पूर्व विदेश मंत्री को लोकसभा चुनाव लड़ाने की मांग की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, अंकुर मिश्र, संतोष गुप्ता आदि रहे।

मेला रामनगरिया | वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा संत यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा

हिंदुओं को धर्म बचाना है तो एक से अधिक संतानें पैदा करनी होंगी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में रविवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद से आये हिंदूवादी संत यति नरसिंहानंद गिरी महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा रहे। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू को किसी से खतरा है तो वो अपनो से ही ज्यादा है । क्योंकि ये धर्म के लिए खड़े अपने लोगों का ही साथ नहीं देते, यदि हिंदुओं को अपना अस्तित्व बचाना है तो एक से ज्यादा संताने पैदा करनी होंगी।

उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती पहले संन्यासी थे जिन्होंने सदियों से सोई हुई हिन्दू जाती के स्वाभिमान को जगाया। उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज की भट्टी में तप कर अनेकों बलिदानियों ने हिन्दू जाति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दीं। यदि समाज के तत्कालीन संगठनों ने आर्य समाज के शुद्धि आंदोलन का पूर्ण सहयोग किया होता तो आज देश मे एक भी विधर्मी नहीं होता। किसी एक समुदाय की बढ़ती जनसंख्या देश के भावी सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन कर सकती है। जो जनसंख्या नियंत्रण की बात कहकर सत्ता में आये थे ।उन्होंने इस विषय को ही भुला दिया। अगे चलकर देश इसका भयंकर परिणाम भुगतेगा। उन्होंने धर्म रक्षा का संकल्प दिलाकर जातिवाद को भुलाकर सभी हिंदुओं को एक होने का वचन लेकर हर-हर महादेव के नारे के साथ अपनी बात को खत्म किया।आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि आज हम स्वामी दयानंद की 200 वीं जयंती मना रहे हैं ।उनका सारा जीवन हिन्दू जाति को जगाने व सामाजिक व धार्मिक विषमताओं दूर करने के लिए समर्पित रहा। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

विख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी के द्वारा राष्ट्र रक्षा का संकल्प कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोवा से पधारे शांतिलाल पटेल आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने दीप प्रजलान के साथ किया। गाजियाबाद से पधारीं कवित्री सुमेधा शर्मा ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ किया । उन्होंने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहां की 'बेटियों का धर्म है कर्तव्य है अभ्यरचना। कवि विकास त्यागी ने स्वामी दयानंद को नमन करते हुए कहा कि- तुम्हे अपनी संस्कृति की रक्षा स्वयं करनी है। दिल्ली से आये कवि विनोद पाल ने हिन्दू बेटियों को संकेत करते हुए कहा कि सुंदर स्वप्न सलोने चुनना। कवि धर्मेश अविचल ने कहा कि 'खाल चिमटों से खींची कितना वो दर्द सहा होगा। कवि सम्मेलन का संचालन गाजियाबाद से आये कवि स्वदेश यादव ने किया ।उन्होंने कहा कि धर्म साधना से ज्यादा कुछ कड़ा नहीं हो सकता है, और धर्म के आगे कोई खड़ा नहीं हो सकता है। शिविर के संयोजक डॉ शिवराम सिंह आर्य,डॉ हरिदत्त द्विवेदी व धर्मवीर आर्य ने मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभा का संचालन मुन्ना यादव व प्रदीप शास्त्री ने किया।कार्यक्रम में मनु आर्य, महावीर शास्त्री, काशीराम आर्य एड.,घनश्याम यादव,विनोदवाला आर्या,रेनू आर्या, उदिता आर्या आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते साधु संत। अमृत विचार

हास्य नाटक के मंचन ने रात भर गुदगुदाया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में जिले की रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने हास्य नाटक बीमार का मंचन कर दर्शकों को देर रात तक हंसाया ।

शनिवार देर शाम को नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना के निर्देशन में कलाकारों ने हास्य नाटक का मंचन कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया । सआदत हसन मंटो ने लिखित हास्य व्यंग्य नाटक बीमार में दर्शाया गया कि एक कुमार नाम के व्यक्ति को साधरण खांसी जुखाम हो जाता है। इसके बाद उसे पड़ोसी,झोला छाप सहित अनेकों लोग ठीक होने के लिए तरह -तरह के इलाज बताते हैं । नाटक में कुमार दूसरों की बातों को सुनकर मानसिक रूप से बीमार हो जाता है। उसका नौकर माधव दूसरों के द्वारा बताने पर उसकी खिल्ली उड़ाता है। नाटक में कुमार की भूमिका विशाल पाठक ,माधव सत्या भाई, प्रियांश , विशाल सिंह, धीरज मौर्य, राज गौरव पाण्डेय, वकील, अंकित गुप्ता, दिलीप कश्यप ने अलग अलग किरदारों को निभाया। बैक स्टेज नेहा, संध्या आदि रहीं।

नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

भाकियू ने भंडारा कर मेला रामनगरिया में सभा की

अमृतपुर-फर्रुखाबाद। रामनगरिया मेला पंचलघाट पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने दही व जलेबी का भंडारा किया । जिसमें जिसमे बड़ी संख्या मे लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। भंडारा संपन्न होने के बाद भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक आहूत की गई। जिसमे प्रभाकांत मिश्रा ने लालू दीक्षित को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का युवा संगठन मंत्री ब्लॉक राजेपुर नियुक्त किया । युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, बरिष्ठ जिला सलाहकार योगेंद्र फ़ौजी, जिला कोषाध्यक्ष अमर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कमालगंज सत्यराम राजपूत आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणा: पुंसा न हातव्या: कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति: ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

> वस्तुत: सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

प्रसंगवश

मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा:' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थे:'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> 1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

सोशल फोरम

पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

> पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे।

मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और 'ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

कड़े इंतजाम के साथ शांति से निपटी परीक्षा

दो दिनों में चार पालियों में 30 केन्द्रों पर 64 हजार परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे

पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। दो दिनों तक चली पुलिस भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपंन हो गई। इन दो दिनों में चार पालियों में 30 केन्द्रों पर 64 हजार परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। इस दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर अधिकारी लगातार निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केन्द्रों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। शनिवार को शहर में जाम से लोग परेशान रहे थे लेकिन रविवार को जाम की स्थिति नहीं बनी।

सुबह से ही परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्रों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा केन्द्रों पर लाइन लगाकर चेकिंग की गई। मोबाइल तथा अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्रों के परिसर में बनाए गए क्लाक रूम में रखवा दी गई। परीक्षा के दौरान भी चेकिंग का सिलसिला चलता रहा। अधिकारियों ने लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्रो में तथा केन्द्रों के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

दूसरे दिन भी मददगार रही हेल्प डेस्क : इटावा। पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बनाई गई हेल्पडेस्क परीक्षार्थियों के लिए काफी मददगार रही। इटावा आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र खोजने में कठिनाई ना हो इसके लिए कई स्थानों तथा प्रमुख चौराहों पर हेल्प डेस्क बनाए गए थे।

खास बात यह रही कि इन हेल्प डेस्क से अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों के बारे में जानकारी करने पर काफी मदद मिली। यदि किसी अभ्यर्थी को केन्द्र तक पहुंचने में परेशानी हुई या फिर रास्ता नही मालुम था तो हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उनकी पूरी मदद की। दोनो पालियों में अभ्यर्थी हेल्प डेस्क से हेल्प लेते देखे गए। हेल्प डेस्क से आये हुए लोगों का काफी मदद मिली।

परीक्षा समाप्त होने के बाद ट्रेन में घुसते अभ्यर्थी। अमृत विचार

पुलिस भर्ती में नकल करते एक पकड़ा गया

इटावा। जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा की सुबह की पाली में एक अभ्यर्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया। नारायणा इंस्टीट्यूट आफ साइंसेज एवं आर्ट कॉलेज में आयोजित प्रथम पाली की परीक्षा में पंकज कुमार पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम बगुलिया पोस्ट अबगीला जनपद जहानाबाद बिहार को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया गया। एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि प्रधानाचार्य की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभ्यर्थी बोले: कठिन नहीं था प्रश्नपत्र

इटावा : पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी जिले में बनाए गए 30परीक्षा केन्द्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इन अभ्यर्थियों की आम तौर पर राय यह थी कि प्रश्नपत्र कठिन नहीं था और जिन लोगों ने तैयारी की है वे प्रश्नपत्र हल कर लेंगे। हालांकि रीजनिंग को लेकर समस्या आमतौर पर महसूस की गई। कुछ अभ्यर्थियों का कहना था कि गणित कठिन था।

रेल में मिट गया एसी और जनरल का भेद

इटावा। परीक्षा के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में अतिरिक्त लोगों के बाहर से शहर में आने के कारण शनिवार की ही तरह रविवार को यहां रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर काफी भीड़ रही। अभ्यर्थी रेलों और बसों में सवार होकर जा रहे थे। स्थिति यह थी कि जिसे जहां जगह मिली वह उसी बोगी में जा रहा था। एसी और स्लीपर तथा जनरल बेगियों में कोई भेद नहीं कर पा रहा था। सभी बोगियां भरी थी और गैलरी में भी अभ्यर्थी डटे थे। दोपहर को डीएम अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रेलवे स्टेशन तथा रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचकर व्यवस्था देखी।

फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवती

इटावा। एक युवती का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका के भाई ने नामजद युवक पर हत्या का आरोप लगाया। भाई का कहना था कि युवती फोन पर उससे बात करती थी, हम लोगों ने रोका तो उसने बात नहीं की। इसी के चलते वह परेशान कर रहा था।

थाना पछायागांव क्षेत्र में गांव जैतपुर के रहने वाले उदयवीर की 20 साल की बेटी रिया का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतका के छोटे भाई निहाल ने बताया कि बहन एक युवक से फोन पर बात किया करती थी। जब इस बात का विरोध परिजनों ने किया तो उसने बात करना बंद कर दिया। इससे युवक उसे आए दिन परेशान करने लगा। शुक्रवार सुबह उसकी नानी की तबीयत खराब होने की वजह से मां और भाई दोनों लोग घर से नानी को देखने के लिए गए हुए थे। अपराह्न तीन बजे जब वह वापस आए तो वह खाना खा कर सो गया। शाम को जब निहाल ने उठकर देखा तो बहन पंखे पर लटकी हुई थी। उसने शोर मचाया तो उसकी मां बबली और पड़ोस के लोग कमरे में आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने रिया को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बीएसए डॉ. राजेश कुमार को ज्ञापन देते प्राशिसं के पदाधिकारी। अमृत विचार

सीयूजी नंबर के बिना टैबलेट एक्टिवेट नहीं करेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न हुआ तो करेंगे आंदोलन

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बिना विभागीय सिम (सीयूजी नंबर) उपलब्ध कराए डिजिटाइजेशन का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा राजेश कुमार को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश से नए नए नियमों को अध्यापकों पर थोपा जा रहा है। साथ ही ऐसे नियमों से अध्यापक स्वयं को प्रताड़ित और अपमानित महसूस कर रहा है। ऐसे डर के वातावरण में अध्यापक शिक्षा कैसे दे सकता है। इस तरह के आदेशों का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि टैबलेट्स को एक्टिवेट (क्रियाशील) करने के लिए विभगीय सिम (सीयूजी नंबर) उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तब तक शिक्षकों को डिजिटाइजेशन के लिए बाध्य न किया जाए और न ही उन पर कोई कार्यवाही की जाए। अन्यथा की स्थिति में संगठन बाध्य होकर समस्त शिक्षकों सहित बीएसए कार्यालय पर धरना / प्रदर्शन करेगा।

ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल में मुकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार वर्मा, देवेंद्र सोलंकी, अमित त्रिपाठी, रामविलास यादव, राकेश यादव, विपिन मिश्रा, रविन्द्र यादव, संजीव यादव, अनुपम कौशल, योगेन्द्र यादव, कौशलेन्द्र यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एक हजार पुरुषों के सापेक्ष 867 महिला मतदाता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पुनरीक्षण अभियान के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 12लाख 26 हजार 723 मतदाता है। खास बात यह है कि जेंडर रेसियो में सुधार हुआ है। मतदाता सूची के अनुसार एक हजार पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष 867 महिला मतदाता है। पुनरीक्षण से पहले जिले में एक हजार पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष महिला मतदाताओं की संख्या 858 थी।

इस बार आयोग ने भी जेंडर रेसियो सुधारे जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद चलाए गए पुनरीक्षण अभियान में महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा है। अब पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस तरह जिले की तीन विधानसभा सीटों पर कुल 12लाख 26 हजार 723 मतदाता है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसके तहत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल मिलाकर 25,347 नये मतदाता बढ़ गए हैं, जो अगले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल मिलाकर 41154 आवेदन नये नाम शामिल करने के लिए आए थे। इसी तरह पुनरीक्षण के दौरान 15807 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। इन दोनों को मिलाकर जो नई स्थिति बनी है उसमें 25347 मतदाताओं के नाम जिले की मतदाता सूची में बढ़े हैं। नाम बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में आए थे। 14697 युवाओं ने नाम शामिल हुए। करने के लिए आवेदन किया, जबकि 6091 नाम जसवंतनगर क्षेत्र से पृथक किए गए।

इस तरह हुआ है पुनरीक्षण

विधानसभा क्षेत्र नाम	शामिल करने के आवेदन	नाम हटाने के आवेदन
जसवंत नगर	14697	6091
इटावा	13106	5665
भरथना सुरक्षित	13351	4051

- महिला मतदाताओं का बढ़ा रेशियो, बढ़ गए कुल 25 हजार मतदाता

जिले में विधानसभावार मतदाता

विधानसभा क्षेत्र	मतदाता
जसवंतनगर	400488
इटावा	414524
भरथना	411711

शादी में नाचने का विरोध करने पर पीटा

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गोपियापुर में एक एससीएसटी वर्ग के व्यक्ति की बेटी की शादी में गांव के दो युवक और एक रिश्तेदार रात के समय नाचने पहुंच गये। परिजनों ने मना किया तो लड़की के पिता को लाठी डन्डों व कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया।

ग्राम गोपियापुर निवासी सुरेन्द्र पुत्र रामप्रकाश दिवाकर ने बताया कि उसके भाई मिश्रीलाल की बेटी की विगत दिवस शादी थी जिसमें मध्य रात्रि के समय गांव के ही अमन शाक्य पुत्र नबाब सिंह, शनि पुत्र कल्लू शाक्य व गांव के प्रदीप के साले हर्षित भी नाचने आ धमके जब इसका विरोध मैंने व मेरे भाई मिश्रीलाल ने किया तो इसी बात को लेकर तीनों लोगों ने पहले जातिसूचक गालियां दी फिर लाठी डन्डों व कुल्हाड़ी के बेंट से प्रहार करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर लगाई फांसी

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- पत्नी अस्पताल में भर्ती, परिवार में मचा कोहराम, बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव सरैया ताड़ में शाम करीब आठ बजे शराब पीने को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद पति ने धारदार हथियार से पत्नी के ऊपर हमला कर दिया, जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी के घायल होने के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी के घायल होने व पति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गावं सरैयाताड़ निवासी महेश चंद्र दिवाकर 40 वर्ष शराब पीने का आदी था। महेश चंद्र के पास 20 बीघा जमीन थी। शराब की लत लग जाने के कारण उसने अपनी कुछ जमीन भी बेच दी थी।

महेश चंद्र।

शराब पीने को लेकर महेश चंद का अपनी पत्नी विमला देवी का आपस में झगड़ा होता रहता था। शनिवार की शाम को करीब आठ बजे महेश शराब पीकर घर आया तो दोनों में कहा सुनी होने लगी मामला इतना बढ़ा कि महेश ने विमला के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे विमला के सिर व गर्दन पर चोटें आई। परिवारीजनों को जानकारी हुई तो वह घायल विमला को लेकर जिला अस्पताल लाए और उसे भर्ती कराया। पत्नी पर हमला करने के बाद महेश ने फांसी लगा ली। रविवार की सुबह उसके परिवार के लोगों ने देखा तो महेश का शव मकान के अंदर बरामदे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर बसरेहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

सरैया ताड़ गांव में जानकारी जुटाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

ट्रैक्टर ड्राइवर ने फांसी लगाकर गंवाई जान

जसवंतनगर, इटावा। थाना जसवंत नगर के गांव नगला बेनी साल में रहने वाले 40 साल का विजय कुमार ट्रैक्टर की ड्राइवरी करता था। भाई दलबीर सिंह ने बताया कि विजय ट्रैक्टर ड्राइवरी का काम करता था और शराब का आदी था। रविवार की सुबह खेत में शहतूत के पेड़ पर उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की छानबीन शुरू की।

ताइक्वांडो : 60 खिलाड़ियों का हुआ बेल्ट प्रमोशन

इटावा। जिला ताइक्वांडो संघ के 60 खिलाड़ियों का कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट हुआ। रविवार को यहां एकेदमी में बच्चो का तीन चरणों में बेल्ट प्रमोशन टेस्ट हुआ। इटावा संघ के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में संघ सफलता की ओर है। कोषाध्यक्ष नबीला ने सभी राष्ट्रीय स्तर खिलाडियों को मुख्य अतिथि से सम्मानित कराया। व्हाइट से येलो बेल्ट के लिए जीवांशी, रुद्र, उदित, देवराज, शौर्य, सम्राट, विश्वदीप, अफीफा, अभिराज, अंशुल, सानिध्य येलो से ग्रीन बेल्ट के लिए करन, हर्ष, सिद्धि, कौस्तुभ, अरिंदम, आद्या, पारुल, सुनैना, अनस, सौरभ, आरोही, पार्थवी, ग्रीन से ग्रीन वन के लिए गर्व, सक्षम, ओमजी, श्यामजी, प्रियांशु, जैस्मिन, शिवांशु, आयुष, अनुष्का, खुशी आदि रहे। ● एजेंसी

कर्पूरी ठाकुर को किया गया याद

इटावा। नेहरू युवा केंद्र की ओर से जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके उनका स्मरण किया गया।

ग्राम पंचायत शंकरपुर के पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ग्राम प्रधान पारुल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी बाबूराम ने की। लेखाकार श्रवण कुमार बाथम ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रियंका राजपूत, मोहिनी, उमाशंकर मौजूद रहे।

बच्चों की मनोवृत्ति के अनुसार तैयारी करायें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने लाइनपार क्षेत्र के विजयनगर में प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक समारोह में कहा कि बच्चों को उनकी मनोवृत्ति के हिसाब से उनकी तैयारी करायें। घर में बच्चों की एक्टिविटी पर जरूर नजर रखें।

विजयनगर के नवाब कोचिंग सेंटर के समारोह में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि हमें तब खुशी मिली जब दूसरे देश और दूसरे राज्यों में नौकरी करने वाले बच्चों से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं के बीच सबसे पहले शिक्षा की ज्योति जलाने वाली माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबाराव फुले की देन है कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में निकलकर आगे आ रही हैं। समारोह को उप जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव, समाजसेवी लाखन सिंह कुशवाहा, केपी सिंह शाक्य, डॉक्टर आनंद कुशवाहा समृद्धि, डॉक्टर सरिता कुशवाहा, कछवाह जिलाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, धर्मवीर सिंह, पूर्व सभासद गजराज सिंह, संदीप कुशवाह, सभासद अविनाश कुशवाहा, जबर सिंह शाक्य, अध्यापक भारत सिंह शाक्य, कथा वाचक प्रमोद शास्त्री, रामकरन शाक्य आदि ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव व पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य के साथ मौजूद बच्चे।

अचानक हैंडब्रेक लगने से कार पलटी

बकेवर, इटावा। थाना कस्बा के अंतर्गत हाईवे पर शनिवार की रात को एक कार के अचानक हैंडब्रेक लगने से कार अचानक पलट गई। कार के अचानक पलट जाने से उसमें सवार दो लोग बालबाल बच गए। दिबियापुर औरैया निवासी आलोक पाल व तेजेंद्र सिंह कार से किसी काम से इटावा आ रहे थे। जब उनकी कार बकेवर के पास हाईवे पर पहुंची तभी किसी तरह से अचानक हैंडब्रेक लग गया। ब्रेक लगने से कार पलट गई। कार के पलट जाने से दोनों लोग उसमें फंस गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने कार में फंसे दोनों को बाहर निकाला। दोनों को मामूली चोटें आई।

आयोजन | बाबूराम सरस्वती इंटर कालेज में मनाया गया स्थापना दिवस, शहर के गणमान्य व सभ्रांत लोग रहे मौजूद

त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं : चेयरमैन

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर ने अपने 38 वें स्थापना दिवस पर एक भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पारंपरिक त्यौहार और देश के सांस्कृतिक धरोहरों को संजोये रखना है।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना से की। छात्र-छात्राओं ने नृत्य गीत एवं नाटक के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देश के जाने-माने राष्ट्रीय कवि गौरव चौहान ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित हजारों की भीड़ का मन मोह लिया। उन्हें हंसने पर मजबूर कर दिया। भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सबसे पहले अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की संस्कृति की पहचान हैं। उसका उद्देश्य व्यस्त जीवन में लोगों को एक दिन ही सही साथ मिलकर बैठ कर बातचीत करना है। चेयरमैन विनीत यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरने के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं।

प्रधानाचार्य बेनीराम पाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संस्कार एवं संस्कृति की राह पर ले जाने का प्रयास ऐसे कार्यक्रम हैं। सुधीर यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का पूर्ण रूप से विकास होता है। उप प्रधानाचार्य संजय सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक ओम प्रकाश यादव रहे।

स्थापना दिवस के उदघाटन पर मौजूद चेयरमैन विनीत यादव एवं अन्य। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि से शोक की लहर

इटावा। युग दृष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर विद्यासागर महामुनिराज ब्रह्म में लीन हो गए। खबर सुनते ही जसवंतनगर जैन समाज में शोक छा गया। आचार्य श्री108 विद्यासागर महा मुनिराज की पालकी यात्रा शांति चित के साथ नगर भ्रमण पर निकली। आचार्य आदित्य सागर महाराज के साथ जैनगुरु भक्त अनुयायी णमोकार मंत्र का मनन करते हुए चले। संत निवास पर विनयांजलि सभा का आयोजन हुआ। आचार्य आदित्य सागर महाराज ने कहा कि जैन धर्म में समाधि मरण करने वाला प्रत्येक जीव मोक्ष का अधिकारी हो जाता है।

आचार्यश्री संस्कृत व प्राकृत भाषा के साथ हिन्दी, मराठी और कन्नड़ भाषा का भी ज्ञान रखते थे।

सार-संक्षेप

मवेसी टकराने से 25 मिनट रुकी राजधानी

भरथना, इटावा। रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर की अप लाइन पर रविवार की सुबह सात बजे कानपुर से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस के इंजन से मवेसी टकरा गया। मवेसी के मांस का बड़ा टुकड़ा रेल लाइन किनारे लगे प्वाइंट बॉक्स से टकराने पर उसमें तकनीकी खामी आ गई। लोको पायलट ने ट्रेन को आगे कुछ दूरी पर रोककर इंजन में फंसे मांस के टुकड़े आदि को निकालने की कवायद की। टेक्निकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर सही किया गया। 25 मिनट की कवायद के बाद लाइन क्लियर होने पर साढ़े सात बजे ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

चेन खींचने से मेला स्पेशल पांच मिनट रुकी

भरथना, इटावा। रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर की अप लाइन पर रविवार की सुबह करीब पौने आठ बजे कानपुर से दिल्ली की तरफ जा रही माघ मेला स्पेशल एक्सप्रेस में सवार किसी यात्री द्वारा जंजीर खींचने से ट्रेन रुक गई। ट्रेन रुकने पर ऑन ड्यूटी रेल सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे मगर उससे पहले ही अज्ञात यात्री बोगी से उतरकर कहीं चला गया। लगभग पांच मिनट बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

इटावा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुपालन में 17 फरवरी शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है, जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। इसलिए शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस 20 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया जायेगा।

कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा में उमड़े अभ्यर्थी

डीएम, एसपी समेत अधिकारी परीक्षा केंद्रों का करते रहे निरीक्षण

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी सीधी भर्ती लिखित परीक्षा दूसरे दिन भी नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करते नजर आए। सुबह से ही अभ्यर्थियों का रैला उमड़ पड़ा। परीक्षा केंद्रों में मैटल डिटेक्टर से चेकिंग हुई और जैमर लगाकर मोबाइल नेटवर्क बंद किए गए।

रविवार को संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा जिले के सभी केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अजीतमल तहसील क्षेत्र में चारों परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये। उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर तीन विद्यालय की जिम्मेदारी मिली। जिसमें श्री जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में दोनो पालियों में 600 विद्यार्थियों में पहली पाली में 31 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 600 में 44 अनुपस्थित रहे। जनता महाविद्यालय की दोनों पारियों में 458 विद्यार्थियों में पहली पाली में 22 अनुपस्थित 436 उपस्थित रहे। दूसरी पाली में 30 अनुपस्थित 428 उपस्थित रहे और सिंह वाहनी महाविद्यालय आदमपुर में दोनों पारियों में 480 पहली पारी में 27 अनुपस्थित 453 उपस्थित और दूसरी पारी में 34 अनुपस्थित 446 उपस्थित रहे। जबकि मुरादगंज स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज में 384 विद्यार्थी में पहली पारी में 10 अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में 30 अनुपस्थित 354 उपस्थित रहे। अजीतमल में यूपी पुलिस परीक्षा के लिए चार सेंटर बनाए गए थे। आज दूसरे दिन चारों सेंटरों पर सकुशल परीक्षा संपन्न कराई गई। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा दो दिन की चार पारियों में कराई गई। एक पाली में चार सेट बने चार पाली में 16 सेट क्वेश्चन पेपर बनाए गए।

उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार ने बताया कि अजीतमल तहसील में यूपी पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा आज दूसरे दिन भी सकुशल संपन्न कराई गई। किसी तरह की कोई समस्या नहीं हुई। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि शासन के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाएगा। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि 2 दिन की परीक्षा में किसी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। यूपी पुलिस परीक्षा को सफल बनाने के लिए शासन प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। क्षेत्राधिकारी अजीतमल राम मोहन शर्मा ने बताया कि चारों केंद्रों की परीक्षा सफल हुई, संबंधित फोर्स चारों केंद्रों पर मौजूद रहा। ला एंड ऑर्डर की किसी तरह की कोई समस्या सामने नहीं आई। परीक्षा के चलते जाम की स्थिति बनी रही।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

फाटक खुलने पर लगा जाम

संवाददाता, अछल्दा, औरैया अमृत विचार। दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर पुलिस परीक्षा छूटने के बाद क्रासिंग 13 बी पर दोपहर क्रासिंग के दोनों तरफ फफूंद- बिधूना मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम खुलवाने में सिविल पुलिस ने बड़ा सहयोग रहा। बिधूना-फफूंद मार्ग पर रविवार की दोपहर को करीब 1 बजकर 50 मिनट पर रेलवे क्रासिंग खुलने के बाद वाहनों की दोनों तरफ से कतारों के चलते रेलवे क्रासिंग बन्द नहीं हो सकी जाम इतना लंबा होने की वजह से क्रासिंग का बूम बन्द नही हो सका। जिसके चलते थाना पुलिस ने किसी तरह से रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ वाहनों को रोककर लगभग 20 मिनट बाद रेलवे क्रासिंग को बन्द किया गया। इसके बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। उसके बाद रेलवे क्रासिंग को दोबारा खोला गया। क्रासिंग से वाहनों को निकालने के बाद करीब आधा घण्टा बाद रेलवे क्रासिंग को बन्द किया गयां जाम के चलते जहां पुलिस परीक्षा में सम्मलित होने जा रहे अभ्यर्थियों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम से काफी देर तक लोग जूझते नजर आये।

नहर पुल से लेकर चौराहे तक लगा भीषण जाम

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

- नहर से लेकर फफूंद चौराहे तक लगा जाम

अमृत विचार। रविवार को होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी परीक्षा में शासन द्वारा जाम से निजात पाने के लिए नहर पुल पर डिवाइडर लगा दिए गए थे। उसके साथ ही पुलिस की समुचित व्यवस्था की गई थी। लेकिन जैसे ही पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम पाली समाप्त हुई।

परीक्षार्थियों की भीड़ देखते ही देखते 10 मिनट में नहर से लेकर चौराहे तक जाम लग गया। यह जाम एक किलोमीटर तक लगा रहा। जिससे पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। साथ ही कुछ पुलिस प्रशासन के कर्मचारी जाम से बेखबर होकर देखते रहे और कुर्सियों पर बैठ कर आराम फरमाते दिखे। इन सिपाही को जाम ,अधिकारी के आदेश की चिंता नहीं दिखाई दी। दिव्यापुर नहर पुल और रेलवे फ्लाईओवर पर हाइटगेज की चौड़ाई कम होने के कारण आए दिन जाम लगता रहता है। वहीं आज पूरे दिन नहर बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। सुबह पुलिस व्यवस्था जाम से निजात पाने में सफल रही। लेकिन जैसे ही सभी विद्यालयों के एक साथ परीक्षार्थी केंद्रों से घर के लिए निकले।बाइक का सड़क पर नजारा था। इस देखते ही देखते नहर पुल पर जाम लग गया और विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे कई परीक्षार्थी घंटे जाम में फंस गए और दूसरी पाली के लिए परीक्षार्थियों को कड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी ।लेकिन जाम खुलने का इंतजाम नहीं हो सका। इस समस्या को लेकर पहले ही उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय पैराडाइज ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया था कि आम जनमानस और व्यापारियों की समस्या के मध्य नजर हाइट गेज की चौड़ाई को बढ़ा दिया जाए। जिससे भीषण जाम से निजात मिल सके। वहीं पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही देखने को मिली और तीन एंबुलेंस लगातार चौराहे पर जाम में फंस गई।

जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

आकांक्षा व यशवर्धन रहे अव्वल

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रविवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिधूना में आयोजित कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में बालक व बालिका वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में आकांक्षा व दिव्यांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं बालक वर्ग में रामभरत व यशवर्धन अव्वल रहे।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में रविवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिधूना में आयोजित कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित हुआ जिसमें बालिका वर्ग के व्हाइट बेल्ट प्रतियोगिता में आकांक्षा व दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्रियांशी व सपना ने द्वितीय स्थान श्रुति गुप्ता व प्रतिज्ञा ने तृतीय स्थान हासिल किया है। इसी तरह बालक वर्ग की व्हाइट बेल्ट प्रतियोगिता में रामभरत पाल व यशवर्धन ने प्रथम स्थान हर्ष पाल व ऋषभ ने द्वितीय स्थान व अवनीश ने तृतीय स्थान हासिल किया है। येलो बेल्ट में अल्तमस व अथर्व ने प्रथम स्थान देव सविता ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसी तरह ग्रीन वन बेल्ट में माधव ने प्रथम स्थान हासिल किया है। यह कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ से नियुक्त नेशनल रेफरी क्लास वन प्रयाग सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। इस कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में औरैया ताइक्वांडो संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार, आशिक कुमार, गोविंद सिंह व अफजल ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। ताइक्वांडो प्रतियोगिता के मौके पर विशाल राय गौतम नीतू शर्मा दीप्ति शर्मा ऋषभ सिंह हेमंत सिंह रितिक रोशन अभय आनंद आदि रहे।

ताइक्वांडों में प्रतिभाग करती बालिकाएं। अमृत विचार

कार की टक्कर अधेड़ की मौत

औरैया। बेला थाना क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर में तेज रफ्तार इको कार ने पैदल जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान भोले नाथ दीक्षित उम्र 55 वर्ष पुत्र राम लखन निवासी लाल गांव थाना रसूलाबाद कानपुर देहात के रूप में की गई। रविवार को वह बाके बिहारी के दर्शन करने वृंदावन जा रहे थे। जिसके लिए वह अपने गांव लालपुर से याकूबपुर पहुंचे। याकूबपुर में पेट्रोल पंप के समीप पैदल जा रहे थे कि अचानक पीछे से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने कार को रोकने की कोशिश की लेकिन, वह भाग गया। मौके पर पहंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

अंतिम संस्कार के लिए कब्र खोदने से किया मना

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- पुलिस की सूझबूझ से माहौल बिगड़ने से बचा, लोगों ने लेखपाल पर लगाए आरोप

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए परिजन कब्र खोद रहे थे। तभी एक पक्ष ने अपनी जमीन बताते हुए कब्र खोदने से मना कर दिया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में आक्रोश बढ़ने लगा। सूचना पर सीओ अजीतमल, थाना अध्यक्ष फफूंद भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और एक पक्ष को समझाकर कुछ दूर दूसरी कब्र खुदवाकर अंतिम संस्कार कराया जिसके बाद माहौल शांत हुआ।

गांव केशमपुर निवासी 80 वर्षीय वृद्धा अल्हम्दी बेगम का बीमारी के कारण शनिवार रात निधन हो गया था। रविवार सुबह उनके परिजन अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोगों के साथ बाबरपुर-फफूंद रोड के किनारे कब्रिस्तान में कब्र खोदने गए थे। दोपहर को जब पूरी कब्र खुद गई। तभी गांव के ही दूसरे समुदाय के कुछ लोग वहां पहुंच गए और अपनी जमीन बताते हुए कब्र खोदने से मना करने लगे, जिससे लोगों में आक्रोश हो गया और माहौल बिगड़ने की आशंका बन गई। मौके पर सीओ भरत पासवान, थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम फोर्स के साथ पहुंच गए। लोगों ने पुलिस को बताया कि जहां कब्र खोदी गई है, वह जगह रकवा नंबर 617 है और सरकारी अभिलेखों में बहना कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है। इसी से सटी हुई दूसरी कब्रिस्तान है जिसका नंबर 618 है और वह अभिलेखों में पठान कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है दो कब्रिस्तानों की 50 डिसीमिल जगह है और नौ वर्ष पूर्व मेडबंदी की पक्की पैमाईश भी हो चुकी है। रकवा नंबर 611 और 612 को अपनी जमीन बताने वाले पक्ष की जमीन सड़क किनारे लंबाई में गई है और मेडबंदी में पी डवल्यू डी के मानक के अंदर दर्शाई गई है। वह लोग इस जगह को छोड़कर कब्र खोद रहे हैं। जिसके बाद सीओ और एसओ ने दोनो पक्षों से बात कर उन्हें समझाया और जल्द ही राजस्व टीम को बुलाकर उसका हल निकालने का भरोसा दिया। जिस पर मुस्लिम समाज के लोग मान गए और वहां से कुछ दूर दूसरी जगह कब्र खुदवाकर अंतिम संस्कार किया पुलिस की सूझ बूझ से माहौल शांत हो गया।अंतिम संस्कार होने तक कब्रिस्तान पर पुलिस फोर्स तैनात रहा।

मौके पर लोगों को समझाते सीओ भरत पासवान। अमृत विचार

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन झूमे श्रोता

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। विकासखंड की ग्राम पंचायत अमावता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक आचार्य अंकुर ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

आचार्य ने राजा बलि की कथा में बताया कि असुरों के राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर दिया था और स्वर्ग अपने कब्जे में ले लिया था। बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। वामन देव की कथा राजा बलि ने अपने पराक्रम और बल से स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था। जिस कारण से सभी देवी-देवताओं में हडकंप मच गया था। कथा में परीक्षित राममालती दुबे ने बताया कि कथा 22 फरवरी तक अनवरत चलेगी।

तिरंगा मैदान में कल गूंजेगी शहनाई

संवाददाता, ककोर, औरैया

- सामूहिक विवाह कार्यक्रम का होगा भव्य आयोजन

अमृत विचार। समाज कल्याण विभाग द्वारा कल जिले में मुख्यमंत्री समूह विवाह योजना का भव्य कार्यक्रम होगा। जिसमें वर वधू एक दूसरे को अपना जीवन साथी चुनेंगे। वहीं अब समाज कल्याण विभाग द्वारा शादी करने के लिए गांव के चार गवाहों की जरूरत पड़ेगी। इस बार नई व्यवस्था के तहत आवेदन पत्र लिए गए हैं। इसके लिए सभी ब्लॉकों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है। जिला मुख्यालय के तिरंगा मैदान में टेंट लगाया गया है। गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री समूह विवाह योजना शुरू की थी। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी निःशुल्क कराई जाती है जिसमें दान दहेज के बाद कन्या की खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि भेजी जाती है। 10 हजार रुपये का नकद सामान उपहार स्वरूप दिया जाता है। समाज कल्याण विभाग में इस बार लाभार्थी के आवेदन के समय गांव के चार गवाह की व्यवस्था की है तथा ग्राम प्रधान का नंबर भी आवेदन के समय अनिवार्य कर दिया है। इस आवेदन का सत्यापन सचिव तथा ब्लॉक स्तर पर भी किया जा रहा है। समाज कल्याण अधिकारी इंदिरा सिंह का कहना है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भौतिक सत्यापन पहले की तरह ही किया जाएगा लेकिन चार गवाहों का होना आवश्यक है।

कार्यक्रम को लेकर की जाती तैयारियां। अमृत विचार

सुदामा चरित्र सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। क्षेत्र के रमनगरा गांव में श्री मदभागवत महापुराण कथा के आखिरी दिन कथा वाचक स्वामी जागेश्वर चैतन्य ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह की लीला के प्रसंग की कथा सुनाई।

कथा के अंतिम दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता यही है जब हम बिना कहे पीड़ा को समझ जाएं। कथा द्वापर युग से जुड़ी है। तब उनकी पत्नी ने उनको कृष्ण जी से मिलना का सुझाव दिया और सुदामा कृष्णा से मिलने गए तो भेंट स्वरूप उनके लिए एक कपडे में चावल बांध कर ले गए। भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के घनिष्ठ मित्र सुदामा उनसे मिलने द्वारिका नगरी पहुंच जाते हैं। महल में द्वारपाल से संदेश भिजवाते हैं, तो कृष्ण जी नंगे पैर दौड़े हुए द्वार पर आते हैं और सुदामा की हालत देखकर उन्हें गले लगा कर रोने लगते हैं।

लापरवाही बिधूना बस स्टैंड पर आती-जाती बसें कुछ देर ठहरकर हो जातीं रवाना, कर्मचारी भी नहीं रहते, लोगों को होती हैं परेशानियां

बस स्टैंड पर बस आये तो बैठिये वर्ना हाईवे पर जाइये

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। शासन प्रशासन की ओर से बस अड्डों को दुरुस्त करते हुए परिवहन को मजबूती देने की मंशा जमीनी स्तर पर पूरी नहीं हो रही है। तहसील का बिधूना बस अड्डा अब मात्र स्टापेज बनकर रह गया है।

परिवहन निगम की ओर से वर्ष 2005 में बिधूना रोडवेज बस स्टैंड बनाया गया था। बनने के बाद से ही कर्मचारियों और अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। यहां से दिल्ली, लखनऊ, आगरा, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद आदि के लिए होकर जाने वाली बसें गुजरती थीं। लेकिन सुविधाओं के अभाव में बसों का रुकना बंद हो गया। शनिवार और रविवार को बस स्टेशन बिधूना की गतिविधियों को देखा गया तो दो बजे करीब स्टेशन प्रभारी के रूम में ताला लटका मिला। बस स्टेशन पर बस नहीं मिली।

बस अड्डा के पूछताछ काउंटर पर कोई कर्मचारी नहीं

रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूछताछ केंद्र बनाया गया है। पूछताछ खिड़की खाली पड़ी थी। कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। शौचालय में पाइप टूटी होने से पानी की व्यवस्था बदहाल मिली। पूछताछ केंद्र पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए कोई फोन नंबर की भी व्यवस्था नहीं पाई गई। इसके जरिए बसों को जानकारी ली जा सके। बस स्टेशन में कब बसें आती हैं और कब चली जाती है इसकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। यात्रियों के लिए कैंटीन सुविधा का भी अभाव मिला।

टोलफ्री नंबर भी नहीं

बिधूना बस अड्डे में कर्मचारी तैनात नहीं हैं। बसों के संचालन को लेकर जानकारी भी नहीं दी जाती है। यहां पर 24 घंटे सेवा देने के लिए न टेलीफोन नंबर यात्रियों के लिए है और न कोई कर्मचारी सूचना देने के लिए। यहां प्रभारी भी नदारद रहते हैं। व्यापारियों में इसे लेकर काफी नाराजगी है।

बस स्टैंड पर दिन में नहीं मिलती बस: दिबियापुर जिले के औद्योगिक नगर दिबियापुर में आनन फानन में बस स्टैंड का उद्घाटन कर दिया गया था। उसके बाद विभिन्न रूटों के लिए दस बस संचालन की घोषणा भी कर दी गई। इन सभी का रूट प्लान भी निर्धारित कर दिया गया था। बस स्टेशन के संचालन के लिए लिस्ट भी जारी की गई थी। लेकिन अब सभी रूट की बसों का टोटा दिखाई दिया। नगर के बस स्टैंड पर लगभग केवल तीन बसों का संचालन हो रहा है । यह सभी बसें सुबह ही निकल जाती हैं। उसके बाद पूरे दिन कोई बस नहीं मिलती। जिससे आम जनमानस को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बस संचालन न होने से नगरवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। नगर वासियों का कहना हैं कि बस संचालन सही रूप में नहीं करना था तो जल्दबाजी में सांसद ने बस स्टैंड का उद्घाटन क्यों कर दिया। अभी तक बस स्टैंड की सड़क मार्ग का निर्माण नही हो सका । लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के मध्य बीच पेंच फंसा हुआ है जो फिलहाल सुलझता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इस मामले में अधिकारी आरएम अपर्णा मीनाक्षी ने कोई प्रतिक्रिया देना उचित नहीं समझा।

शौचालय गेट पर लटकता ताला।

बंद पड़ा पूछताछ केंद्र। अमृत विचार

लोगों की बात

पूछताछ केंद्र में नहीं बैठते कर्मचारी

परिवहन निगम का पूछताछ कार्यालय के साथ नंबर 24 घटे चालू होना चाहिए, लेकिन बिधूना बस स्टेशन पर न तो पूछताछ कार्यालय में कोई बैठता है और न ही कोई नंबर आज तक चालू किया जा सका है। यात्री इसी के चलते बस अड्डे में न जाकर सीधे चौराहे से बस पर बैठना पड़ता है। - दीपक अग्रवाल

जारी नहीं हुआ पूछताछ नंबर, होती समस्या

किसी कार्य से बाहर जाना हो तो और बसों की जानकारी पूछताछ कार्यालय से करनी हो तो कोई मौजूद नहीं रहता है। न कोई नंबर आज आज तक जारी हुआ है। कोई कर्मचारी भी यहां नहीं मिलता है। - अजय अग्निहोत्री।

सार-संक्षेप

ऑटो पार्टर्स शॉप का उद्घाटन करते चेयरमैन। अमृत विचार

ऑटो पार्ट्स शॉप का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

फफूंद, औरैया। कस्बे के मोहल्ला मेवतियांन में नए खुले प्रतिष्ठान शोएब ऑटो पार्ट्स शॉप का नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर कुरैशी ने फीता काटकर उदघाटन किया। शॉप के मालिक मुमताज अहमद ने बताया की उनकी दुकान पर ऑटो पार्ट्स, सभी गाड़ियों की हर कंपनी के टायर इन्वर्टर,बैट्रा और उच्च क्वालिटी के ऑटो पार्टस उपलब्ध हैं। इस दौरान बैंक मैनेजर मंगेश खान, सलीम मेंव नंबरदार, पूर्व सभासद कलाम खां, असलम कुरैशी, मोहम्मद खालिद, आरिफ खान, शारीक खान रहे।

नाला किनारे मिला महिला का शव

दिबियापुर, औरैया। थाना क्षेत्र के समाधान का पुरवा गांव में महिला का शव नाला किनारे मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। समाधान का पुरवा गांव के रहने वाली महिला भारतीय देवी पत्नी प्रताप सिंह तड़के तीन बजे गांव के बाहर कुंडी लगाकर घर से निकली थी। काफी देर तक महिला वापस नहीं लौटी। इस पर पति प्रताप सिंह बाहर से कुंडली लगी होने के कारण छत से होते हुए बाहर निकला और पत्नी की खोज की। महिला नाला के किनारे ही मृत अवस्था में पड़ी थी। महिला दरोगा सोनी रावत ने बताया है कि पति ने बताया हैं कि भारतीय शौच के लिए गई होगी। नाले के किनारे दूरी न होने पर ग्रामीणों का मानना है कि महिला की मौत हार्ट अटैक से भी हो सकती है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

एक नजर

शादी में जा रहे बाइक सवार पुलिया से टकराए, घायल

अजीतमल, औरैया। कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार शादी में जाते समय मुरादगंज के पास पुलिया से टकरा गया। हादसे में घायल तीनों लोगों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। रोहित पुत्र बेचेलाल, भुवनेश पुत्र भोले शंकर, पंकज पुत्र राम किशोर निवासी नगला झाल थाना एरवाकटरा बाइक से नगला झाल से मुरादगंज शादी समारोह में आ रहे थे। जुआ पुल से मुरादगंज रोड पर जाते समय पुलिया से टकरा गई।

व्यापारी के निधन पर कस्बे में शोक की लहर

अछल्दा। कस्बा के हरीगंज बाजार निवासी स्वर्णकार दिनेश पोरवाल उर्फ वकील साहब का रविवार सुबह अचानक देहांत हो गया। जिससे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

मुकेश बने सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

अछल्दा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने अछल्दा के साजनपुर निवासी मुकेश यादव उर्फ डाकुरे को समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए राष्ट्रीय सचिव नामित किया है।

सफाई कर्मचारियों का धरना आज

इटावा। पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत 19 फरवरी को सुबह दस बजे ग्रामीण सफाई कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होंगे और रैली के रुप में शास्त्री चौराहा होकर विकासभवन पहुंचेगे। वहां धरना प्रदर्शन करने के बाद बतीन बजे ज्ञापन डीपीआरओ को सौपेंगे।

गुजरे जमाने और भविष्य से रूबरू हुआ पंचनद का तट, दूसरे शहरों से भी आये लोग

बीहड़ सफारी के साथ चंबल साहित्य महोत्सव संपन्न

03 दिन तक चला शानदार चंबल साहित्य महोत्सव

16 फरवरी से शुरू हुआ चंबल साहित्य महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पंचनद चंबल लिटरेरी फेस्टिवल (चंबल साहित्य महोत्सव) का शानदार तरीके से समापन हो गया। 16 फरवरी से शुरू हुआ चंबल साहित्य महोत्सव तीन दिन तक चला। कई राज्यों से आये कवियों, साहित्यकारों, लेखकों, फिल्मकारों, अभिनेताओं और पत्रकारों, सामाजिक चिंतकों ने चंबल की तासीर को समझने की कोशिश की। आखिरी दिन हेरिटेज वाक (बीहड़ सफारी) कर ऊबड़ खाबड़ घाटी में कई किलोमीटर पैदल सफ़र कर चंबल की नब्ज़ को टटोला। इन तीन दिनों में हुए अलग अलग कार्यक्रमों में पंचनद का तट न सिर्फ गुजरे जमाने, बल्कि वर्तमान और भविष्य से भी रूबरू हुआ। बाहर से अतिथियों का पंचनद के किनारे ही पर्यटक टेंटों में रहने खाने का इंतेज़ाम किया गया।

चंबल साहित्य महोत्सव का आयोजन चंबल संग्रहालय और द ऐंट्स का संयुक्त तत्वावधान में हुआ। महोत्सव में चंबल के कल, आज और कल पर चर्चा हुई। किताबों के स्टॉल लगाये गए। साहित्य में बीहड़ और बीहड़ में साहित्य को लेकर चर्चा हुई। कई महत्त्वपूर्ण फिल्मों की स्क्रीनिंग और सांस्कृतिक संध्या के दौरान संगीत कार्यक्रम हुए। स्थानीय लोगों को चंबल से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज और डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं। हेरिटेज वाक भी हुई।

मेहमानों ने चंबल को पीले सोने का देश बताया। आखिरी दिन चंबल संग्रहालय पंचनद से चंबल आश्रम बिलौड तक बीहड़ सफारी का अद्भुत नजारा मेहमानों ने देखा। दुर्लभ जड़ी बूटियों, वनस्पतियों, बीहड़ों के किस्से-कहानियों, क्रान्तिकारियों की पनाहगाह ने आकर्षित किया। प्राकृतिक और एतिहासिक धरोहरों से परिचित कराया गया। चौरैला और बिलौड के बीच बीहड़ सफारी के दुर्गम और सुनसान रास्तों में जहां लोग जाने से खौफ खाते थे। इस चहलकदमी से गुलजार हो गया। जगम्मनपुर फोर्ट की भी सैर की गयी।

चंबल साहित्य महोत्सव में लेखक-फिल्मकार विद्या भूषण रावत, वरिष्ठ लेखक डॉ. रणधीर सिंह रूहल, कवि-संस्कृतिकर्मी राम जनम सिंह, साहित्यकर्मी डॉ. भगवान सिंह निरंजन, वरिष्ठ पत्रकार-फोटोग्राफर अनिल सिंदूर, सरोकारी वकील सूरज रेखा त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, वरिष्ठ कवि विजय सिंह पाल, क्रांतिकारी वंशज अजय पांडेय, वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रवीण परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार, कवि देवाशीष आर्य, इतिहासकार और शहीद वंशज देवेन्द्र सिंह चौहान, फिल्म अभिनेता आरिफ शहडोली, शोधार्थी और पत्रकार अजय शर्मा, शिक्षक धीरेन्द्र भदौरिया, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हिदायत, विचारक प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विनोद त्रिपाठी, संस्कृतिकर्मी प्रोफेसर मो. नईम, सामाजिक कार्यकत्री रिहाना मंसूरी, चर्चित शायर शफीकुर्रहमान कश्फी आदि मौजूद रहे।

चंबल में मौजूद बाहर से आये हुए लोग। अमृत विचार

पर्यावरण के अनुकूल महोत्सव का मंच

- चंबल साहित्य महोत्सव के संस्थापक दस्तावेजी लेखक डॉ. शाह आलम राणा ने बताया कि महोत्सव का मंच पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया था। तीन दिवसीय चंबल साहित्य उत्सव को सफल बनाने में सौरभ अवस्थी, खालिद नाईक, अमित शर्मा, सूरज सिंह कुशवाहा, रुद्र प्रताप सिंह राठौर, अजय कुमार आदि का प्रमुख योगदान रहा।

छत्रपति शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत

इटावा। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की इटावा इकाई ने छत्रपति शिवाजी की 393 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज के सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया। प्रो आर के अग्रवाल तथा रमाकांत शर्मा समेत उपस्थित अतिथियों ने शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डाला।

बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कविता पाठ तथा स्पीच बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत की गई। मंच का संचालन डा श्रीकांत वर्मा एवं डा ज्योति वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा मेरठ उमेश कुमार सिंह पटेल, कैलाश चंद्र उमराव, जे एन कटियार, संतोष सचान एवं अजय कटियार उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे हादसे मे डंपर चालक हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर रविवार की दोपहर डंपर ट्रक से टकराने के बाद बोलेरो से टकरा गया, जिससे डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल डंपर चालक को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की यूपीडा एंबुलेंस के माध्यम से औरैया सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों पैरों में गंभीर चोटें होने के कारण रेफर कर दिया।

जनपद इटावा थाना बराहार क्षेत्र के ग्राम जकरपुर समथर निवासी डंपर चालक संटू 23 वर्ष पुत्र प्रताप सिंह रविवार की दोपहर करीब सवा 12 बजे डंपर में मौरग लोड करके करहल मैनपुरी जा रहा था। जैसे ही डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे यमुना ब्रिज से पहले पॉइंट संख्या 229 के समीप पहुंचा उसी समय वह एक ट्रक से टकराने के बाद बोलेरो से टकरा गया। जिससे बोलोरो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं डंपर चालक संटू घायल हो गया। घायलावस्था में उसे यूपीडा एंबुलेंस के द्वारा औरैया के 50 शैया युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर घायल संटू के बहनोई के भाई सुभाष चंद्र अस्पताल पहुंच गये। इधर जिला अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक शत्रुघ्न ने बताया कि डंपर चालक का दाहिना पैर फैक्चर हो गया है, जबकि बायें पैर में भी काफी चोटे होने के कारण मिनी पीजीआई सैफई इटावा रेफर किया गया है।

घटतौली की आशंका से मिलेगा छुटकारा

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। इटावा खाद्य रसद विभाग के अभियंता सतीश शाक्य ने बताया कि जनपद भर के सभी 650 कोटा डीलरों की दुकानों पर घटतौली की आशंका से छुटकारा मिल जाएगा। पहले वाली मशीन में सिर्फ अंगूठा लगता था। कोटेदार अपने कांटे पर राशन तौल कर थामा देते थे। जिसमें कार्डधारकों को घटतौली की आशंका बनी रहती थी। कोटेदारों पर घटतौली के आरोप लगते रहते थे। इस मशीन के आ जाने के बाद किसी कार्डधारक को अब घटतौली जैसी समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। बल्कि अंगूठा लगाने के बाद मशीन से सही तौला गया राशन भी तुरंत उठाना पड़ेगा। अभियंता सतीश शाक्य के अनुसार इटावा जनपद की अभी तहसील इटावा, भरथना, जसवंतनगर, ताखा, सैंफई, चकरनगर, सहित सभी शहर कस्बा आदि विकास खंड क्षेत्रों के निर्धारित प्रत्येक कोटेदार को कांटा युक्त ई पॉस मशीन उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसकी सप्लाई प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर संबंधित आपूर्ति निरीक्षक के सुपुर्द करा दी गई है। जिसमें इटावा को 60, भरथना को 164 जिसमें भरथना कस्बा को 11, ग्रामीण क्षेत्र को 76, वकेबर को 4, और लखना की 3 मशीनें शामिल हैं। इसी क्रम में ताखा को 57, सैंफई को 53, चकरनगर को 50, आंशिक महेवा को 32, बढ़पुरा को 75, बसरेहर को 77, इकदिल कस्बा को 2, जसवंतनगर को 77, जसवंतनगर कस्बा को 7 सहित कुल 650 कांटायुक्त ई पॉस मशीनें संबंधित पूर्ति निरीक्षक और कोटा डीलरों की मौजूदगी में सभी तहसील मुख्यालय पर उपलब्ध करा दी गई हैं।

कोटेदारों को ई पॉस मशीनें भिजवाते अभियंता सतीश शाक्य। अमृत विचार

...ये अली के कारखाने की बनी तलवार है

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मौला अब्बास की पैदाइश पर हुई महफ़िल

अमृत विचार। कर्बला में वफादारी की मिसाल पेश करने वाले मौला अब्बास की पैदाइश की खुशी में दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर अली अब्बास सलमान और इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली पर सैयद अली साबिर की ओर से महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमे राहत हुसैन रिज़वी की ओर से अलम की ज़ियारत बरामद की गई।

महफ़िल में कलाम पेश करते हुए सलीम रज़ा ने कहा जहरा के लाडलों के अलावा किसी ने और, दरिया को प्यास प्यास को दरिया नहीं किया। तसलीम रज़ा ने कहा दीन की सदाक़त भी खत्म हो गई होती, जिंदगी बाकी है कर्बला के सदके में।तनवीर हसन ने कहा रब कहता है हुसैनी फ़ौज का सरदार है, ये अली के कारखाने की बनी तलवार है। नदीम अहमद ने कहा ये पासे वफादारी था हैदर के खून का, अब्बास ने हुसैन को तन्हा नहीं छोड़ा। अख्तर अब्बास मोंटू ने कहा ये पहला वाक्या ही नहीं आखिरी भी है, दरिया को एक प्यासे ने पानी पिला दिया। अली अब्बास सलमान ने कहा उम्र भर जिसने खुदा से नहीं मांगा कुछ भी, उसने अब्बास के आने की दुआ मांगी है। सफीर हैदर ने कहा जो है शब्बीर की कुव्वत अली को नाज है जिसपर, वफ़ा पढ़े जिसका कलमा उसे अब्बास कहते हैं। आसिफ रिज़वी अश्शू ने कहा पानी की बात क्या है उठा लाएगा फुरात, मिल जाये जरी को अगर इजाजत हुसैन की।

महफ़िल की अध्यक्षता करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मौला अली ने जिस तमन्ना के साथ खुदा से अब्बास को मांगा था उस अब्बास ने कर्बला में वफ़ा की मिसाल पेश की और अपने दोनों हाथ कटवा दिए। महफ़िल में हाजी कमर अब्बास नकवी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, मो. मियां, हसन अब्बास, दबीरुल हसन, इबाद रिज़वी, तहसीन रज़ा, मुशीर हैदर, अब्बास हैदर राजा, अयाज हुसैन, नफीसुल जैदी, शादाब हसन, राहिल सगीर, ताबिश रिज़वी, मो. जुनैद, शब्बर अक़ील, राशिद, जहूर नक़वी, आले रज़ा नक़वी, परवेज़ हसनैन, मो. आकिल, रज़ी हैदर, आसिम रिजवी, मिन्हाज, नक़ी रज़ा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

मां-बाप को तकलीफ देने वाले की बख्शीश नहीं : मौलाना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। मदरसा वारसिया तालीमुल कुरान कटरा साहब खां में जलसा-ए -दस्तार हिफ्ज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को कारी मारिफ रज़ा ने कुरान की तिलावत से शुरू किया। मदरसे के दो बच्चों ने कलाम पाक हिफ्ज करके मदरसे का नाम रोशन किया। मदरसे से 52 बच्चे कलाम पाक हिफ्ज कर चुके हैं।

फफूंद शरीफ से आए अल्लामा सैयद मोहम्मद मज़हर मियां चिश्ती ने बयान करते हुए कहा मां बाप को तकलीफ पहुंचाने वाली की बख्शीश नहीं होगी उन्होंने कहा शबे कदर की रात आ रही है लोग मोटरसाइकिलों से घूमते फिरते हैं इससे बेहतर है कि अपने मां-बाप से माफी मांगे अगर मां-बाप ने माफ कर दिया तो आपकी बख्शीश हो जाएगी। उन्होंने कहा नमाज़ पढ़ने का सही तरीका सीखो नमाज में खड़े हो तो यह तसव्वुर करो की अल्लाह हमें देख रहा है हम अल्लाह को देख रहे हैं। खिताब के बाद हाफ़िज़ फैजल खां नोरंगाबाद, हाफ़िज़ मोहम्मद आसिफ आजाद नगर नई बस्ती ने दोनों बच्चों को पगड़ी पहनाई। मस्जिद पंजाबियान के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने बच्चों को मेहनत और लगन से तालीम हासिल करने की नसीहत की नमाज़ रोजा व हज के लिए लोगों को प्रेरणा दी। इस मौके पर मौलाना अशफाक आलम, मौलाना नाजिम रजा, मौलाना जहांगीर अशरफ रजवी आदि रहे।

अन्हैया नदी की सफाई न होने का मुद्दा किसान पंचायत में गूंजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) इटावा की मासिक पंचायत ग्राम मूंज चौपुला में आयोजित की गई। जिसमें अन्हैया नदी से किसानों की होने वाली समस्या पर विचार किया गया। किसान संगठन कई बार इस मुद्दे को उठा चुके हैं। मुद्दा यह है कि अन्हैया नदी की कई सालों से सफाई नहीं की गई है। गहरी खुदाई ना होने के कारण बरसात के दिनों में नदी का फैलाव कई किलोमीटर में हो जाता है। जिससे किसानों की धान की फसल जलमग्न होकर पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। इस मुद्दे के साथ 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। पुलिस भर्ती परीक्षा में जिले के वरिष्ठ अधिकारी व्यस्त होने के कारण नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया।

पंचायत की अध्यक्षता मुहरमन सिंह शाक्य ने तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार (राजू) ने किया। पंचायत में अध्यक्ष मानव कल्याण समिति सिपाही राम यादव, चौधरी सुरेन्द्र सिंह, चौधरी राजेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव अनिल यादव, जिला अध्यक्ष मन्नू सिंह, युवा जिलाध्यक्ष संजेश यादव, जिला महासचिव कृष्ण पाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुशील कुमार, मंडल उपाध्यक्ष उपदेश कुमार, मंडल सचिव कायम सिंह, शैलेन्द्र कुमार, ब्लाक अध्यक्ष बसरेहर उदयवीर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष बढ़पुरा सुधीर कुमार, रमेश पाल, बंगाली बाबू, जगराम सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

ग्राम मूंज में चौपाल में भाग लेते भाकियू के पदाधिकारी एवं किसान। अमृत विचार

वर्ग पहेली-347

बाएं से दाएं

1.1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4.1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5.1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6.1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2.1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3.1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5.1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।



वर्ग पहेली - 346 का हल

		1 न			2 क
3 अ	ल	गा	गु	जा	री
		धि			ल
4 ज	ठ	रा	म	य	
ग		ज			
झं			5 का	रं	ड
6 प	र	बा	बा		

सुडोकू-64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			2			7		4
4				7			5	
			1		3			8
		5		3			8	
	4					2		
	3			9		1		
3			9		4			
	2	4		6				9
6					7			

सुडोकू - 63 का हल

4	1	3	7	6	8	9	5	2
9	7	2	4	3	5	1	8	6
5	6	8	9	2	1	3	4	7
1	2	6	8	7	4	5	9	3
7	4	9	5	1	3	6	2	8
8	3	5	2	9	6	7	1	4
6	9	7	1	4	2	8	3	5
2	8	1	3	5	7	4	6	9
3	5	4	6	8	9	2	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08.49 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 10.33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

वृष — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

मिथुन — आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

कर्क — आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

सिंह — आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कन्या — आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

तुला — आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।

धनु — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

मकर — आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

मीन — आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — सुबह : 10.00
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
- सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 09.00
- पटेल की पंजाबी शादी — रात : 09.00

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 09.40
- व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06.37

ZEE CINEMA
- दीवाना मस्ताना — सुबह : 10.30
- दिल धड़कने दो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- चलते चलते — सुबह : 12.29
- भागम भाग — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

ट्यूलिप फेस्टिवल का लिया आनंद...

नई दिल्ली के शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में आयोजित दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल के दौरान आगंतुकों ने वहां पहुंचकर मनमोहक फूलों का नजारा देखा। इस दौरान लोगों ने ट्यूलिप के फूलों के बीच बैठकर अपनी तस्वीरें भी लीं। ● एजेंसी

शरद पवार की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सोलह फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राकांपा है। निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया था। जिसके बाद से शरद पवार का गुट आयोग के फैसले के खिलाफ है।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तहत 'इंडी गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपाः देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी

आलोचना की। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी पार्टियों की भरमार है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की स्थापना का संकेत

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है-अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। कहा गया-श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है।

उन्होंने सोनिया गांधी, शरद पवार, लालू प्रसाद और एम.के. स्टालिन एवं अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं। बैठक में मोदी-मोदी के नारे के बीच उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ परिवारवादी पार्टियों के सभी 'राजकुमार' एक साथ आ गए हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि केवल शक्तिशाली परिवार से ही कोई व्यक्ति इस शीर्ष पद पर आसीन हो सकता है।

एक नजर

5.5 लाख की मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5.50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया-हमने आरोपी के पास से 5.50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

कश्मीर, लद्दाख में तैनात होंगी 700 कंपनियां

जम्मू। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा बलों की लगभग 700 कंपनियां तैनात की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल (920 कंपनियां) के बाद अर्धसैनिक बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की 635 कंपनियां तैनात की जाएंगी और लद्दाख में यह संख्या 57 होगी।

बंगाल सरकार के तीन मंत्री लोगों की शिकायतें जानने के लिए संदेशखालि पहुंचे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखालि पहुंचे। संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है। मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे।

दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश

त्रिपुरा में सामने आया मामला

गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा-मैं मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी।

मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे से भटककर राजनीति करने का कोई इरादा नहीं

वायनाड (केरल). एजेंसी

जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो जाने को लेकर यहां हुए हिंसक प्रदर्शनों के एक दिन बाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मृतकों के परिजनों को बिना देर किए मुआवजा देने का आग्रह किया। राहुल वायनाड संसदीय सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वाराणसी में अचानक बीच में ही छोड़कर यहां पहुंचे थे। कलपेट्टा में जिले के अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

हालांकि, राहुल ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया और कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इससे पहले दिन में, उन्होंने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में जान गंवाने वाले अजी, पॉल और

● भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर राहुल गांधी ने वायनाड पहुंकर स्थिति की समीक्षा की

प्रजीश नाम के व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। पॉल की बेटी सोना ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे और वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की आवश्यकता पर गौर करेंगे। अजी की बेटी अलना ने भी इस पर्वतीय जिले में मेडिकल उपचार को बेहतर करने की तात्कालिकता पर समान विचार व्यक्त किए। वहीं, बाघ के हमले में जान गंवाने वाले प्रजीश के भाई मजीश ने राहुल से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर करने का अनुराध किया ताकि लोग आपात स्थिति में शीघ्रता से अस्पताल पहुंच सकें। बैठक का ब्योरा देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है।

अटकलों के बीच कमलनाथ के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक

● कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था

विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा-हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा-मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो।

मुझे नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे: दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के कमल के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्हें नहीं लगता कि श्री कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि श्री कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरूआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे। केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। श्री सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस तरह "ईडी, आईटी और सीबीआई" का दबाव सब पर है, वो उन पर (कमलनाथ पर) भी है। लेकिन श्री कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं रहा है।

सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 2022 में एक विरोध मार्च के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को रद करने की अर्जी खारिज करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सिद्धरमैया ने उच्च न्यायालय के छह फरवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन पर और कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों - एमबी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था और उन्हें छह मार्च को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.5 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घटकर 47.74 अरब डॉलर रह गया है।

2 दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 से

भोपाल। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा 2 दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने सबका ध्यान खींचा

प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले-हर उद्यमी को नियामकीय अनुपालन का ध्यान देना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने साक्षात्कार में कहा-पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा-यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा-मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है।

भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र: राजीव चंद्रशेखर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है। चंद्रशेखर ने कहा-मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे।

वित्तीय संस्थानों के भरोसे के बीच रियल्टी धारणा सूचकांक चढ़ा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थानों को अगले छह महीनों के दौरान संपत्ति बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद है। नाइट फ्रैंक और नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि उच्च मांग की मौजूदा रफ्तार बनी रहेगी। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने रविवार को 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के लिए रियल्टी धारणा सूचकांक का 39वां संस्करण जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय धारणा सूचकांक आशावादी क्षेत्र में बना हुआ है, और यह 2023 की तीसरी तिमाही में 59 से बढ़कर चौथी तिमाही में 69 अंक पर पहुंच गया। धारणा सूचकांक डेवलपर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

बीते साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा

● एनारॉक ने देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में जारी की रिपोर्ट

हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा-साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी। पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बने थे। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ।

सीबीआईसी ने तस्करी की जानकारी देने के दिशा निर्देशों में संशोधन किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी (रिपोर्टिंग) देने से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधिन किया है। इस कदम का मकसद 'सिंडिकेट' द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है। सीबीआईसी की ओर से निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या यदा-कदा ही साझा की जा रही है।

एसईजेड इकाइयों को भी मिलेगा करों की छूट योजना का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यातोंन्मुख इकाइयों (ईओयू) में परिचालन करने वाली इकाइयों के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी) के लाभ का विस्तार करने का फैसला किया है।

इस निर्णय के बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) को 16 फरवरी को सूचित किया गया। डीजीएफटी जल्द ही इस मुद्दे पर विदेश व्यापार नीति में संशोधन के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एसईजेड में भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे (आइसगेट) को लागू करने के बाद आरओडीटीईपी योजना को विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने अगस्त, 2021 में कुल 8,555 उत्पादों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत कर रिफंड की दरों की घोषणा की थी। चूंकि उस समय अधिसूचित सूची में एसईजेड और ईओयू को योजना से बाहर रखा गया था, इसलिए उद्योग उन्हें योजना में शामिल करने की मांग कर रहा था।

हाइब्रिड म्युचुअल फंड जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए।

एफपीआई ने अब तक 3,776 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने

● इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंची

इस महीने अब तक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे।

खेल डायरी

घरेलू क्रिकेट में खुद को करना होगा साबित: जय

मुम्बई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने खिलाड़ियों को लिखे पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' चिंता का कारण है। कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है। यह एक प्रवृत्ति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। उन्होंने कहा कि इसको समझना बहुत आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा।

अर्जेंटीना ओपन: अल्कराज को हराकर जैरी फाइनल में

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। चिली के निकोलस जैरी ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जेरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज़ अकोस्टा से होगा। पिछली बार के विजेता अल्कराज़ ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज़ अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया।

तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी

नई दिल्ली। करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से दी मात

भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

214 रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

557 रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

122 रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	214	236	14/12
रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट	19	28	3/0
शुभमन गिल रन आउट	91	151	9/2
रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले	00	10	0/0
कुलदीप यादव का रूट बो रेहान	27	91	3/1
सरफराज खान नाबाद	68	72	6/3

अतिरिक्त : 11, **विकेट पतन :** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी :** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह	11	26	2/0
बेन डकेट रन आउट	04	15	0/0
ओली पोप का शर्मा बो जडेजा	03	14	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	07	40	1/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा	04	03	1/0
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	15	39	1/0
बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा	16	39	2/0
रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप	00	05	0/0
टॉम हार्टले बो अश्विन	16	36	2/1
मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा	33	15	6/1
जेम्स एंडरसन नाबाद	01	09	0/0

अतिरिक्त : 12, **विकेट पतन :** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12.4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

राजकोट, एजेंसी। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24.3.2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेगे।

टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

राजकोट। करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और रविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

रणजी ट्राफी

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

बॉलीवुड हलचल

'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा

मुंबई, एजेंसी। जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा

मुंबई, एजेंसी। टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

मनीला। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

मॉस्को। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

कोयंबटूर। तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

कोपेनहेगन : डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

राफा, एजेंसी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति -2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

लाहौर/कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।

सुविधा

ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

लंदन एजेंसी

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

भूराजनीतिक टकराव

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

सोल, एजेंसी

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

वाशिंगटन, एजेंसी। यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

एयर शो

आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

सिंगापुर एजेंसी

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान

मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।

मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। ● एजेंसी

संबंध

जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

म्यूनिख। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।

कवायद | सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्तओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर

हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।